खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक शांति बल्कि अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति बाधित होने की आशंका और बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं, लेकिन अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और इसके साथ राहत के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। एक जुलाई से लागू हुए कई बदलाव यह भरोसा दिलाते हैं कि संकट के बाद बेहतर दौर की शुरुआत संभव है। इसे तनाव के बाद राहतों की नई शुरुआत माना जा रहा है। सबसे बड़ी राहत ऊर्जा क्षेत्र से मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटकर करीब 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। इसका असर भारत में भी दिखाई देने लगा है। निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। यह केवल कीमतों में कमी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि वैश्विक परिस्थितियां सामान्य होने का लाभ अब आम उपभोक्ता तक पहुंचने लगा है। अब उम्मीद की जा सकती है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह नियंत्रित रहीं तो अन्य तेल कंपनियां भी जल्द राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। महंगाई पर नियंत्रण की दिशा में एक और सकारात्मक खबर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन 180 रुपये की कमी है। इससे होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों की लागत घटेगी। यदि यह लाभ ग्राहकों तक पहुंचता है तो बाहर खाना, छोटी-बड़ी कैटरिंग और कई सेवाएं अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। डीजल भरवाने की दैनिक सीमा हटने से परिवहन और उद्योग जगत को भी राहत मिलेगी, जिससे माल ढुलाई सुचारू होगी और बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर बनेगी। इसी बीच प्रकृति ने भी राहत का संदेश दिया है। मानसून ने देश के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे दी है। अच्छी बारिश किसानों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आती है। खेतों में हरियाली बढ़ती है, फसल की उम्मीद मजबूत होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। कृषि उत्पादन अच्छा रहने पर खाद्य महंगाई पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। ऐसे में बारिश और ईंधन क्षेत्र से मिली राहत मिलकर अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माहौल तैयार कर सकती है। हालांकि पासपोर्ट शुल्क में बढ़ोतरी और बिना टिकट यात्रा पर जुर्माना बढ़ना कुछ लोगों की जेब पर असर जरूर डालेगा, लेकिन व्यापक तस्वीर देखें तो एक जुलाई कई ऐसे बदलाव लेकर आया है जो अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन में सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। संकट के दौर के बाद ऐसे छोटे-छोटे कदम ही लोगों में विश्वास जगाते हैं कि हालात सुधर रहे हैं। भारत ने हमेशा कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य और संतुलन से किया है। आज भी दुनिया जब भू-राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब राहत के ये संकेत केवल आर्थिक आंकड़े नहीं, बल्कि उम्मीद के प्रतीक हैं। यदि वैश्विक शांति बनी रहती है, कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित रहती हैं और मानसून अनुकूल रहता है, तो आने वाले महीनों में महंगाई पर और लगाम लग सकती है तथा आर्थिक गतिविधियां नई रफ्तार पकड़ सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यदि ईंधन की कीमतों में और कमी आती है, महंगाई नियंत्रित रहती है और कृषि उत्पादन बेहतर होता है, तो यह केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती की नई शुरुआत साबित हो सकती है। आखिरकार किसी भी नीति की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि उसका लाभ आम आदमी की थाली, जेब और जीवन में कितना दिखाई देता है।

कोर्ट का फैसला

प्रमोद भार्गव

इस्लाम धर्म अपनाने पर आरक्षण नहीं

उच्च न्यायालय मद्रास ने तमिलनाडु सरकार के उस अहम आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत हिंदू धर्म के पिछड़े, अति पिछड़े या अनुसूचित जाति वर्ग के लोग इस्लाम अपनाने के बाद भी 'पिछड़े वर्ग मुस्लिम' का जाति प्रमाण पत्र ले सकते थे। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण पा लेने की इस सुविधा को न्यायालय ने दो टूक शब्दों में असंवैधानिक माना है। अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है।

हमारी राय में कुछ मुस्लिम समुदायों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा मानना कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। दरअसल इस्लाम एक ऐसा समाज बनाना चाहता है, जिसमें सब का दर्जा एक समान रहे। यह ऐतिहासिक फैसला न्यायामूर्ति जीआर स्वामीनाथन और पीबी बालाजी की पीठ ले दिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने तमिलनाडु सरकार के तीन मार्च 2024 के आदेश को आधार बनाया था। इसमें आरक्षित श्रेणियों से धर्मांतरित लोगों को तमिलनाडु में अधिसूचित सात पिछड़े वर्ग के मुस्लिम समूहों में से एक से संबंधित होने का सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता था। सरकार ने अपने आदेश में यह प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग या डी-नोटिफाइड समुदायों से आने वाले व्यक्ति यदि इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की क्षेणी में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। इस सिलसिले में सरकार का तर्क था कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे और सामाजिक संतुलन बना रहेगा, किंतु अदालत ने कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन है। इसी से मिलती-जुलती प्रकृति के एक एक मामले में फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण के लाभ हेतु किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है। सी सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए, मद्रास उच्च न्यायालय के 24 नवंबर के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था, लेकिन इस पीठ ने फैसले में साफ किया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों और धर्म आधारित आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। यदि धर्म परिवर्तन का मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने की बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत इच्छा रखने वाले लोगों को आरक्षण

का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक व्यवहार को क्षति पहुंचेगी। बावजूद सेल्वरानी हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र मांगती है, तब यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है। साफ है, वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान नहीं बनाए रख सकती हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है, परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केंद्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं।

संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकारता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिन्दू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अनुसूचित जातियों के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बने अनुसूचित जाति के लोग केवल नौकरी के लिए फिर से धर्म परिवर्तन कर हिंदू नहीं बन सकते हैं। यह उपाय आरक्षण के मूल उद्देश्य के विरुद्ध होने के साथ संविधान के साथ धोखाधड़ी है। यह उपाय आरक्षण नीति के मौलिक समाजिक लक्ष्यों को कमजोर करता है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

मंथन

ममता कुशवाहा

आराम की दौड़ में आखिर सुरक्षा से समझौता क्यों

नोएडा के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में हाल ही में एयर कंडीशनर (एसी) में हुए विस्फोट से लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आधुनिक सुविधाएं यदि सावधानी के साथ न अपनाई जाएं तो वही जीवन के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग पर काबू पाने में दमकल विभाग को कई घंटे लग गए। इससे पहले भी देश के विभिन्न शहरों में एसी फटने या उसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन हादसों ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल तकनीक पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित उपयोग और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था पर भी उतना ही ध्यान देना आवश्यक है। भीषण गर्मी के इस दौर में एयर कंडीशनर अब केवल विलासिता का साधन नहीं रह गया है। पहले जहां एसी केवल बड़े घरों, कार्यालयों या होटलों तक सीमित था, वहीं आज मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों में भी यह आम जरूरत बन चुका है। लगातार बढ़ते तापमान और बदलती जीवनशैली ने एसी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बना दिया है। लेकिन सुविधा का यह साधन तभी तक उपयोगी है, जब तक उसका उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए। जैसे-जैसे एसी का उपयोग बढ़ा है, वैसे-वैसे उससे जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें तकनीकी खामियां, घटिया गुणवत्ता वाले उपकरण, अपर्याप्त रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। यदि समय-समय पर प्रशिक्षित तकनीशियन से एसी की जांच कराई जाए, गैस का स्तर देखा जाए और बिजली की वायरिंग की स्थिति पर ध्यान दिया जाए, तो अधिकांश हादसों को रोका जा सकता है। बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे एक और चिंता का विषय बाजार में उपलब्ध निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कई कंपनियां कम कीमत पर उपकरण बेचने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर लेती हैं। दूसरी ओर उपभोक्ता भी कम कीमत के लालच में बिना प्रमाणित उत्पाद खरीद लेते हैं। ऐसे उपकरणों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता और उनमें प्रयुक्त पुर्जे भी टिकाऊ नहीं होते। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी तकनीकी खराबी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इसलिए उपभोक्ताओं को हमेशा प्रमाणित और भरोसेमंद कंपनियों के उत्पाद ही खरीदने चाहिए। यह समस्या केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी विकास और भवन निर्माण व्यवस्था से भी जुड़ी हुई है। आज महानगरों में ऊंची-ऊंची इमारतें तेजी से बन रही हैं, लेकिन उनमें अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन हमेशा संतोषजनक नहीं होता। परिणामस्वरूप छोटी-सी आग भी भयावह रूप धारण कर लेती है। दमकल विभाग की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। देश के अनेक शहरों में संसाधनों और आधुनिक उपकरणों का अभाव है। ऊंची इमारतों तक पहुंचने वाली हाइड्रोलिक सीढ़ियां और उच्च क्षमता वाले अग्निशमन उपकरण पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। कई बार संकरी सड़कें, अवैध पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात भी दमकल वाहनों के समय पर पहुंचने में बाधा बन जाते हैं। ऐसे में आग पर नियंत्रण पाने में देरी होती है और नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन भी इस समस्या को और गंभीर बना रहा है।

हर वर्ष तापमान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे एसी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ने से विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कई क्षेत्रों में पुरानी वायरिंग और ओवरलोड ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा देते हैं। इसलिए ऊर्जा अवसंरचना को भी समय के अनुरूप आधुनिक बनाना आवश्यक है, ताकि बढ़ती जरूरतों को सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। वास्तव में आधुनिक तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल और आरामदायक बनाना है, न कि उसे संकट में डालना। इसलिए सुविधा और सुरक्षा का संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नोएडा जैसी घटनाएं केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि चेतावनी हैं कि यदि हम अभी भी नहीं चेते तो भविष्य में ऐसे हादसे और बढ़ सकते हैं। सरकार को सुरक्षा मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा, भवन निर्माताओं को अग्नि सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, कंपनियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने होंगे और नागरिकों को जिम्मेदार उपभोक्ता बनना होगा। जब तकनीक के साथ सतर्कता, गुणवत्ता के साथ जिम्मेदारी और सुविधा के साथ सुरक्षा भी जुड़ जाएगी, तभी आधुनिक जीवन वास्तव में सुरक्षित, सुखद और विश्वासपूर्ण बन सकेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

भक्ति करने का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुख नहीं आएंगे

संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

अंतर्मन

आज की पाती

साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

– मनीष अग्रवाल, धमतरी

ट्रेंड

विजया मेहता को श्रद्धांजलि

दिग्गज अभिनेत्री और थिएटर डायरेक्टर विजया मेहता के निधन की खबर दिल तोड़ने वाली है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। विजया ताई ने कई नाटकों और फिल्मों के जरिए अहम योगदान दिया।

- **नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

इजराइल दौरा

हम इजराइल के रणनीतिक दायरे में और गहरे धंसते जा रहे हैं, जबकि दुनिया उससे तेजी से दूर हो रही है। प्रधानमंत्री का इजराइल दौरा एक हैरान करने वाले रणनीतिक फैसले के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

नई ईवी पॉलिसी

दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी को आधिकारिक तौर पर गैजेट में नोटिफाई कर दिया गया है और यह अब लागू हो गई है। आज से, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने वालों को 30,000, थ्री-व्हीलर को 50,000 और एन1 कैटेगरी के हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 1 लाख की सब्सिडी मिलेगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

विकास का अगला चरण

इस साल असम में बिजली की अधिकतम मांग के 3,000 एमडब्ल्यू से ज़्यादा होने की उम्मीद है, इसलिए हम राज्य को बिजली के मामले में सरप्लस बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम असम को विकास के अगले चरण के लिए तैयार कर रहे हैं।

- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

करंट अफेयर

अमेरिकी डाक सेवा दिवाली पर जारी करेगी डाक टिकट

अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) ने दिवाली के त्योहार पर आधारित एक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। यह टिकट इस वर्ष के अंत में जारी किया जाएगा। दिवाली के इस डाक टिकट पर ह्यूस्टन की कलाकार संगीता भूटाडा द्वारा बनाई गई रंगोली की आकृति है जिसकी तस्वीर बिनय दीक्षित ने ली थी। यूएसपीएस ने कहा कि रंगोली फर्श पर की जाने वाली एक खूबसूरत कलाकारी है जिसे पारंपरिक रूप से चावल के रंगीन पाउडर, चॉक और फूलों की पंखुड़ियों जैसी सामग्री से बनाया जाता है तथा इसे शुभ माना जाता है। यूएसपीएस के अनुसार, भूटाडा मूल रूप से भारत की रहने वाली हैं और लंबे समय से ह्यूस्टन क्षेत्र में रह रही हैं। वह करीब 30 वर्षों से रंगोली की प्राचीन लोककला से जुड़ी हुई हैं। इस डाक टिकट को जेनिफर अर्नोल्ड ने डिजाइन किया है और विलियम जे. गिकर इसके कला निदेशक हैं। यूएसपीएस ने बताया कि दिवाली पर आधारित यह डाक टिकट अक्टूबर में जारी किया जाएगा। यूएसपीएस ने कहा, 'हिंदू पंचांग के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में शामिल दिवाली हर वर्ष शरद ऋतु में मनाई जाती है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली आमतौर पर पांच दिन तक मनाई जाती है। वर्ष 2026 में त्योहार का मुख्य दिन आठ नवंबर को होगा।'

ऑफ बीट

कैसे साफ किया जा सकता है अंतरिक्ष में मौजूद कचरा

सत्तर साल पहले पृथ्वी का सिर्फ एक ही प्राकृतिक उपग्रह था-चंद्रमा। आज पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों की संख्या 15,000 से अधिक हो चुकी है, जिनमें से लगभग

10,000 एलन मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' के हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की योजना 10 लाख और उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की है। इनमें से प्रत्येक की लंबाई लगभग 70 मीटर और चौड़ाई करीब 20 मीटर होगी तथा ये मिलकर अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों के रूप में काम करने वाला एक विशाल उपग्रह समूह बनाएंगे। अंतरिक्ष कचरे से आशय पृथ्वी की कक्षा में मौजूद उन सभी वस्तुओं से है, जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया है। इनमें इस्तेमाल हो चुके रॉकेट के हिस्से, निष्क्रिय या क्षतिग्रस्त उपग्रह तथा अति सूक्ष्म कण भी शामिल हैं। वर्तमान में पृथ्वी की कक्षा में 10 सेंटीमीटर से बड़े कचरे के करीब 36,000 टुकड़े हैं, जबकि इससे छोटे कणों की संख्या करोड़ों में है। अनुमान है कि इस पूरे मलबे का कुल वजन 13,486 टन है। इस मलबे में सबसे बड़ा योगदान अमेरिका, रूस और चीन का है। अंतरिक्ष मलबा इसलिए बेहद खतरनाक है क्योंकि यह लगभग सात किलोमीटर प्रति सैकंड की औसत गति से पृथ्वी की निचली कक्षा में घूम रहा होता है। इतनी तेज गति से होने वाली एक टक्कर किसी उपग्रह को पूरी तरह तोड़ सकती है तथा उससे और भी अधिक अंतरिक्ष मलबा पैदा हो सकता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हिन्दुस्तान
1936 सत्य • सार्थक • सदैव

घटती कीमतें

अमेरिका-ईरान युद्ध के तनाव में कमी आने के बाद पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में गिरावट शुरू होना स्वाभाविक है। तनाव कम होने से भारत में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 180 रुपये से अधिक की कमी आई है। होटलों और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाली वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में बुधवार को वाजिब कटौती की गई है। यह इस साल की पहली कटौती है, इसके बाद वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 2,930 रुपये हो गई है। कीमतें और कम होने की गुंजाइश है, क्योंकि फरवरी में इस सिलेंडर की कीमत 1,907 रुपये थी। जेट या विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन की कीमत में भी प्रति लीटर पांच रुपये की कमी की गई है, यहां भी और कमी की गुंजाइश है। सामान्य पेट्रोल या डीजल की कीमतों में कमी करने में निजी कंपनी नायरा ने बाजी मार ली है। करीब 7,000 पेट्रोल पंप वाली भारत की सबसे बड़ी निजी ईंधन विक्रेता कंपनी नायरा एनर्जी ने बुधवार को पेट्रोल में पांच रुपये प्रति लीटर व डीजल में तीन रुपये लीटर की कटौती कर जरूरी राहत दी है।

वैसे, मार्च में अमेरिका-ईरान युद्ध के चरम पर पहुंचते ही नायरा ने ही भारत में तेल की कीमतों में सबसे पहले इजाफा किया था। अब नायरा की ताजा पहल से सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन विक्रेता कंपनियों पर भी कीमतों को घटाने के लिए स्वाभाविक दबाव पड़ रहा है। हालांकि, कीमतों को घटाना आसान नहीं है। भारतीय सार्वजनिक पेट्रालियम कंपनियां फिलहाल अपने घाटे को दूर करने में लगी हैं। यह बात सही है कि भारत में बहुत देर से कीमतों में वृद्धि की गई थी। भारत ऐसे विरल देशों में शुमार था, जहां सामान्य पेट्रोल, डीजल को महंगा नहीं किया गया था। बाद में वृद्धि तब की गई, जब दुनिया के अनेक देश कीमतों में कटौती कर रहे थे। चीन ने तो अप्रैल में ही कीमतों को घटाना शुरू कर दिया था। यह सही है कि विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। ईरान ने भी आपूर्ति बढ़ाई है और रूस ने भी निर्यात में इजाफा किया है। इन दोनों ही देशों को धन की बहुत जरूरत है। हालांकि, यहां से कच्चे तेल की कीमतों में और कमी नहीं आएगी। 28 फरवरी को जब ईरान पर हमला हुआ था, उससे पहले विश्व बाजार में तेल की कीमत 68 डॉलर प्रति बैरल थी और कीमतें एक समय 100 डॉलर के पार चली गई थीं। अतः अब सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों में भी कीमतों को घटाने की मांग हो रही है।

भारत की सबसे बड़ी निजी ईंधन विक्रेता कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमतों में सबसे पहले इजाफा किया था और अब उसी ने कीमतों को सबसे पहले घटाया है।

अमेरिका में तो स्वयं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल कंपनियों को कीमत में कटौती के लिए एक तरह से धमकाया है। एक समय अमेरिका में तेल की कीमत 4.48 डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई थी और अब वहां कंपनियों ने कीमतों में कमी की है, कीमतें 3.86 डॉलर पर आ गई हैं, जबकि ट्रंप ने कंपनियों से कहा है कि कीमत को 2.50 डॉलर पर लाया जाए। वैसे, युद्ध से पहले अमेरिका में कीमत 2.98 डॉलर थी। व्यावसायिक दुनिया में आमतौर पर यही होता है, पेट्रोलियम कंपनियां कीमतों में इजाफा तो कर देती हैं, लेकिन कीमतों को घटाने में उन्हें बहुत जोर आता है। भारत की जहां तक बात है, पेट्रोल की कीमतों को फिर 100 रुपये के नीचे लाना अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है। ध्यान रहे युद्ध से पहले फरवरी के महीने में भारत में महंगाई दर 3 प्रतिशत से भी नीचे थी, लेकिन मई में 4 प्रतिशत के पार बढ़ने लगी थी। जुलाई और अगस्त के लिए तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही थीं, पर अब राहत का एहसास हो रहा है। अब अगर पेट्रोल, गैस की कीमतों में जरूरी कमी की जाएगी, तब व्यापकता में आम लोग महंगाई से राहत महसूस करेंगे।

हिन्दुस्तान Hindustan | **75 साल पहले** 02 जुलाई, 1951

फलदार पेड़ लगाएं

भारत सरकार के खाद्य-मंत्री श्री कन्हैयालाल माणिक लाल मुन्शी ने द्वितीय वन-महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाने की देशवासियों से अपील की है। हम बिना किसी संकोच के इस अपील का समर्थन करते हैं। आज से ही यह उत्सव प्रारंभ हो रहा है और 15 अगस्त तक इसे जारी रखना होगा। इस उत्सव का मुख्य लक्ष्य यह है कि देश में कम से कम तीन करोड़ नये वृक्षों का रोपण किया जाये। उनमें से कम से कम एक करोड़ फलों के वृक्ष होने चाहिए। वृक्षों के रोपण के लिए वर्षा का मौसम सबसे अधिक उपयुक्त होता है और इसीलिए यह समय इस उत्सव के लिए चुना गया है। गत वर्ष भी देश में वन-महोत्सव मनाया गया था और तीन करोड़ वृक्ष लगाये गये थे। उनमें से एक करोड़ पौधे सुरक्षित रह सके हैं। यदि ये अंक सही हैं, तो मानना होगा कि गत वर्ष का प्रयास बड़ी हद तक सफल रहा। उत्सव का लक्ष्य समाज में एक विशेष भावना जागृत करना होता है। लोगों का ध्यान एक विषय पर केंद्रित हो जाता है। इस दृष्टि से वृक्षारोपण के प्रदर्शनों का महत्व है। उन्हें अर्थहीन नहीं समझा जा सकता। किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि वृक्षारोपण के प्रदर्शन के साथ ही हमारे कर्तव्य की इतिश्री न हो जाये। जो नये वृक्ष लगाये जायें, उनके संवर्द्धन के लिए दीर्घ प्रयत्नों की आवश्यकता होती है।

अतः वृक्षारोपण के लिए लोगों में क्षणिक जोश उत्पन्न होना ही काफी नहीं होगा, बल्कि हमारा वन महोत्सव मनाना उसी अवस्था में सार्थक होगा, जब रोपित वृक्षों के नन्हे पौधों को हम अपनी सतत देख-भाल द्वारा अपने पांवों पर खड़ा कर दें। जब हम ऐसा करने लगेंगे, तो फिर उस आरोप के लिए कोई स्थान नहीं रह जायेगा कि वन-महोत्सव के पीछे कोरी प्रदर्शन भावना है। उस दशा में हम वन-महोत्सव को ठोस आधार प्रदान कर देंगे।

हमें अपने देश को अन्न स्वावलंबी बनाना है। भारत सरकार ने तो अपना यह लक्ष्य स्थिर कर लिया था कि वह मार्च 1952 के बाद विदेश से अन्न का आयात नहीं करेगी। विदेश से अन्न का आयात वह उत्तरोत्तर कम करती जा रही है, किन्तु प्रकृति ने अचानक हमारी योजनाओं को व्यर्थ कर दिया। अनावृष्टि और अतिवृष्टि ने देश के कुछ भागों में अन्न की फसलों को चौपट कर दिया और हमें अन्न के लिए विदेश के द्वार खटखटाने पड़े।

ढाका को हमारी चिंताएं समझनी होंगी

बांग्लादेश की नई राजनीति पर नजरें टिकी हुई हैं। भारत नहीं चाहता कि उसके पूर्वोत्तर राज्यों के आसपास चीन को ऐसी भू-रणनीतिक पकड़ मिले, जिसका कभी सामरिक रूप में इस्तेमाल हो।

यहां स्कैन करें

संजय कुमार भारद्वाज | प्रोफेसर, जेएनयू, दिल्ली

फरवरी 2026 में बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने के बाद तारिक रहमान ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए मलेशिया और चीन को चुना। पहले वह मलेशिया गए, इसके बाद वह चीन पहुंचे। रहमान का यह चयन तीन राजनीतिक परिस्थितियों से जुड़ा है। पहली, बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन; दूसरी, मुखर भारत-विरोधी भावनाएं; और तीसरी, अवामी लीग की राजनीति से खुद को अलग दिखाने की परंपरागत नीति।

सत्तारूढ़ बीएनपी की विदेश नीति पहले से इस्लामी जगत व चीन के करीब रही है। भारत सरकार ने फरवरी में ही प्रधानमंत्री रहमान को नई दिल्ली आने का निमंत्रण दिया था, लेकिन बीजिंग को प्राथमिकता देना यह संकेत है कि बीएनपी अपनी परंपरागत विदेश नीति को जारी रखना चाहती है। खासकर शेख हसीना के बाद, जब दोनों देशों के संबंध अवश्विास, उभरते द्विपक्षीय मुद्दे और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्द्धा के दौर से गुजर रहे हैं।

दरअसल, शेख हसीना सरकार के विरुद्ध आंदोलन और सत्ता-परिवर्तन के बाद भारत को लेकर बांग्लादेश में माहौल बदला हुआ है। ऐसे में, तारिक रहमान पर यह दबाव है कि वह खुद को शेख हसीना की राजनीति से अलग दिखाएं। जमात-ए-इस्लामी और दूसरे मजहबी समूहों का दबाव भी बीएनपी सरकार पर है। अतः इन ताकतों को संतुलित करने की चुनौती भी है। बीएनपी ने अपनी 'सॉफ्ट इस्लामपरस्ती' की नीति पर मुहर लगाने के लिए सबसे पहले मुस्लिम-बहुल देश मलेशिया को चुना। बीएनपी की विदेश नीति उनके पिता जियाउर रहमान के दौर से ही इस्लामी दुनिया के करीब रही है।

सवाल यह है कि क्या तारिक रहमान के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध सुधारने की कोई ठोस पृष्ठभूमि तैयार हुई है? रिश्ते सामान्य करने के लिए दिसंबर 2025 में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ढाका गए। रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पहुंचे थे और प्रधानमंत्री मोदी का पत्र उन्हें सौंपा था। उस पत्र में रहमान को भारत आने का निमंत्रण दिया गया था। बांग्लादेश के विदेश मंत्री भी अप्रैल में भारत आए।

दोनों देशों के बीच चार बड़े मुद्दे सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। पहला, भारत ने करीब दो साल बाद 28 जून, 2026 से बांग्लादेशी नागरिकों के लिए फिर से पर्यटक वीजा जारी करना शुरू किया है। पहले ही दिन करीब 1.4 लाख आवेदन आए। मेडिकल और आपात वीजा सेवाएं पहले से जारी हैं। दूसरा मुद्दा व्यापार प्रतिबंधों का है। यूनुस प्रशासन के दौरान संबंधों में आए तनाव के बाद व्यापारिक रिश्तों में अनिश्चितता बढ़ी तथा भारत ने सख्ती भी दिखाई थी। अब दोनों देश बातचीत के जरिये हालात सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। तीसरा मुद्दा गंगा जल-संधि (1996) इस साल दिसंबर में समाप्त हो रही है और इसके नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। चौथा, तीस्ता जल-बंटवारा समझौता भी पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से लंबित है, जिस पर अब तक सहमति नहीं बन पाई है।

हमारे लिए चिंता बांग्लादेश में बीजिंग की बढ़ती दिलचस्पी है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना, पूर्वोत्तर राज्यों के पास सिलहट हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण, सुंदरवन से जुड़ा मोंगला बंदरगाह का आधुनिकीकरण- ये सभी परियोजनाएं बीजिंग की रणनीतिक रुचि के केंद्र हैं। मोंगला बंदरगाह केवल एक आर्थिक परियोजना नहीं है, बंगाल की खाड़ी में इसकी स्थिति भारत की समुद्री सुरक्षा, पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी और हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति-संतुलन की राजनीति से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि भारत चीन की किसी भी दीर्घकालिक बंदरगाह उपस्थिति को केवल व्यापारिक निवेश के रूप में नहीं देखता।

मोंगला बंदरगाह को लेकर भारत और चीन, दोनों की रणनीतिक रुचि रही है। भारत पहले इस क्षेत्र में एक आर्थिक क्षेत्र विकसित करना चाहता था और साल 2024 में उसे मोंगला पोर्ट के एक टर्मिनल के परिचालन अधिकार भी मिले थे, लेकिन अब रहमान सरकार ने उसी क्षेत्र में चीन समर्थित आर्थिक क्षेत्र और बंदरगाह आधुनिकीकरण परियोजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये परियोजनाएं भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा के नजरिये से अत्यंत संवेदनशील हैं।

चीन पहले से बांग्लादेश में पद्मा सेतु रेल लिंक, पायरा ताप विद्युत परियोजना, कर्णफुली टनल (बंगबंधु टनल), दाशेरकांदी सीवेज परियोजना और विभिन्न बंदरगाह व ऊर्जा परियोजनाओं में बड़ी भूमिका निभा चुका है। भारत सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) को लेकर संवेदनशील है। करीब 21 किलोमीटर चौड़ा यह भूभाग हमारे पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। सवाल तत्काल सैन्य टकराव का नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक दबाव और निगरानी क्षमता बढ़ने का है। भारत नहीं चाहता कि उसके पूर्वोत्तर के आसपास चीन को ऐसी भू-रणनीतिक पकड़ मिले, जिसका भविष्य में सामरिक रूप में इस्तेमाल हो सके।

चीन पहले भी तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन परियोजना के लिए ढाका को लगभग एक अरब डॉलर के वित्तीय सहयोग की पेशकश कर चुका है। प्रधानमंत्री रहमान की हालिया चीन यात्रा में दोनों पक्षों के बीच तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता जल बंटवारे का विवाद लंबे समय से लंबित रहा है। इसी लंबे गतिरोध ने चीन के लिए अवसर पैदा किया। यदि ढाका इस परियोजना में चीन को प्रमुख भागीदार बनाता है, तो यह केवल जल-प्रबंधन सहयोग नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश है।

भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार, पानी, सीमा सुरक्षा, ऊर्जा व कनेक्टिविटी को लेकर गहरी निर्भरता है। इसलिए बांग्लादेश भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। नई दिल्ली संबंधों को स्थिर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। उसकी नजर बांग्लादेश की नई राजनीति पर टिकी हुई है। पिछले कुछ महीनों में भारत ने इंतजार और बातचीत की नीति अपनाई। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को ढाका में नया उच्चायुक्त बनाने का संदेश यही है कि भारत रिश्तों को संभालना चाहता है। भारत और बांग्लादेश का रिश्ता दक्षिण एशिया की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से रहा है।

जाहिर है, ढाका को भारत की रणनीतिक चिंताओं का ध्यान रखना होगा। दोनों देशों की सकारात्मक सोच ही रिश्तों में मजबूती लाएगी। बाहरी ताकतों को इस क्षेत्र से दूर रखने में ही आर्थिक-राजनीतिक-रणनीतिक स्थायित्व छिपा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व को लेकर इतना सन्नाटा क्यों

यहां स्कैन करें

अमरेंद्र किशोर | वरिष्ठ पत्रकार

भारत-नेपाल संबंधों को अक्सर 'रोटी-बेटी' के रिश्ते के रूप में देखा जाता है। यह सिर्फ कूटनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि सदियों से विकसित सांस्कृतिक निकटता का प्रतीक भी है। यहां सीमाएं महज नक्शों पर खिंची रेखाएं प्रतीत होती रही हैं, लेकिन इस आत्मीयता के बीच एक ऐसा सन्नाटा भी मौजूद है, जो बिहार के पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल में पसरा है। यह हमारी संप्रभुता, सीमा-प्रबंधन और पर्यावरणीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर प्रश्नों को सामने लाता है।

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व 70 से अधिक बाघों का बसेरा है, मगर इस अभयारण्य के सीमावर्ती इलाके के सुस्ता और चकदहवा क्षेत्र लंबे समय से विवाद के केंद्र में हैं। विभिन्न प्रशासनिक आकलनों के अनुसार, इसकी लगभग 5,478 एकड़ भूमि पर नेपाल दावा करता है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय मौन रहा है। इस विवाद की जड़ें सन् 1814 से 1816 के बीच हुए आंग्ल-नेपाल युद्ध और उसके बाद हुई सुगौली संधि में निहित हैं। 1815 में हस्ताक्षरित और 1816 में प्रभावी हुई इस संधि ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी व नेपाल के बीच सीमा निर्धारण की आधारशिला रखी। राप्ती व गंडक नदियों के बीच के तराई क्षेत्र का पुनर्सीमांकन हुआ और गंडक नदी को सीमा का आधार माना गया।

भारत-नेपाल सीमा की अनिश्चितता का बुरा प्रभाव यहां के जीवों की देखभाल पर तो पड़ता ही है, पारिस्थितिकी पर भी पड़ रहा है।

प्रकृति किसी राजनीतिक नक्शे का सम्मान नहीं करती। नदियां अपने प्रवाह बदलती हैं, नए रास्ते बनाती हैं और पुराने मार्ग छोड़ देती हैं। गंडक नदी की धारा में भी परिवर्तन हुआ और उसके पुराने तथा नए प्रवाह के बीच स्थित भूमि की स्थिति जटिल होती चली गई। यहीं से प्रश्न उठ खड़ा हुआ कि सीमा नदी की वर्तमान धारा से तय होगी या उस ऐतिहासिक धारा के अनुसार, जिसे सुगौली संधि के समय आधार माना गया था?

सन् 1964 में यह विवाद गंभीर रूप में सामने आया। वाल्मीकिनगर में गंडक सिंचाई परियोजना के शिलान्यास के दौरान सीमा क्षेत्र में तनाव बढ़ा और रमपुरवा में भारतीय ग्रामीणों व नेपाल की शाही सेना के बीच हिंसक झड़प हुई। इसके बाद दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक में यह सहमति बनी कि सीमा के पुनः सीमांकन तक यथास्थिति बनाए रखी जाएगी। नए निर्माण पर रोक व पुलिस बल की तैनाती जैसे निर्णय भी लिए गए, पर समय बीतने के साथ ये निर्णय फाइलों तक सिमट गए।

आज स्थिति बदल चुकी है। जीपीएस आधारित आकलन के अनुसार, लगभग 3.75 वर्ग किलोमीटर में फैले इस क्षेत्र में दर्जनों पक्के मकान और स्थायी बसाहट मौजूद है। वन भूमि के अतिक्रमण के कारण राज्य सरकार को वन संपदा के बड़े नुकसान का अनुमान है। नरसही जंगल जैसे क्षेत्र इस विवाद की सीधी मार झेल रहे हैं।

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व भारत के महत्वपूर्ण संरक्षित वन क्षेत्रों में से एक है और यह अनेक वन्य जीवों, विशेषकर बाघों को रिहाइश प्रदान करता है। ऐसे में, सीमाई अनिश्चितता का प्रभाव वन्य जीवों की प्रशासनिक देखभाल पर तो पड़ता ही है, पारिस्थितिकी पर भी पड़ रहा है। सुस्ता क्षेत्र पर प्रशासनिक नियंत्रण भारत का है, जबकि नेपाल ऐतिहासिक व संधिगत आधार पर अपना दावा पेश करता है और उसे अपने नवलपरासी क्षेत्र का हिस्सा बताता है। भारत का तर्क है कि सीमा का निर्धारण नदी की वर्तमान धारा के आधार पर होना चाहिए, वहीं नेपाल 1816 की संधि के समय की नदी धारा को आधार मानता है। भारत-नेपाल सीमा का लगभग 98 प्रतिशत भाग निर्धारित हो चुका है, पर सुस्ता व कालापानी जैसे क्षेत्र आज भी लंबित हैं। सुस्ता में रहने वाले लोगों के लिए यह विवाद अंतरराष्ट्रीय राजनीति का प्रश्न नहीं, बल्कि खेत, जंगल व पहचान से जुड़ा रोजमर्रा का यथार्थ है। हालांकि, जमीनी स्तर पर टकराव की स्थिति नहीं है। दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां सीमा पर सक्रिय हैं और कूटनीतिक संवाद की प्रक्रिया भी जारी है।

फिर भी, अंतिम समाधान अभी दूर है। जब तक सीमा का स्पष्ट, पारदर्शी और परस्पर स्वीकार्य सीमांकन नहीं हो जाता, तब तक यह विवाद नए-नए रूपों में सामने आता रहेगा। वक्त आ गया है कि इस सन्नाटे को दूरदृष्टि, संवेदनशीलता व ठोस संकल्प के साथ तोड़ा जाए, ताकि सीमाएं नक्शों के साथ-साथ जमीन पर भी स्पष्ट, सुरक्षित और निर्विवाद रूप से स्थापित हो सकें।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

मन से कैसे छुटकारा

लोग प्रायः पूछते हैं कि मन का निग्रह कैसे किया जाए? मैं उनको कहता हूं : 'मुझे मन दिखाइए, तब आप जानेंगे कि क्या करना है?' हकीकत यह है कि मन केवल विचारों का समूह है; अतः आप उसे नष्ट करने के विचार से या इच्छा से कैसे नष्ट कर सकते हैं?

आपकी इच्छाएं और विचार मन के भाग हैं। मन नए विचारों से पुष्ट होता है। इसलिए मन के साधन से मन को नष्ट करने का प्रयत्न मूर्खता है। इसका एक ही मार्ग है कि मन के मूल का अन्वेषण करने का सूत्र दृढ़ता से पकड़ रखा जाए, तब वह अपने आप क्षीण होकर लुप्त हो जाएगा। योग चित्त-वृत्तियों के निरोध का उपदेश करता है, मगर मैं आत्म-अनुसंधान की बात कहता हूं। यह एक व्यावहारिक मार्ग है। चित्त-वृत्ति निरोध तो नींद में, मूर्च्छा की अवस्था में या अनशन से अपने आप होता है, लेकिन कारण निवृत्त होने पर विचार वापस आ जाते हैं। तो निरोध का क्या उपयोग है? मूढ़ता में शांति होती है, कोई दुख नहीं होता, लेकिन उसके समाप्त होते ही दुख वापस आ जाता है। इसलिए निरोध निरर्थक है, उससे स्थायी लाभ नहीं हो सकता।

ऐसे में, सवाल उठता है कि शांति को स्थायी कैसे बनाया जाए? दुख के कारणों की तलाश करके। पदार्थों को देखने पर दुख होता है। यदि वे न रहें, तो उनसे संबद्ध विचार नहीं रहेंगे और दुख नाश होगा। दूसरा प्रश्न यह है कि पदार्थों का अभाव कैसे हो? श्रुति और ज्ञानी पुरुष कहते हैं कि पदार्थ केवल मन के सर्जन हैं; उनकी वास्तविक सत्ता नहीं है। इस विषय की तलाश करके इस विधान की सत्यता को निश्चित रूप से समझिए। इस तलाश के परिणामस्वरूप यह निर्णय होगा कि वस्तुसत्तारूप जगत् आत्मसत्तारूप चैतन्य में विद्यमान है। इस प्रकार यह निश्चय होता है कि केवल आत्मा सत्य है, जो विश्व में व्याप्त है, और विश्व को घेरकर ठहरा हुआ है। चूंकि द्वैत है ही नहीं, विचार उत्पन्न नहीं होंगे और आपकी शांति भंग नहीं करेंगे। इसे ही आत्म-साक्षात्कार कहा जाता है। आत्मा नित्य है और उसका अनुभव भी नित्य है।

जब भी कोई विचार आपको बहुत परेशान करे, तो प्रत्येक समय अपने अंदर आत्मा में उसे वापस लाकर लीन कर दीजिए, यह अभ्यास है। यह चित्त की एकाग्रता या विनाश नहीं है, बल्कि उसकी आत्मा में स्थिति है।

मन के साधन से मन को नष्ट करने का प्रयत्न मूर्खता है। इसका एक ही मार्ग है कि मन के मूल का अन्वेषण करने का सूत्र दृढ़ता से पकड़ रखा जाए, तब वह अपने आप क्षीण होकर लुप्त हो जाएगा।

मन से मन को नष्ट करने के लिए कहना, दरअसल चोर को पुलिस बनाना है। वह आपके साथ चलेगा, चोर को पकड़ने का दिखावा भी करेगा, लेकिन इससे कुछ हाथ नहीं लगेगा। इसलिए आपको अवश्य भीतर की ओर मुड़ना होगा, और मन की उत्पत्ति कहां पर होती है, यह स्वयं (मन से अलग होकर) देखना होगा, तब उसका अस्तित्व मिट पाएगा।

रमण महर्षि

द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत

सामाजिक न्याय के उद्देश्य से स्थापित की गई संस्थाओं का यह दायित्व भी होता है कि वे अपने क्षेत्र के जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, आजीविका और वनाधिकारों के लिए जमीनी स्तर पर काम करें।

वनों से ही हमारा आज और कल सुरक्षित

हमारे जीवन में वनों का बहुत महत्व है। वन की अधिकता से हमारा पर्यावरण संरक्षित होता है और इससे मानव जीवन को प्राण वायु रूपी ऑक्सीजन गैस प्राप्त होती है। हमारे देश में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य वनों की सुरक्षा और उनकी कटाई से जीव-जंतुओं पर जो दुष्प्रभाव पड़ता है, उसके प्रति जागरूकता फैलाना भी है।

भारत में आजादी के तुरंत बाद ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। एक तरफ जहां, 1950 में वनों को बचाने के लिए 'वन महोत्सव' की शुरुआत की गई, वहीं दूसरी तरफ 1970 के दशक में जब देश में वन संपदा का अपार भंडार था, तब भी पर्यावरण की चिंता करते हुए गढ़वाल के लोगों ने वृक्षों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन आरंभ कर दिया था। अगर हमारे पूर्वजों ने पौधे न लगाए होते, वृक्षों को धड़ाधड़ सिर्फ काटा होता, तो क्या आज हमें वृक्षों से मिलने वाला सुख प्राप्त होता? शायद नहीं। इसी तरह, आज हम यदि पर्यावरण को संभालने के लिए गंभीर नहीं हुए, जागरूक नहीं हुए, तो क्या आने वाली पीढ़ी को हम साफ-सुथरा पर्यावरण दे सकेंगे? शायद नहीं।

बरसात के मौसम में अगर पौधे लगाएं जाएं, तो वे बहुत अच्छे तैयार होते हैं, क्योंकि उनको भरपूर पोषण मिलता है। इसलिए जिन घरों में पौधे लगाने की जगह है, वहां एक पौधा तो जरूर लगाएं। हालांकि, बरसात के मौसम में कुछ राज्य सरकारें अपने यहां पौधे लगाने के लिए विशेष अभियान चलाती हैं, समाजसेवी संस्थाएं और अन्य लोग भी इसके लिए काम करते हैं। आमजन को जहां जगह हो, पेड़ लगाने चाहिए। सड़कों या रेल लाइनों के विस्तार के लिए यदि पेड़ों को काटने की मजबूरी हो, तो वहां नए पौधे लगाने की व्यवस्था की जाए, बल्कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देख-रेख भी की जाए। उष्ण कटिबंधीय वनों पर हमारे देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में कुल्हाड़ी चल रही है। कुल्हाड़ियां वनों पर नहीं, बल्कि हमारे सुखद जीवन पर भी चल रही हैं, क्योंकि वनों के काटने से वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, वायु प्रदूषण मानव जाति के लिए ही नहीं, बल्कि सभी प्राणियों के लिए हानिकारक है। वन हैं, तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वे भी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि वे हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। बहुत अफसोस की बात है कि अब वनों के संरक्षण में लापरवाही बरती जा रही है।

राजेश कुमार चौहान, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

वन महोत्सव

दिखावे के उत्सवों से किसी का भला नहीं

हमारे देश में वन महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी समर्थन मिलने के कारण इसका रुतबा और ज्यादा बढ़ जाता है। पूरे सप्ताह तक मनाए जाने वाले इस समारोह में राष्ट्रीय स्तर के राजनेता, सरकारी अधिकारी से लेकर गांव की पंचायत तक के सरकारी कर्मचारी और जन-प्रतिनिधि शामिल हो जाते हैं। इनके समारोहों में उत्साह से शामिल होने वाले फोटो देखकर आप इस गलफत में न फंस जाएं कि ये वनों, वृक्षों के प्रति बेहद संवेदनशील लोग हैं या देश में वनों की दुर्दशा देखकर ये सब बेहद चिंतित हैं।

वन महोत्सव हमारे देश में जिस जोर-शोर से मनाया जाता है, वास्तविकता वैसी नहीं है। केवल एक सप्ताह के दिखावटी पौधरोपण और सरकारी आयोजनों को देखकर इसे अक्सर ढकोसला मान लिया जाता है, क्योंकि इसमें कागजी आंकड़ों पर अधिक और असली देखभाल पर कम ध्यान दिया जाता है। वास्तविक धरातल पर इसके विफल रहने की वजह है, उचित देखभाल के अभाव में पौधों का मर जाना। पौधे लगाने के बाद उनकी उचित सार-संभाल या पानी देने की व्यवस्था नहीं होती। अक्सर महोत्सव के दौरान लाखों पौधे लगाए तो जाते हैं, लेकिन बाद में नियमित सिंचाई और सुरक्षा न होने से वे सूख जाते हैं। इन पौधों को अनियोजित तरीके से लगा दिया जाता है। बिना यह सोचे कि स्थानीय जलवायु और मिट्टी के लिए कौन सा पेड़ उपयुक्त है, अंधाधुंध पौधे लगा दिए जाते हैं और उसके साथ फोटो खिंचवाकर अपनी पीठ खुद ही थपथपा ली जाती है। गिनती के लिए बड़ी संख्या में गलत प्रजाति के पौधे लगा देना भी इनके नष्ट होने का एक बहुत बड़ा कारण है। इस तरह अक्सर यह उत्सव राजनेताओं, अधिकारियों और कुछ संस्थाओं के लिए 'पब्लिसिटी स्टंट' बनकर रह जाता है।

इसके अलावा इस तरह के प्रचारात्मक अभियानों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का घोर अभाव होता है। कागजों पर वृक्षारोपण का भारी लक्ष्य दिखाया जाता है, लेकिन धरातल पर पुरानी लकड़ियों की अंधाधुंध कटाई की तुलना में नए पेड़ पनप नहीं पाते। इस तरह की गैरजरूरी शोशेबाजी से हमें बचने की जरूरत है। हमें पौधारोपण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सुधार करने की आवश्यकता है। यह केवल पेड़ लगाने का नहीं, बल्कि वृक्ष बनने तक उनको संरक्षित करने का संकल्प लेने का अवसर है। अगर इसे सिर्फ एक सप्ताह के आयोजन तक सीमित न रखकर पूरे साल पौधों के जीवित रखने पर ध्यान दिया जाए, तभी यह सार्थक कदम बन सकता है, अन्यथा वर्तमान स्थिति में तो यह सारा क्रियाकलाप ढोल की पोल जैसा है।

अपूर्व कौशल, छात्र

दैनिक जागरण

निरंतर अभ्यास से ही कौशल का विकास संभव है

बेलगाम होता भ्रष्टाचार

सीबीआइ की ओर से तीन करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में आइपीएस अधिकारी दीपक गहलावत की गिरफ्तारी प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर फिर से ध्यान आकर्षित कर रही है। दीपक गहलावत को जिस मामले में गिरफ्तार किया गया, वह नकली दवा बनाने वाले रैकेट की जांच से जुड़ा है। इस रिश्वतखोरी कांड के समय गहलावत नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में क्षेत्रीय निदेशक के पद पर तैनात थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने तीन करोड़ रुपये की रिश्वत के बदले अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए नकली दवा बनाने के आरोपित कारोबारी को सीबीआइ जांच से बचाने का भरोसा दिया। उन्होंने जांच एजेंसी के अधिकारियों पर इसके लिए दबाव भी बनाया। कहना कठिन है कि इस मामले की तह तक पहुंचने और दीपक गहलावत को उनके किए की सजा दिलाने में कितना वक्त लगेगा, लेकिन यह एक तरह से बाड़ खेत को खाए वाला एक और मामला है। यह लगातार देखने में आ रहा है कि रह-रह कर ऐसे अधिकारी सामने आते ही रहते हैं, जो गंभीर किस्म के भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं। उनकी गिरफ्तारी भी होती है और उनके पास से अकूल संपत्ति भी बरामद होती है, लेकिन यह बहुत कम सुनने को मिलता है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया गया।

भ्रष्ट अधिकारियों को समय रहते दंड न दिए जाने का परिणाम यह है कि उनका भ्रष्टाचार बेलगाम है। कुछ मामले तो ऐसे सामने आते हैं, जो खुले-नग्न भ्रष्टाचार की कहानी कहते हैं। इन दिनों ऐसा ही एक मामला दिल्ली में सरकारी अस्पतालों के लिए दवाएं और मेडिकल उपकरणों की खरीद में घोटाले का है। यह घोटाला 650 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। वास्तव में यह घोटाला नहीं एक तरह की खुली लूट थी। इसे इससे समझा जा सकता है कि बिना जरूरत कई गुना महंगे दामों पर दवाएं और मेडिकल उपकरण खरीदे गए। ऐसा लगता है कि किसी को नियम-कानूनों की कहीं कोई परवाह नहीं थी। इस मामले में स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व महानिदेशक डा. वत्सला अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। इस घोटाले में किस तरह करोड़ों के वारे-न्यारे किए जा रहे थे, यह इससे समझा जा सकता है कि 650 करोड़ रुपये में से करीब 50 प्रतिशत भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों की जेब में गए। नौकरशाही का भ्रष्टाचार एक नासूर बन गया है। केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम दावों के बाद भी नौकरशाहों के भ्रष्टाचार पर कहीं कोई प्रभावी लगाम लगती नहीं दिखती। भ्रष्ट नौकरशाही केवल सरकारी खजाने को लूटने का काम ही नहीं कर रही है, वह आम लोगों की समस्याएं बढ़ाने का भी काम कर रही है, क्योंकि जब भी कहीं भ्रष्टाचार होता है तो उससे कहीं न कहीं सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता भी होता है।

किसानों की आय

मानसून की प्रकृति में बदलाव और जलवायु परिवर्तन के सापेक्ष खेती-किसानी में बदलाव आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन के दौर में कृषि को केवल मौसम की अनिश्चितताओं के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। खरीफ सीजन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत संचालित जलवायु अनुकूल एकीकृत कृषि प्रणाली को उत्तर प्रदेश के 65 जिलों में लागू किया जा रहा है, जिससे कम वर्षा होने पर भी किसानों का उत्पादन और आय प्रभावित न हो। किसानों को आधुनिक और जलवायु-अनुकूल खेती का प्रशिक्षण देने तथा आय के विविध स्रोत विकसित करने की यह पहल स्वागतयोग्य है। दरअसल जलवायु परिवर्तन का किसानी पर बहुआयामी प्रभाव पड़ रहा है। वर्षा का समय और मात्रा में परिवर्तन से किसानों की आय और खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। कहीं अत्यधिक बारिश से फसलें डूब जाती हैं, तो कहीं सूखे से बोआई प्रभावित होती है। कृषि वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों के प्रति आधुनिक कृषि तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदेश के किसानों के लिए वैकल्पिक आय का साधन बनेगा। इन सबके बीच एक अच्छी बात यह है कि तीन वर्षों तक इसके लिए शासन की ओर से प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। ऐसा होने से किसानों की आय को बढ़ाने में काफी हद तक मदद मिल सकती है। इस परिकल्पना की सफलता के लिए आवश्यक है कि किसानों के बीच वैकल्पिक आय के साधन को प्रोत्साहित करने वाली इस पहल के प्रति विश्वास पैदा हो।

> प्राकृतिक आपदाओं के बीच किसानों की आय की बेहतर सुरक्षा समय की मांग है

सुधारों की दिशा में सार्थक पहल

आलोक रंजन

समय पर न्याय मिलना ही वह मानक है, जिसकी नागरिक उम्मीद करते हैं। भारतीय न्याय संहिता में सुधार इसी को ध्यान में रखकर किए गए हैं

अवधेश राजपूत

एक आम नागरिक के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली केवल कानूनों, नियमों या संस्थाओं का कोई संग्रह नहीं है। वह इसका अनुभव कुछ सीधे और सरल सवालों के माध्यम से करता है। जैसे क्या शिकायत तुरंत दर्ज की गई? क्या जांच के दौरान पीड़ित को हर बात की जानकारी दी गई? क्या साक्ष्यों को सावधानीपूर्वक इकट्ठा किया गया? क्या गवाह को समय पर समन मिला? और क्या मामला बेवजह की देरी के बिना समाप्त हुआ? इन सवालों के जवाब तलाशें तो पाएंगे कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली लंबे समय से दोहरे बोझ से जूझ रही है। एक तो पूरी प्रक्रिया देरी की शिकार होती है और दूसरे उसमें इतना बिखराव है कि बात बनते-बनते रह जाती है। एक बड़ी संख्या में मामले आपस में कटी हुई संस्थाओं, कागजी कामकाज के भारी बोझ और अलग-अलग अधिकार-क्षेत्रों के असमान तौर-तरीकों से होकर गुजरते हैं। यही वजह है कि पूरी व्यवस्था पीड़ित-केंद्रित होने के बजाय प्रक्रिया-केंद्रित बनकर रह जाती है। इस क्रम में भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) बड़ी क्रांतिकारी पहल हैं। एक जुलाई, 2024 से लागू यह व्यवस्था पुराने ढर्रे को बदलने का प्रयास है। इनका उद्देश्य केवल पुराने कानूनों को बदलना नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक से लैस और पीड़ित-केंद्रित आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित करना है।

न्याय संहिता के तहत सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में एक है जांच और न्यायिक सुनवाई के दौरान 45 अतिरिक्त सुनियोजित समय-सीमाएं तय करना, जिससे अब कुल समय-सीमा की संख्या 145 हो गई है। इसका उद्देश्य किसी मामले के आरंभ से लेकर उसके अंतिम फैसले तक की पूरी आपराधिक न्याय प्रक्रिया को तीन वर्ष के भीतर पूरा करना है। महत्वपूर्ण यह है कि ये निर्धारित समय-सीमाएं केवल कागजी घोषणाएं नहीं हैं। इन्हें आपराधिक न्याय के डिजिटल इकोसिस्टम के माध्यम से तकनीक-आधारित निगरानी प्रणालियों का पूरा समर्थन हासिल है। अब जांच अधिकारियों के लिए स्वचालित अलर्ट जेनरेट होते हैं, ताकि आरोप पत्र समय पर दाखिल करना सुनिश्चित किया जा सके। न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न चरणों में समय-सीमा की निगरानी करने में सहायता के लिए कोर्ट के केस-मैनेजमेंट प्लेटफार्म यानी 'केस इन्फार्मेशन सिस्टम' में भी इसी तरह की समय-सीमाएं जोड़ी जा रही हैं। इसके पीछे का मूल सिद्धांत बेहद सरल है 'समय-सीमा और तकनीक मिलकर विश्वास पैदा करते हैं।' जांच की समय-सीमा की ऐसी निगरानी से आरोप पत्र दाखिल करने के अनुपालन में काफी सुधार हुआ है: 60 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करने की दर 2024 के 51 प्रतिशत से बढ़कर 2026 में 67 प्रतिशत हो गई है, जबकि इसी अवधि में 90 दिनों के भीतर अनुपालन की दर 40 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई है। इन सुधारों का दूसरा स्तंभ है कि इसमें टेक्नोलाजी का एकीकरण सिर्फ डिजिटलीकरण के लिए नहीं, बल्कि आपरेशनल फ्रेमवर्क के तौर पर किया गया है। इससे कई सुधारों की राह खुली है। जैसे ई-एफआइआर (इलेक्ट्रानिक फर्स्ट इन्फार्मेशन रिपोर्ट), जीरो-एफआइआर (जो अधिकार-क्षेत्र और भाषा की सीमाओं से परे है), ई-साक्ष्य (इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एकत्रीकरण और उनका प्रबंधन), ई-समन (समन जारी कर उन्हें पहुंचाना), मेडिको-लीगल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट, ई-फारेंसिक्स, ई-प्रिजंस, ई-प्रोसेक्यूशंस और न्यायिक कार्यवाही के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग। ये सभी पेपरलेस और एकीकृत इकोसिस्टम का हिस्सा हैं, जहां डिजिटल रूप से प्रमाणित रिकार्ड और इलेक्ट्रानिक डाटा साझाकरण द्वारा प्रक्रियाएं तेज और अधिक पारदर्शी बनती हैं। एक महत्वपूर्ण पहलू इंटरआपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम का विस्तार है। यह व्यवस्था 'वन डाटा, वंस एंट्री' यानी एक बार डाटा और एकल प्रविष्टि के दृष्टिकोण के तहत आपराधिक न्याय के पांच स्तंभों-पुलिस, अदालत, कारावास, फोरेंसिक और अभियोजन को एक साझा डिजिटल प्लेटफार्म पर आपस में जोड़ती है। पुलिस और अदालतों के बीच प्रथम सूचना रिपोर्ट और आरोप पत्र के लगभग रियल-टाइम इलेक्ट्रानिक आदान-प्रदान से काम के दोहराव की आशंका घटी है। डाटा की सटीकता के चलते अपेक्षित सुधार संभव हुआ है, जिससे समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

आपराधिक मुकदमों में समन की तामील एक बड़ी अड़चन रही है। अब इस पूरी प्रक्रिया को अधिक तेज, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना संभव हुआ है। याद रहे कि कोई भी न्याय प्रणाली साक्ष्यों की गुणवत्ता से ही मजबूत होती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत यह अनिवार्य किया गया है कि सात साल या उससे अधिक की कैद की सजा वाले अपराधों में एक फोरेंसिक विशेषज्ञ की पूरी सक्रियता हो। देश में 700 से अधिक मोबाइल फोरेंसिक वैन तैनात की गई हैं, जिनका निरंतर विस्तार किया जाएगा। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक जांच को सामान्य मानक बनाना और समय पर सुनवाई के लिए साक्ष्यों की गुणवत्ता में सुधार लाना है। पिछले दो वर्षों में फोरेंसिक मामलों के निपटारे की दर दोगुनी हो गई है।

बड़े सुधार अक्सर उचित क्रियान्वयन के अभाव में लड़खड़ा जाते हैं। इसलिए इस पहल में केंद्र, राज्यों और न्याय प्रणाली के सभी पांच स्तंभों के बीच तालमेल बनाए रखने पर जोर दिया गया है। स्पष्ट है कि अब एक सुदृढ़ कानूनी ढांचा तैयार है। तकनीकी साधन उपलब्ध हैं और संस्थागत इच्छाशक्ति भी प्रत्यक्ष है। अब निरंतर प्रतिबद्धता, समन्वित कार्रवाई और एक साझा उद्देश्य की भावना ही आवश्यक होगी। यदि इन सुधारों को अमल में लाया जाता है तो नागरिकों के लिए इसके परिणाम केवल कागजी कामकाज तेज करने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, अपितु यह एक ऐसी न्याय प्रणाली निर्मित करेगा जो अधिक पूर्वानुमानित, पारदर्शी और भरोसेमंद होगी। स्थापित प्रक्रियाओं के अनुकरणीय अनुपालन, कानून के निरंतर और समान रूप से प्रवर्तन और समय पर न्याय मिलना ही वह मानक है, जिसकी नागरिक उम्मीद करते हैं, जो पूरी भी होनी चाहिए।

(लेखक भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी एवं राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के निदेशक हैं)
response@jagran.com

चीन प्लस-वन का विकल्प बनता यूपी

डा. मनिष दाभाडे

इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब कहीं उड़ान पट्टी तैयार होती है, तो प्रगति के स्वप्न भी तेजी से उड़ान भरते हैं

किसी राष्ट्र के आर्थिक इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जब एक अकेला निर्णय न केवल भूगोल को, बल्कि समूची नियति को बदल देता है। जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन और व्यावसायिक उड़ानों का शुभारंभ निःसंदेह ऐसा ही एक क्षण है, लेकिन इसे केवल एक हवाई अड्डा कहना भूल होगी। भू-अर्थशास्त्र की दृष्टि से जेवर महज एक अवसंरचना नहीं, एक घोषणापत्र है, जो भूगोल, आर्थिक शक्ति और भू-राजनीतिक रणनीति का संगम है। भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश, जो सदियों से अपनी भूबद्ध स्थिति की बेड़ियों में जकड़ा रहा, अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के द्वार पर दस्तक दे रहा है। 24 करोड़ की आबादी वाला यह राज्य जनसंख्या के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी उप-राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था है, लेकिन समुद्री व्यापार मार्गों तक उसकी सीधी पहुंच नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर हवाई अड्डा उद्घाटन के अवसर पर इसी सच्चाई को रेखांकित किया कि यह हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश की भूबद्ध बाधाओं को तोड़कर राज्य के एमएसएमई, कृषि और भारी उद्योगों को सीधे वैश्विक बाजारों से जोड़ेगा। जेवर का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने जो कहा, वह भू-आर्थिक सोच का संक्षिप्त सार है कि यह सिर्फ एक हवाई अड्डा ही नहीं, बल्कि व्यापक आर्थिक विकास का प्रवेश द्वार है।

भू-अर्थशास्त्र के सिद्धांत यह स्थापित करते हैं कि किसी राष्ट्र की आर्थिक शक्ति का मार्ग उसकी भौगोलिक बनावट से होकर गुजरता है। अभी जेवर हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता 1.2 करोड़ यात्री और 2.5 लाख टन कार्गो की है, जो अंततः सात करोड़ यात्री और 10 लाख टन कार्गो तक विस्तृत होगी। यह हवाई अड्डा राज्य को दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं से जोड़कर उसकी भूबद्ध बाधाओं को पार करने में मदद करेगा। जेवर को साधारण हवाई अड्डे से अलग करने वाली बात उसकी एरोट्रोपोलिस परिकल्पना है। एअर इंडिया एसएटीएस द्वारा संचालित मल्टी-माडल कार्गो हब, वाइईआइडीए सेक्टर-10 में 206 एकड़ का इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर और केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 3,706 करोड़ रुपये का एचसीएल-फाक्सकान सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम नोएडा से जेवर तक यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे एक नए औद्योगिक हब की नर्सें हैं। वाइईआइडीए की एफडीआइ और फार्च्यून-500 नीति के तहत आठ कंपनियों ने इस गलियारे में 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

विकास की मजबूत कड़ी बनेगा जेवर हवाई अड्डा। फाइल

सेमीकंडक्टर संयंत्र का महत्व विशेष रूप से रेखांकित करने योग्य है। यहां बनने वाली चिप मोबाइल फोन, लैपटाप और आटोमोबाइल को संचालित करेंगी, वही उत्पाद जो वैश्विक चीन-प्लस-वन आपूर्ति शृंखला पुनर्संरेखण के केंद्र में हैं। नोएडा में सैमसंग का विश्वस्तरीय विनिर्माण केंद्र, हैवेल्स, अंबर एंटरप्राइजेज, माइक्रोसाफ्ट और एचसीएल-फाक्सकान की उपस्थिति से यह गलियारा उत्तर भारत में चीन-प्लस-वन रणनीति का प्राथमिक केंद्र बन चुका है। कार्गो हब का लक्ष्य है कि भारत को, विशेषकर उसके उत्तरी क्षेत्र को, वैश्विक लाजिस्टिक्स का प्रमुख प्रवेशद्वार और चीन-प्लस-वन रणनीति का विश्वसनीय विकल्प बनाया जाए। भारत के पहले एकीकृत एमआरओ केंद्र के रूप में भी जेवर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। दशकों से भारतीय एयरलाइंस विमानों के रखरखाव के लिए सिंगापुर और दुबई पर निर्भर रही हैं।

जेवर कृषि के लिए भी उतना ही क्रांतिकारी है। फल, सब्जियां, दुग्ध उत्पाद और सजावटी फूल अब सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचेंगे। इससे किसानों की आय में 20 से 30 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। राष्ट्रीय स्तर पर जेवर मेक इन इंडिया, उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन और राष्ट्रीय लाजिस्टिक्स नीति तीनों को एक साथ गति देता है। 50,000 प्रत्यक्ष और 50 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार, फिल्म सिटी, खिलौना पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क और डाटा सेंटर का पूरा इकोसिस्टम आज उत्तर प्रदेश और एनसीआर को एक नई वैश्विक पहचान दे रहा है। जेवर हवाई अड्डा एक दिन में नहीं बना है, यह अथक भूमि अधिग्रहण, नीतिगत नवाचार, निवेशक कूटनीति और दूरदर्शी राजनीतिक साहस का सम्मिलित परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में जब शासन की बागडोर संभाली थी तब उत्तर प्रदेश देश के तीन सबसे पिछड़े राज्यों में था। आज राज्य को 50 लाख करोड़ रुपये के संचयी निवेश प्रस्ताव मिले हैं। पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2016-17 के 71,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में देश में सर्वाधिक 1.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है। जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की घोषणा की थी, तब उन्होंने कहा था कि 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। उत्तर प्रदेश भी एक लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनने का संकल्प लेता है।' यह केवल एक आर्थिक लक्ष्य नहीं, एक सभ्यतागत संकल्प है। जेवर उस संकल्प की उड़ान पट्टी है। इतिहास साक्षी है कि-जब उड़ान पट्टी तैयार होती है, तो स्वप्न भी उड़ान भरते हैं।

(लेखक जेएनयू में एसोसिएट प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

अंतर्मन का प्रेम

प्रेम को प्रायः सुखद अनुभूतियों और मधुर संवेदनाओं के कोमल संगम की सीमाओं से ही समझा जाता है, किंतु उसकी वास्तविक प्रकृति इससे कहीं अधिक गहन, जटिल और बहुआयामी होती है। प्रेम की अवस्था में मनुष्य अपने अहं के सीमित दायरे से बाहर निकलकर निश्चितताओं का स्वेच्छा से त्याग करता है। यह समर्पण दुर्बलता का सूचक नहीं होता, बल्कि मनुष्य को उसके आंतरिक सत्य के अधिक निकट ले जाता है। प्रेम व्यक्ति को स्वयं का लोप करने के लिए नहीं, बल्कि आंतरिक रूपांतरण और चेतना के विस्तार के लिए प्रेरित करता है, जहां उसका अस्तित्व किसी अन्य के साथ जुड़कर जीवन के व्यापक अर्थों को समझने लगता है। खलील जिब्रान ने यथार्थ ही कहा है, 'प्रेम मृत्यु से अधिक शक्तिशाली है, मृत्यु जीवन से अधिक शक्तिशाली है।'

प्रेम अनेक विरोधाभासों को भी समेटे रहता है। यह आनंद का स्रोत है, परंतु पीड़ा एवं विरह का अनुभव भी कराता है। निकटता जहां अपनत्व और सुरक्षा प्रदान करती है, जबकि दूरी धैर्य, विश्वास और सहनशीलता का संस्कार देती है। ये परस्पर विरोधी स्थितियां प्रेम को कमजोर नहीं करतीं, बल्कि उसे परिपक्व एवं स्थायी बनाती हैं। प्रेम हमें सिखाता है कि सुख-दुख, मिलन-विरह, ये सभी जीवन के अनिवार्य आयाम हैं।

प्रेम की वास्तविक शक्ति व्यक्ति की अपनी असुरक्षाओं को स्वीकार करने में निहित होती है। जब मनुष्य अपनी अपूर्णताओं सहित स्वयं को प्रस्तुत करने का साहस करता है, तब प्रेम बाह्य आडंबर से ऊपर उठकर सच्चा और गहरा बनता है। अप्रेम अज्ञात की ओर बढ़ने का साहस देता है, जहां अनिश्चितता के साथ अनंत संभावनाएं भी विद्यमान होती हैं और यही प्रेम मनुष्य के आत्मा को उसके प्रकाश तक पहुंचाने की क्षमता रखता है।

कुमार नृपेंद्र

लंबी उम्र के राज से उठ सकता है पर्दा

प्रदीप

अधिक आयु का राज 'जीन बनाम जीवनशैली' का द्वंद्व नहीं, अपितु दोनों के मध्य जटिल संवाद का परिणाम है

विज्ञान एक लंबे अर्से से इस सवाल का जवाब ढूंढने में जुटा हुआ है कि दीर्घायु का रहस्य हमारे जीनों में छिपा है या फिर इसका संबंध हमारी जीवनशैली से है? हाल ही में ब्राजील से आई एक खबर ने इस सवाल को फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ब्राजील की तीन शतायु बहनें, लेविटा डी डियस नुनेस (109 साल), जोराइडे (104 साल) और जुलिना डी डियस नुनेस (103 साल) विज्ञानियों के लिए जिज्ञासा और आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। इतनी ज्यादा उम्र तक पहुंचकर भी उनका अपेक्षाकृत स्वस्थ और सक्रिय बने रहना शोधकर्ताओं के लिए एक जीवित प्रयोगशाला जैसा है। इन बहनों का अध्ययन विज्ञानियों को यह समझने में मदद कर सकता है कि आखिर कुछ लोग सौ साल से ज्यादा उम्र में भी शारीरिक और संज्ञानात्मक रूप से सेहतमंद कैसे बने रहते हैं।

ब्राजील की साओ पाउलो यूनिवर्सिटी की विज्ञानी मयाना जैट्ज के नेतृत्व में चल रहा 'डीएनए लांगेवो प्रोजेक्ट' इसी सवाल का जवाब खोजने में जुटा हुआ है। इस परियोजना का लक्ष्य ऐसे आनुवंशिक (जेनेटिक) कारकों की पहचान करना है जो उम्र बढ़ने की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं। विज्ञानी खास तौर पर उन 'प्रोटेक्टिव जीनों' की तलाश कर रहे हैं जो शरीर को उम्र-संबंधी क्षरण से बचाते हैं, जैसे- हृदय को मजबूत रखने, मांसपेशियों की कार्यक्षमता बनाए रखने और मस्तिष्क को संज्ञानात्मक विकृति से बचाने वाले जीन।

आनुवंशिकी का प्रभाव सूक्ष्म लेकिन गहरा होता है। हमारे जीन यह निर्धारित करने में भूमिका निभाते हैं कि कोशिकाएं क्षति की मरम्मत कितनी कुशलता से करेंगी, सूजन कितनी तेजी से बढ़ेगी और आक्सीडेटिव स्ट्रेस का शरीर पर कितना प्रभाव पड़ेगा।

विज्ञानियों का मानना है कि आनुवंशिक सुरक्षा उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखती है। दीर्घायु से जुड़े कई जीन पहचाने जा चुके हैं। अनेक आबादी-आधारित अध्ययनों में फाक्सो3 के कुछ वेरिएंट शतायु व्यक्तियों में अधिक पाए गए हैं। लेकिन कहानी केवल जीनों की नहीं है। ब्राजील की इन बहनों का जीवन बताता है कि पर्यावरण और जीवनशैली भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। ताजा भोजन और प्राकृतिक परिवेश में रहना उनके जीवन का हिस्सा था। यह सब स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव छोड़ सकता है। एक ही परिवार में कई लोगों का शतायु होना मजबूत आनुवंशिक संकेत देता है, फिर भी समुदाय और परिवार का सहयोग भी स्वस्थ वृद्धावस्था में निर्णायक भूमिका निभाता है।

बहरहाल, हम यह कह सकते हैं कि लंबी उम्र का राज 'जीन बनाम जीवनशैली' का सरल द्वंद्व नहीं, बल्कि दोनों के बीच जटिल संवाद का परिणाम है। निकट भविष्य में इस संवाद की भाषा को समझने में सफलता मिल सकती है।

(लेखक विज्ञान संचारक हैं)

योग्यता को मिले प्राथमिकता

'कसी जाए मंत्रियों के चयन की कसौटी' शीर्षक से प्रकाशित राजीव सचान के आलेख में भारतीय लोकतंत्र के एक ऐसे पक्ष को रेखांकित किया गया है, जिस पर गंभीर चर्चा आवश्यक है। वास्तव में लोकतंत्र की सफलता केवल चुनाव जीतने में नहीं, बल्कि योग्य, दूरदर्शी और परिणाम देने वाली टीम के गठन में निहित होती है। ऐसे में, मंत्रिमंडल गठन केवल राजनीतिक संतुलन का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का विषय है। दुर्भाग्य से दशकों तक मंत्रिपदों को अनेक बार जातीय समीकरण, क्षेत्रीय दबाव, गठबंधन की विवशता अथवा राजनीतिक पुरस्कार के रूप में देखा गया। इसका परिणाम यह हुआ कि कई महत्वपूर्ण मंत्रालय ऐसे व्यक्तियों के हाथों में पहुंचे, जिनकी न तो विषयगत समझ पर्याप्त थी और न ही प्रशासनिक दृष्टि। लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व आवश्यक है, किंतु प्रतिनिधित्व कभी भी योग्यता का विकल्प नहीं बन सकता। विविधता और दक्षता का संतुलन ही स्वस्थ शासन की पहचान है। आज आवश्यकता इस बात की है कि मंत्रियों के चयन के लिए कुछ स्पष्ट और वस्तुनिष्ठ मानदंड विकसित किए जाएं। केवल राजनीतिक वरिष्ठता या चुनावी उपयोगिता किसी मंत्रालय का आधार नहीं हो सकती। जिस प्रकार निजी क्षेत्र में प्रदर्शन का नियमित मूल्यांकन होता है, उसी प्रकार मंत्रियों के कार्यों का भी समय-समय पर सार्वजनिक मूल्यांकन होना चाहिए। यदि मंत्रिमंडल में योग्यता को ही सर्वोच्च प्राथमिकता मिलेगी, तो प्रशासनिक व्यवस्था स्वतः अधिक उत्तरदायी, परिणामोन्मुख और जनविश्वास के योग्य बनेगी।

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

मेलबाक्स

आम जन से सरकार का जुड़ाव

बुधवार को प्रकाशित आलेख 'मोदी की समावेशी राजनीति' में लेखक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सफल राजनीति का वर्णन किया है। प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का एक प्रमुख आधार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" का मंत्र रहा है। उन्होंने अपनी राजनीति में जाति, वर्ग और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। आज भाजपा का जनाधार समाज के सभी वर्गों तक विस्तारित हुआ है। पिछले एक दशक में केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, हर घर जल और किसान सम्मान निधि का लाभ बिना भेदभाव के पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया गया। सरकार का कार्यकलाप वसुधैव कुटुंबकम् की संस्कृति पर आधारित है।

हिमांशु शेखर केसपा, गयाजी, बिहार

अवसरवादी दृष्टिकोण

'व्यर्थ का विरोधपत्र' शीर्षक से प्रकाशित अग्रलेख भारतीय राजनीति के उस गहरे विरोधाभास को रेखांकित करता है जहां संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता अब राष्ट्रीय सहमति के बजाय चुनावी हार-जीत की सहूलियत से तय होने लगी है। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के विरुद्ध 23 विपक्षी दलों द्वारा देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना पहली नजर में लोकतांत्रिक सजगता प्रतीत हो सकता है, परंतु इसकी इनसाइड स्टोरी एक गंभीर प्रशासनिक संशय और राजनीतिक नैराश्य को परिलक्षित करती है। लोकतंत्र का बुनियादी स्तंभ एक त्रुटिहीन और पारदर्शी मतदाता सूची है। यदि मृत, फर्जी या स्थानांतरित मतदाताओं को हटाने की तकनीकी और जमीनी प्रक्रिया को भी वोट चोरी के राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ दिया जाएगा, तो व्यवस्था का मूल ढांचा ही ढह जाएगा। असम, बिहार और बंगाल के चुनाव परिणाम प्रमाण हैं कि जब परिणाम अनुकूल हों तो संस्थाएं निष्पक्ष हो जाती हैं, अन्यथा वे पक्षपाती नजर आती हैं। यह अवसरवादी दृष्टिकोण जनमानस में व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करता है। विपक्ष का यह तर्क आंशिक रूप से वैध हो सकता है कि केवल साफ्टवेयर और एल्गोरिदम के भरोसे नागरिकों के अधिकार नहीं छीने जा सकते। किंतु समाधान संगठनात्मक क्षमता मजबूत करने में है।

प्रमोद कुमार गोयल, मेरठ

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

45 हजार किमी से अधिक हाई-स्पीड रेल नेटवर्क का निर्माण किया चीन ने वर्ष 2008 से 2023 के दौरान। वहीं 1980 में चीन की शहरीकरण की दर लगभग 20 प्रतिशत थी, जो बढ़कर 65 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है।

आजकल

तीव्र प्रगति की राह में बाधाओं की पहचान

भारत में चीन के स्तर की औद्योगिक प्रगति की आकांक्षा की जाती है। लेकिन भारत की संस्थाएं और व्यवस्थाएं परियोजनाओं को तेजी से लागू करने के बजाय, अलग-अलग पक्षों के हितों और आपसी मतभेदों को सुलझाने के लिए बनाई गई हैं। जैसे-जैसे कारखानों, बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) और स्मार्ट सिटी के निर्माण में देरी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे हमारी शासन-व्यवस्था ही विकास की राह में सबसे बड़ी रुकावट बनती जा रही है। प्रशासनिक क्षमता में व्याप्त कमियों को दूर करते हुए देश की प्रगति की गति को बढ़ाया जा सकता है

डा. विकास सिंह
मैनेजमेंट गुरु तथा वित्तीय एवं समग्र विकास के विशेषज्ञ

विकास को संभव बनाने वाले सभी विभाग जब आपस में समन्वय कायम रखते हैं तो प्रगति तीव्र गति से होती है। फाइल

वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बनने का सपना भारत देख रहा है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे बड़े पैमाने पर कारखाने, बंदरगाह, लाजिस्टिक्स कारिडोर, औद्योगिक शहर और करोड़ों रोजगार पैदा करने होंगे- ठीक उसी स्तर पर जैसा चीन के उभार के समय देखा गया था। भारत की यह महत्वाकांक्षा पूरी तरह स्पष्ट है। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, सबसे अधिक आबादी वाला देश है, और वैश्विक निवेश के लिए एक बेहद आकर्षक ठिकाना बन चुका है। पश्चिमी देश भारत को चीन के सामने एक रणनीतिक संतुलन के रूप में देखते हैं, जबकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां इसे अपनी 'चीन-प्लस-वन' रणनीति का एक अहम हिस्सा मानती हैं। इसके बावजूद, भारत की सबसे महत्वपूर्ण लाजिस्टिक्स परियोजनाओं में से एक- 'डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर' के पश्चिमी हिस्से को पूरा होने में दो दशक लग चुका है।

पूरे देश में औद्योगिक पार्क, शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर और बड़ी विकास परियोजनाएं अक्सर भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी, कानूनी विवादों और प्रशासनिक तालमेल की कमी के कारण लटकी रहती हैं। महत्वाकांक्षा और उसे जमीन पर उतारने के बीच का यह अंतर अब स्वयं में एक बड़ा आर्थिक संकट बनता जा रहा है। दशकों तक अर्थशास्त्रियों को इस बात की चिंता थी कि भारत के पास पूंजी, विदेशी मुद्रा और बुनियादी ढांचे की कमी है। ये चुनौतियां पूरी तरह खत्म तो नहीं हुई हैं, लेकिन ये अब भारत की सबसे बड़ी कमियां नहीं हैं। आज भारत रिकार्ड स्तर पर निवेश आकर्षित कर रहा है, देश के पास 700 अरब डालर का विदेशी मुद्रा भंडार है, सड़कों, रेलवे व लाजिस्टिक्स पर भारी खर्च किया जा रहा है।

भारत के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती विकास के लिए पैसा जुटाने की नहीं है, बल्कि योजनाओं को समय पर पूरा करने की है। क्रियान्वयन की कमी जमीन, श्रम, अदालतें और नौकरशाही जैसे जाने-पहचाने कारण कुछ हद तक सच जरूर हैं, लेकिन ये समस्या की जड़ नहीं, बल्कि उसके लक्षण हैं। किसी भी देश का आर्थिक कायाकल्प एक बेहतरीन तालमेल की मांग करता है। कारखानों को जमीन, बिजली, सड़क, बंदरगाह, सप्लायर्स, कुशल श्रमिक और सरकारी मंजूरियों की जरूरत होती है। शहरों को परिवहन, आवास, साफ-सफाई और कुशल प्रशासन चाहिए होता है। औद्योगिक कारिडोर के लिए यह जरूरी है कि विभिन्न मंत्रालय, नियामक, राज्य सरकारें और स्थानीय प्रशासन लंबे समय तक एक ही दिशा में मिलकर काम करें। जब विकास के ये सारे हिस्से एक साथ कदम मिलाकर नहीं चल पाते, तो प्रगति की गति धीमी हो जाती है।

भारत के पास योजनाओं की कोई कमी नहीं है। कमी अगर किसी चीज की है, तो वह है समय पर जमीन हासिल करने, मंजूरियां दिलाने, बुनियादी ढांचे को जोड़ने और प्रोजेक्ट्स को समय से पूरा करने की क्षमता की। विकास सिर्फ कागजी नीतियों से नहीं होता, बल्कि प्रशासनिक कुशलता से होता है। यह अंतर इसलिए मायने रखता है क्योंकि आर्थिक विकास अब सिर्फ भारी निवेश पर नहीं, बल्कि विभागों के आपसी तालमेल पर निर्भर करता है।

चीन के विकास की कहानी : अक्सर चीन की कामयाबी का श्रेय वहां की तानाशाही या कम्युनिस्ट व्यवस्था को दिया जाता है। यह स्पष्टीकरण राजनीतिक रूप से तो सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन आर्थिक रूप से अधूरा है। चीन की असली ताकत उसकी प्रशासनिक क्षमता थी। साल 2008 से 2023 के बीच चीन ने 45 हजार किलोमीटर से अधिक की हाई-स्पीड रेल नेटवर्क का निर्माण किया। 1980 में जहां उसकी शहरीकरण की दर लगभग 20 प्रतिशत थी, वह आज बढ़कर 65 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। बंदरगाहों, निर्यात क्षेत्रों और मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स के आस-पास पूरे के पूरे औद्योगिक इकोसिस्टम खड़े कर दिए गए। चीन की उपलब्धि सिर्फ यह नहीं थी कि उसने कारखाने बनाए, बल्कि उसने ऐसी संस्थाएं बनाईं जो उन कारखानों को हर संभव मदद दे सकें।

चीन ने जमीन अधिग्रहण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इंडस्ट्रियल प्लानिंग को कभी भी मंजूरियों की सरकारी फाइलों में सालों-साल भटकने नहीं दिया गया। फैसले लिए गए और प्रोजेक्ट्स आगे बढ़े। गलतियां भी हुईं, कई बार बहुत बड़े पैमाने पर हुईं, लेकिन काम कभी ठप नहीं हुआ। भारत की चुनौती इसके ठीक उलट है। यहां शक्तियां मंत्रालयों, राज्यों, रेगुलेटरों, अदालतों, नगर निकायों और स्थानीय समुदायों के बीच बंटी हुई हैं। हर संस्था अपनी जगह सही भूमिका निभाती है, लेकिन इन सबसे मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनती है जहां किसी योजना को लागू करना अंतहीन समझौतों का खेल बन जाता है। यह अंतर आर्थिक रूप से बहुत भारी पड़ता है।

देरी होने से कंपनियों की वित्तीय लागत बढ़ जाती है, क्योंकि उन्हें मुनाफा कमाने से पहले लंबे समय तक अपनी पूंजी फंसाकर रखनी पड़ती है। नियमों का स्पष्ट न होना निवेश के फैसलों को और मुश्किल बना देता है। जो समस्या प्रशासनिक उलझन से शुरू होती है, वह अंत में देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए खतरा बन जाती है। भूमि अधिग्रहण इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स और मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स सभी को जमीन की जरूरत होती है। पर जमीन हासिल करने में लंबी बातचीत, अदालती मुकदमेबाजी और राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ता है। इनमें से कोई भी प्रक्रिया अनुचित नहीं है- लोकतंत्र का काम ही अलग-अलग पक्षों के हितों में संतुलन बनाना है। दिक्कत यह है कि आर्थिक बदलाव आपसी तालमेल पर निर्भर करता है, और यही तालमेल भारत की प्रशासनिक व्यवस्था की सबसे कमजोर कड़ियों में से एक है।

नतीजतन, हमारा विकास माडल रुकावटों और टकरावों से भरा हुआ है। प्रोजेक्ट्स आगे तो बढ़ते हैं, लेकिन उम्मीद से बहुत धीमी रफ्तार से। निवेशक रुचि तो दिखाते हैं, लेकिन अनिश्चितता के जोखिम की भरपाई के लिए अधिक लाभ की मांग करते हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर बनता तो है, लेकिन उस गति से नहीं जो औद्योगिक क्रांति को रफ्तार दे सके। विकास तो हो रहा है, लेकिन उस पर 'देरी' का एक गुप्त टैक्स लगा हुआ है।

प्रशासनिक दक्षता के साथ धरातल पर कार्य में तेजी

उद्योगीकरण हमेशा अपने साथ कुछ विजेता और कुछ पराजित लेकर आता है। जमीन अधिग्रहित करनी पड़ती है, इन्फ्रास्ट्रक्चर कारिडोर से स्थानीय बस्तियां प्रभावित होती हैं, और पर्यावरण से जुड़े समझौते करने ही पड़ते हैं। दुनिया की हर सफल औद्योगिक अर्थव्यवस्था ने इन तनावों का सामना किया है। सरकारों ने कड़े फैसले लिए और उनके राजनीतिक परिणामों को भुगता। भारत अक्सर कुछ अलग करने की कोशिश करता है। वह उद्योगीकरण के फायदे तो चाहता है, लेकिन उससे पैदा होने वाले टकरावों से बचना चाहता है। परिणामस्वरूप, प्रोजेक्ट्स अंतहीन विचार-विमर्श, मुकदमों या समझौतों के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं। कड़े फैसलों को सुलझाने के बजाय उन्हें आगे के लिए टाल दिया जाता है।

यहां समझना होगा कि हर विवाद को बातचीत से नहीं सुलझाया जा सकता, कुछ मामलों में कड़े फैसले लेने ही पड़ते हैं। यहीं पर प्रशासनिक क्षमता और राजनीतिक साहस का मिलन होता है। प्रशासनिक कुशलता जितनी जरूरी है, राजनीतिक इच्छाशक्ति भी उतनी ही मायने रखती है। सरकारों को कभी-कभी 'काम की रफ्तार' और 'आम सहमति' के बीच किसी एक को चुनना पड़ता है। भारत आज पहली दुनिया जैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर, चीन के स्तर की मैन्युफैक्चरिंग और वैश्विक स्तर की लाजिस्टिक्स तो चाहता है, लेकिन वह उन राजनीतिक कीमतों को चुकाने के लिए तैयार नहीं है जो इन बदलावों के साथ आती हैं। इस संतुलन को बनाए रखना बहुत मुश्किल है। फैसलों को टालना खुद में एक राजनीतिक रणनीति बन जाता है, क्योंकि कड़े फैसले लेने से बेहतर उन्हें टालना आसान होता है। लेकिन इस प्रकार के देरी की एक भारी कीमत चुकानी पड़ती है।

वस्तुतः मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था वाले देशों में सरकारें निवेशकों के लिए अनिश्चितताओं को कम करके प्रतिस्पर्धा करती हैं। इसके विपरीत, भारत में सरकारें उस अनिश्चितता की भरपाई (मुआवजा) देकर कंपनियों को रिझाती हैं। कंपनियां सिर्फ लेबर कास्ट या टैक्स दरों को नहीं देखतीं, वे काम के लटकने के जोखिम का भी आकलन करती हैं। जमीन कितनी जल्दी मिलेगी? इन्फ्रास्ट्रक्चर कितना भरोसेमंद है? मंजूरियां कितनी पारदर्शी हैं? और कानूनी विवादों को सुलझाने में कितना वक्त लगेगा? पीएलआइ योजनाओं को अक्सर औद्योगिक नीति के रूप में पेश किया जाता है, लेकिन वे एक और काम करती हैं। ये सब्सिडियां असल में उस तरह की देरी, तालमेल की कमियों और प्रशासनिक जोखिमों की भरपाई करती हैं जिन्हें एक कुशल प्रशासनिक व्यवस्था को पहले ही खत्म कर देना चाहिए था। इसलिए हमारी औद्योगिक नीति एक साथ दो मोर्चों पर काम कर रही है : यह निवेश को भी आकर्षित कर रही है और देश की प्रशासनिक क्षमता की कमी को भी ढक रही है। कारखानों को आकर्षित करने के लिए तो यह तरीका काफी हो सकता है, लेकिन पूरा औद्योगिक इकोसिस्टम खड़ा करना इससे कहीं ज्यादा मुश्किल काम है। कारखानों को सब्सिडी का लालच दिया जा सकता है, लेकिन सप्लायर नेटवर्क, प्रशासनिक दक्षता और संस्थागत भरोसा रातों-रात नहीं, बल्कि धीरे-धीरे बनता है।

(डा. विकास सिंह)

खरी-खरी

चार्वाक के अनुयायी

मनमोहन सिंह यादव

चार्वाक ने सदियों पहले यह कहा था- कि चिंता फिक्र छोड़कर खाओ, पियो और मौज करो, किंतु खाने के लिए उसने केवल खाद्य सामग्री की बात और पीने के लिए केवल घी के बारे में ही कहा था। यदि सोमरस पीने वाले उनके इस कथन से निराश हैं तो यह उनकी पीड़ा है, चार्वाक की नहीं। चार्वाक ने अपनी बात का लब्बो-लुआब करते हुए पुनः कहा था कि यदि किसी के पास पैसा नहीं है तो उसे भी निराश होने की जरूरत नहीं है, इस दुनिया में समझदार आदमी उधारी का घी भी पी सकता है।

मजे की बात यह है कि उस समय चार्वाक के अनेक अनुयायियों ने उधारी का घी पीकर अपने गुरु की बात को उचित सम्मान दिया था। चार्वाक के उन सभी अनुयायियों को यह पता था कि अगला जन्म तो है नहीं। नगद-उधारी इत्यादि से जो कुछ भी करना है इसी जन्म में कर लो। कल मयूर आएगा इस चक्कर में हाथ में आई हुई चिड़िया को नहीं छोड़ सकते।

लेकिन आज जमाना बदल गया है। आधुनिक चोर और चोरबादी खाने के मामले में तो चार्वाक से भी एक कदम आगे निकल गए हैं। मालपुआ और मलाई की जगह अब ये रुपये-पैसे और हीरे-जवाहरात खाने लगे हैं। पीने की तो बात छोड़ो, न जाने क्या-क्या पी जाते हैं?

खैर! मंदिर का चढ़ावा हो या फिर महल की तिजोरी, कर्ता भाव में रहने वाले सभी चोर अपना कुकृत्य कर ही लेते हैं। उन्हें पता है कि ऊपरवाला और कैमरा दोनों साक्षी भाव में रहते हैं। साक्षी भाव में रहने वाली सत्ता केवल देख सकती है, हाथ पकड़कर किसी को रोक नहीं सकती।

चोरों को यह भी पता होता है कि आज के जमाने में साहूकारी से तो घर-परिवार का पेट भरना भी मुश्किल होता है और मांगने पर तो भीख भी नहीं मिलती। दुनिया में सबसे विनम्र और अहिंसाबादी कार्य चोरी ही है। न किसी के साथ हाथापाई करनी पड़ती और न ही कोई शोर-शराबा करना पड़ता है। मौके की तलाश में रहने से उद्देश्य भी देरसबेर पूरा हो ही जाता है। चोरों को इस बात का पूरा यकीन है कि- ना बाप बड़ा ना भईया, सबसे बड़ा रुपैया। सो इसी भाव के आधार पर वे आगे बढ़ते रहते हैं...

पोस्ट

श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था हैं। इसलिए राम मंदिर से जुड़े हर रुपये का हिसाब भी पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। मंदिर हो या सरकार, जहां जनता की आस्था और धन जुड़ा हो, वहां पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य होनी चाहिए। भगवान श्रीराम के नाम से जुड़ी हर व्यवस्था को सत्य, मर्यादा और न्याय के मूल्यों पर खरा उतरना चाहिए।

डा. मुनीष रायजादा @MunishRaizada1

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण दुर्भाग्यपूर्ण है। एसआइटी रिपोर्ट के बाद चोरों पर केस भी हो चुका है। सजा उदाहरण बननी चाहिए, लेकिन इसके बहाने पूरे मंदिर को मिले समर्पण पर सवाल उठाना उचित नहीं। यदि इतनी ही लूट होती तो शायद इतने कम समय में इतना भव्य राम मंदिर तैयार न होता।

नवनीत मिश्रा @navneetmishra99

उत्तर प्रदेश में फ्लिपकार्ट के एक हजारवें केंद्र का खुलना यही दर्शाता है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी एक्सप्रेसवे, लाजिस्टिक्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक निवेश में लगातार आगे बढ़ रहा है। इससे यह भी पता चलता है कि यूपी में रिटेल नेटवर्क कितना मजबूत हो चुका है।

सुशांत झा @jhasushant

जागरण जनमत — कल का परिणाम

क्या जेईई की तरह नीट-यूजी परीक्षा भी दो चरणों में होनी चाहिए?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या सवालों से घिरे राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों के खिलाफ भी एफआइआर होनी चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

आशा लेकर 'अमन' की पत्र लिखें कुछ लोग,
दोस्त बनाना पाक को बहुत बड़ा है रोग।
बहुत बड़ा है रोग समझ में क्यों ना आए,
सौ-सौ धोखे खाय प्रेम का गीत सुहाए।
जब-जब की है बात मिली है हमें निराशा,
धूर्त देश के साथ रखें हम कैसे आशा!

-ओम प्रकाश तिवारी

धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश डायरी

व्यवधान ने बढ़ाई पदोन्नति की प्रतीक्षा

योग्यता, लंबे अनुभव और पात्रता के बावजूद सरकारी कर्मचारी पदोन्नति का इंतजार करते-करते सेवानिवृत्त हो जाए, तो इसे अन्याय कहेंगे या बिना अपराध की सजा? अधूरे सपनों और उम्मीदों की ऐसी कई कहानियां मध्य प्रदेश के उन सरकारी कर्मचारियों की जिंदगी का सच हैं, जिन्हें पदोन्नति में आरक्षण को लेकर रुकावट के चलते बिना पदोन्नत हुए सेवानिवृत्त होना पड़ा। फिलहाल हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक, कर्मचारी संगठनों से लेकर सरकार तक भटक रहे इस मुद्दे को आज भी ठोस निर्णय यानी सर्वमान्य समाधान का इंतजार है।

मध्य प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण की शुरुआत तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने की थी, लेकिन अप्रैल 2016 में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने उस नियम को ही न सिर्फ निरस्त किया, बल्कि निर्देश भी दिए कि आरक्षण नियमों का लाभ लेकर जिन्हें पदोन्नति मिली है, उसे निरस्त करते हुए उन्हें पदानवत किया जाए। सरकार से लेकर कर्मचारी संगठनों में जबरदस्त हलचल फैल गई और सरकार ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी। अदालत से यथास्थिति का निर्देश हुआ, लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका है। हालांकि इस बीच महाराष्ट्र में पदोन्नति में आरक्षण का मुद्दा आने पर सुप्रीम कोर्ट ने उसे भी मध्य प्रदेश के मामले में समाहित कर लिया। उम्मीद जगी कि विभिन्न राज्यों में कोई ऐसा समाधान निकल आएगा, जो देश भर में कर्मचारियों के लिए राहत भरा होगा, लेकिन इंतजार अंतहीन होता गया।

दरअसल, इस मामले को लेकर राजनीतिक दलों ने भी गंभीरता दिखाने के बजाय वोट बैंक का पूरा ध्यान रखा। कर्मचारी हितों पर जातिगत समीकरण हमेशा भारी पड़ता गया। चुनिंदा को खुश करने में सामान्य वर्ग नाराज हुआ, वहीं एससी-एसटी को मौका मिलने पर आरक्षण का दायरा तय करने पर रार बढ़ती गई। हुआ यूं कि मोहन सरकार ने वर्ष 2025 में भर्ती के नए नियम बनाए, जिसमें एससी को 16 प्रतिशत तथा एसटी को 20 प्रतिशत आरक्षण देना तय किया, लेकिन यह मामला भी हाई कोर्ट में चला गया। सामान्य वर्ग ने आपत्ति जताई कि इस 36 प्रतिशत आरक्षण के बाद शेष पदों पर पदोन्नति में एससी-एसटी को मौका न दिया जाए। हाई कोर्ट में बेंच बदल जाने से यह मामला शून्य घोषित हो चुका है।

प्रतीकात्मक

बड़ा सवाल है कि हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और सरकार की चौखट पर पहुंच कर भी ऐसे नियम तय नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों को समय रहते पदोन्नति का लाभ मिल जाए। सामान्य वर्ग की पीड़ा है कि राजनीति में हाशिए पर होने के बाद सरकारी सेवाओं में भी यह उपेक्षा का शिकार हो रहा है। प्राकृतिक न्याय की दृष्टि से देखा जाए तो जब नौकरी प्राप्त करने में एक बार आरक्षण का लाभ मिल गया, तो पदोन्नति के लिए भी आरक्षण का लाभ मिलना योग्यता और अनुभव के परिप्रेक्ष्य में कैसे बतौर नियम स्थापित हो सकता है? सबसे बड़ी मुश्किल यह भी है कि देश के सभी राज्यों में पदोन्नति और आरक्षण को लेकर एकरूप नियम नहीं बनाए जा सके हैं। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग स्थितियां हैं। उत्तर प्रदेश में कर्मचारी वरिष्ठता के क्रम में पदोन्नत हो रहे हैं, वहीं मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है, जबकि अखिल भारतीय सेवाओं में पदोन्नति के नियम पूर्व की स्थिति में लागू हैं। तय समय के बाद पदोन्नति दी जा रही है।

बिना पदोन्नति पाए सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारी इन स्थितियों की तुलना अंग्रेजी शासन काल से करने में नहीं चूकते। वे कहते हैं कि उस दौर में अंग्रेज अधिकारियों के लिए कोई नियम-कानून बाधा नहीं बनते थे, जबकि भारत के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तमाम नियम तय कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया जाता था। उनकी पीड़ा है कि योग्यता और अनुभव होने के बावजूद वे अपने अधिकार से वंचित रह गए। ऐसी मुश्किलें वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों के साथ भी हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उम्मीद है कि सरकार इस मुद्दे पर कोई निर्णय लेकर वर्षों से हो रहे अन्याय को रोकने में सफल होगी।

पदोन्नति में आरक्षण कर्मचारियों और सरकार का मुद्दा है, लेकिन इसका खासा प्रभाव सरकारी कामकाज और जनता को मिलने वाली सुविधाओं पर पड़ रहा है। पदोन्नति न होने से महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं या अतिरिक्त प्रभार के बोझ तले दबे हैं, वहीं बड़ी संख्या में पदों पर भर्ती भी नहीं हो पा रही है। सुशासन के संकल्प में यह बड़ी बाधा है। कोई संदेह नहीं है कि मोहन सरकार एक नई लकीर खींचना चाहती है, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों की पर्याप्त व्यवस्था के बिना यह मुश्किल भरा होगा। ऐसे में सरकार को कर्मचारी हितों के अलावा जनहित और सुशासन के लिहाज से भी पदोन्नति में आरक्षण के मामले में समाधान के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा।

हिमाचल प्रदेश डायरी

मानिए आप, यही लोग आदर्श हैं!

नवनीत शर्मा
राज्य संपादक, हिमाचल प्रदेश

हाल में हिमाचल प्रदेश ने दो ऐसे घटनाक्रम देखे जिन्हें सामान्य भाषा और समझ में दो 'छोटी-छोटी' खबरें कहा जाता है। एक यह कि हिमाचल प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची इस पद पर अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही सरकारी आवास छोड़कर निजी आवास में चले गए। दूसरी खबर यह कि जनजातीय जिले लाहुल-स्पीति के तिगरट बूथ पर एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता पलजोम बुट्टी ने उफनते हुए नाले को बुलडोजर पर बैठ कर इसलिए पार किया, क्योंकि वह राष्ट्रीय सघन पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का भाग हैं और उनके तिगरट बूथ पर न पहुंचने का एक ही अर्थ होता कि वह अपनी ड्यूटी से चूक गईं। ये दो उदाहरण सरकारी सेवा के अधिकारी और कर्मचारी वर्ग से हैं। सवाल उठता है कि ये दोनों घटनाएं क्यों महत्वपूर्ण हैं।

जिस प्रदेश में कई अधिकारी अपने अधिकार की भावना यानी सेंस आफ एंटाइटलमेंट के सार्वजनिक प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार पा चुके हों, जहां कतिपय कर्मचारी शिकायतों और कराहों के स्रोत बनते हों, वहां ये उदाहरण नहीं सहेजे गए तो दुस्साहस ही प्रचार पाएगा, साहस नहीं। कोई कारण है कि साहस के साथ किसी ने सु उपसर्ग नहीं देखा। क्या बड़ी बात है कि अनिल खाची ने सरकारी मकान खाली कर दिया? इसलिए बड़ी बात है, क्योंकि आत्मसम्मान, व्यवस्था, अनुशासन और कार्यसंस्कृति इसी से झलकते हैं। भारतीय पुलिस सेवा से जुड़े एक अधिकारी पर पुलिस के शीर्ष प्रशासन को पौने दो लाख रुपये से अधिक की पेनल्टी लगानी पड़ी है। क्योंकि जिस पद से वह फरवरी के आरंभ में मुक्त हुए वहां मार्च तक ही ठहर सकते थे। संभव है उनकी भी विवशता रही, कोई कारण रहा हो कि वह आवास नहीं छोड़े, किंतु बाहर तो तथ्य यही है कि आवास नहीं छोड़ा। जो उनके स्थान पर आए हैं, वह अपने पद से जुड़े आवास में न ठहर कर कहीं और ठहर रहे हैं।

सेवाओं में टकराहट पहले भी होती होगी, लेकिन उसका सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं किया जाता था। परस्पर सम्मान इतना था कि 1997 में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी मनीषा श्रीधर कांगड़ा से शिमला की उपायुक्त बन कर गईं तो सीधे उपायुक्त आवास में गईं। वहां तत्कालीन उपायुक्त शिमला वीसी फारका ने पहले ही अपना सामान एक कमरे में समेट रखा था। कहीं कोई टकराहट, 'आवास विस्तार' या असमंजस नहीं। तरुण श्रीधर बिलासपुर के उपायुक्त बने। उपायुक्त आवास न जाकर विश्राम गृह में ठहरने के लिए पहुंचे ही थे कि लैंडलाइन पर बिलासपुर के निवर्तमान उपायुक्त सरोज कुमार दाश और उनकी पत्नी का फोन आया कि आप अपने आवास में आइए। तरुण कहते हैं, 'मैंने कहा कि आप को क्यों तंग करूंगा तो जवाब आया कि इतना बड़ा घर है, मिल कर रह लेते हैं। और उसके बाद दाश साहब शिमला चले गए। श्रीमती दाश एवं उनके पुत्र-पुत्री एक माह तक वहीं रहे। हमलोग परिवार की तरह एक साथ रहे।' इसके बरक्स हाल में हिमाचल में ऐसा मामला भी देखा गया कि आवास को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर हो गई।

आवास के प्रसंग में ही यह सेंस आफ एंटाइटलमेंट नहीं तो क्या है कि हर सरकार बदलने के साथ अधिकारी जिस आवास में जाता है, वहां नए सिरे से रंग रोगन या पर्दे ही नहीं बदलवाता, आवास का पुनः 'उद्धार' भी करता है... जैसे उससे पहले वहां रहने वाला अधिकारी किसी सुविधाविहीन सादा कुटिया में रह रहा था। यह काम राजनीतिक लोग भी करते हैं, किंतु अधिकारियों की सेंस आफ एंटाइटलमेंट के तेवर ही अलग होते हैं। एंटाइटलमेंट का यह संक्रमण राजनीतिक लोगों या अधिकारियों तक सीमित नहीं है। जिन्हें इन सब पर दृष्टि रखनी है, वे लोग भी लाभार्थी बनते हैं। राजधानी में आवास के तलबगार और भी हैं जिनके घर हैं शिमला में, लेकिन सरकारी आवास तो सरकारी ही होता है न। हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट अथारिटी से दस लाख के सेब यदि राजस्थान के अधिकारियों तक गए तो कोई कारण होगा। होली की पार्टी का बिल आयोजक के बजाय सरकार के माथे मढ़ा जा रहा था तो कोई वजह रही होगी।

इस सबमें आदर्श की स्थापना का आग्रह कहता है कि अनिल खाची के साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ता पलजोम बुट्टी को भी मानक माना जाए। पलजोम कह सकती थी कि परिस्थितियां आदर्श नहीं, मौसम ठीक नहीं आदि आदि... किंतु पलजोम का जोर कर्तव्य पर था, बहानों या शिकायतों पर नहीं। यह भी याद रहना चाहिए कि पलजोम जैसे कर्मचारी राष्ट्रीय महत्व के अभियानों के कर्मचारी होने के बावजूद बहुत अच्छा वेतन, मानदेय या पारिश्रमिक नहीं पाते हैं, किंतु वे लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं। पलजोम अकेली नहीं हैं। इससे पहले मंडी की कमला देवी को भी उफनती नदी पार करने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के संस्थापक सायरस पूनावाला ने दिसंबर, 2025 में घर बुला कर पांच लाख रुपये की सम्मानराशि दी थी। कमला से पहले मंडी के सराज की आशा वर्कर गीता देवी को दुर्गम क्षेत्रों में अपने मोटरसाइकिल के सहारे खसरा और रुबेला टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सम्मानित किया था, अपने कैलेंडर के मुखपृष्ठ पर स्थान दिया था। कुल्लू की निर्मला को कैसे भूल सकते हैं आप जो वैक्सीन देने के लिए मलाणा जैसे क्षेत्र में 15 किमी बर्फ पर चली थी।

कर्तव्य के पथ पर: बुलडोजर पर बैठ कर नाला पार करती पलजोम बुट्टी। वीडियो ग्रैब

कोल इंडिया का उत्पादन पहली तिमाही में 7.5% घटा

नई दिल्ली: सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोयला उत्पादन 7.5 प्रतिशत घटकर 16.96 करोड़ टन रह गया। यह गिरावट ऐसे समय में आई है जब बिजली क्षेत्र से मांग मजबूत बनी हुई है और गर्मियों में खपत रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। कोल इंडिया की देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। इसने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में 18.33 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। (प्रेट्र)

केंद्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआइ की अनुमति दिए जाने के बाद साधारण बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी स्वामित्व से जुड़े दो प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।
- अजय सेठ, चेयरमैन, बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण

सेंसेक्स	76,922.64 ▲ 443.97	निफ्टी	24,005.85 ▲ 140.10	सोना प्रति दस ग्राम	₹ 1,44,500 ▼ ₹ 1,300	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹ 2,35,000 ▲ ₹ 5,000	$ डालर	₹ 95.16 ▲ ₹ 0.60	क्रूड प्रति बैरल	$ 72.17

शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 444 अंक चढ़ा

मुंबई, प्रेट्र: वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बीच लगातार दो सत्र की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 443.97 अंक की बढ़त के साथ 76,922.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 631.41 अंक चढ़कर 77,110.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 140.10 अंक की बढ़त के साथ 24,005.85 पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 249.70 अंक और एनएसई निफ्टी 80.50 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ था। ब्रेंट क्रूड का भाव 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72.17 डालर प्रति बैरल के आसपास रहा।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और स्टेट बैंक आफ इंडिया प्रमुख बढ़त वाले शेयरों में शामिल थे। एचसीएल टेक्नोलाजीज, टेक महिंद्रा, टीसीएस, टाटा स्टील और इन्फोसिस गिरावट वाले शेयरों में शामिल थे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई225 और चीन का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स बढ़ते में जबकि दक्षिण कोरिया का कास्पी गिरावट में रहा। हांगकांग के बाजार बंद थे।

76,922.64 पर बंद हुआ बीएसई का मानक सूचकांक

140 अंक बढ़कर 24,005 पर बंद हुआ एनएसई निफ्टी

2,276 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई

बाजारों ने वर्ष 2026 की दूसरी छमाही की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की है। क्रूड की नरम कीमतों ने धारणा को मजबूत किया। **-विनोद नायर, रिसर्च हेड,** जियोजित इन्वेस्टमेंट्स

रुपया 60 पैसे कमजोर होकर 95.16 प्रति डॉलर पर

डालर के मुकाबले रुपया बुधवार को 60 पैसे कमजोर होकर 95.16 पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में डालर की मजबूती से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी बाजारों में डालर के मजबूत होने, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और एशियाई मुद्राओं में व्यापक कमजोरी के कारण डालर-रुपये की विनिमय दर पर दबाव देखा गया। इसके अलावा, डालर सूचकांक के 95 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करने के बाद बाजार धारणा और अधिक सतर्क हो गई। रुपया डालर के मुकाबले 94.67 प्रति डालर पर खुला। कारोबार के दौरान डालर के मुकाबले 94.60 से 95.29 के दायरे में रहा।

प्रतिभूति धोखाधड़ी में सेबी ने 221 इकाइयों पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली, प्रेट्र: मार्केट रेगुलेटर सेबी ने 'पंप-एंड-डंप आपरेशन' यानी प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले में 221 इकाइयों पर सात साल तक के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही व्यक्तिगत निवेशक हनीफ शेख पर 10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

'पंप-एंड-डंप आपरेशन' प्रतिभूति धोखाधड़ी का एक रूप है। धोखाधड़ी करने वाले पहले किसी छोटी या कम कारोबार वाली कंपनी के शेयर खरीदते हैं और फिर इंटरनेट मीडिया के जरिये झूठी अफवाहें फैलाकर शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाते (पंप) हैं और फिर शेयरों को उच्च कीमतों पर बेच देते (डंप) हैं। यह मामला 2017 से 2020 के बीच पांच शेयरों में बड़े पैमाने पर 'पंप-एंड-डंप' से जुड़ा है। शेख इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता है। सेबी ने आदेश में कहा कि हनीफ शेख ने एक सुनियोजित धोखाधड़ी साजिश रची, जिसमें 200 से अधिक आपस में जुड़े हुए संस्थान शामिल थे। इन्हें 'पीवी इन्फ्लुएंसर', 'कोलैबोरेटर' और 'आफलोडर' जैसी भूमिकाएं दी गई थीं, ताकि अवैध लाभ को विभिन्न माध्यमों से घुमाकर शेख या उसके नियंत्रण वाली कंपनियों तक पहुंचाया जा सके। इस घोटाले से करीब 143.79 करोड़ रुपये का अवैध लाभ अर्जित किया गया।

शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाकर बेचने के मामले में हैं दोषी, व्यक्तिगत निवेशक हनीफ शेख पर 10 करोड़ का जुर्माना

साइबर सुरक्षा क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की भारी कमी

46% पद साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञों के अब भी हैं रिक्त

30% से भी कम कंपनियां अपस्किलिंग प्रोग्राम के लिए देती हैं फंड

तकनीकी विशेषज्ञता के साथ कारोबारी समझ रखने वाले साइबर सुरक्षा पेशेवरों की वैश्विक स्तर पर भारी कमी है। जिसके कारण इस क्षेत्र के 46 प्रतिशत पद अब भी रिक्त हैं। सूचना प्रौद्योगिकी परामर्श कंपनी एक्सेंचर की रिपोर्ट में यह बात सामने आई। 'रीइन्वेंटिंग द साइबर वर्कफोर्स' नाम की रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में 59 प्रतिशत पदों के लिए तकनीकी दक्षता, कारोबार की समझ और नेतृत्व संबंधी कौशल की जरूरत होती है। वहीं मौजूदा कार्यबल में केवल 40 प्रतिशत लोग ही ऐसे पदों पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'आधुनिक साइबर सुरक्षा अब डिजिटल प्लेटफार्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के इस्तेमाल, नियामकीय जवाबदेही, परिचालन की मजबूती और ग्राहकों के भरोसे पर आधारित है।'

व्यावहारिक कौशल का संतुलन भी एक समस्या

एक्सेंचर के 5,50,000 से अधिक साइबर सुरक्षा संबंधित रोजगार और पेशेवर पदों के विश्लेषण से पता चला कि असली चुनौती केवल साइबर सुरक्षा पेशेवरों की संख्या की नहीं है, बल्कि यह भी है कि क्या उनमें व्यवहारिक कौशल का संतुलन है।

1.8 वर्ष रह गई औसत सेवा अवधि घटकर

कर्मचारियों की औसत सेवा अवधि में भी गिरावट आई है। वर्ष 2015 से 2025 के दौरान साइबर सुरक्षा पेशेवरों की औसत सेवा अवधि घटकर 1.8 वर्ष रह गई है, जबकि 2005 से 2015 के बीच यह 3.3 वर्ष थी। इसका प्रमुख कारण लगातार कार्य दबाव और मानसिक तनाव बताया गया है।

3.3 वर्ष थी औसत सेवा अवधि 2005 से 2025 के बीच

साइबर सुरक्षा पर कंपनियां नहीं कर रहीं ज्यादा निवेश

नौकरी छोड़ने के इन दबावों के बावजूद कंपनियों की ओर से निवेश की कमी बनी हुई है। 30 प्रतिशत से भी कम आर्गनाइजेशन व्यवस्थित अपस्किलिंग प्रोग्राम के लिए फंड देते हैं, और 57 प्रतिशत टैलेंट की कमी का सीधा कारण अपर्याप्त निवेश को बताते हैं। एआइ के तेजी से बढ़ते उपयोग ने स्थिति को और जटिल बना दिया है तथा वर्ष 2020 के बाद से एआइ आधारित साइबर सुरक्षा कौशल की मांग दोगुने से अधिक बढ़ गई है।

साइबर सुरक्षा में एआइ अहम भूमिका निभाएगा, लेकिन इसे इंसानी समझ और सही तरीके से लागू करने की प्रक्रिया से नियंत्रित करना चाहिए। इसलिए इसमें इंसानों की भूमिका मुख्य होनी चाहिए। साइबर-एआइ के लिए ऐसा वर्कफोर्स तैयार करें जो जरूरी स्किल्स, समझ और आपरेटिंग माडल से लैस हो, ताकि लोग बेहतर फैसले तेजी से ले सकें। काबिलियत की कमी कोई सैद्धांतिक बात नहीं है। यही वजह है कि कई घटनाएं संकट का रूप ले लेती हैं।

हरप्रीत सिद्धू, साइबर सिक्योरिटी प्रमुख, एक्सचेंजर

एक नजर में

जून में बिजली खपत में 11.62% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली: मानसून के देर से आने के चलते जून में भारत की बिजली की खपत 11.62 प्रतिशत बढ़कर 166.46 अरब यूनिट हो गई। पिछले साल की समान अवधि में कुल बिजली खपत 149.13 अरब यूनिट थी। पिछले महीने पीक डिमांड भी जून 2025 के 242.77 गीगावाट से बढ़कर 264.76 गीगावाट हो गई। दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 जून, 2026 को केरल पहुंचा था। (प्रेट्र)

सोने में गिरावट जारी, चांदी 5,000 रुपये मजबूत

नई दिल्ली: वैश्विक बाजार में कमजोरी और डालर के मजबूत होने से सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 1,300 रुपये घटकर 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। (प्रेट्र)

केनरा बैंक ने मनाया 121वां स्थापना दिवस

बेंगलुरु : केनरा बैंक ने बुधवार को अपना 121वां स्थापना दिवस मनाया। बैंक 10,097 शाखाओं, 11,306 एटीएम और कैश रीसाइकलर नेटवर्क के साथ 12 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है। बैंक वित्तीय समावेशन और आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका निभा रहा है। बैंक ने कृषि, खुदरा व हाउसिंग लोन के साथ एमएसएमई सेगमेंट में एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाया है। (वि)

एक लाख रुपये तक महंगी हुई बीवाईडी की कार

नई दिल्ली: इलेक्ट्रिक कार कंपनी बीवाईडी इंडिया ने अपने कुछ वेरिएंट की कीमतों में एक लाख रुपये तक की वृद्धि का एलान किया। कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह वृद्धि महंगे होते कच्चे माल, मौजूदा महंगाई के दबाव और भारत में नेटवर्क बढ़ाने व एडवांस्ड टेक्नोलाजी में लगातार निवेश के चलते की गई है। कीमतों में यह वृद्धि बीवाईडी एटो3, बीवाईडी सील और बीवाईडी सीलायन7 के खास वेरिएंट में की गई है। (प्रेट्र)

जून में 1.95 लाख करोड़ जीएसटी संग्रह

आटोमोबाइल व उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री में तेजी का असर, पिछले साल से 14% बढ़ा कलेक्शन

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: जीएसटी संग्रह में तेजी का सिलसिला जारी है। आटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री में तेजी से जून का जीएसटी संग्रह 1,94,800 करोड़ रहा जो पिछले साल जून के मुकाबले 14 प्रतिशत अधिक है। जून के जीएसटी संग्रह में सीजीएसटी की हिस्सेदारी 37,376 करोड़, एसजीएसटी की 45,116 करोड़ तो आईजीएसटी की 1,12,320 करोड़ की रही।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीएसटी संग्रह 6.32 लाख करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि की तुलना में 8.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष के पहले तीन महीने में 5.82 लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह किया गया था। पिछले साल सितंबर में जीएसटी की दरों में बदलाव से भी जीएसटी संग्रह में तेजी आई है। वित्त मंत्रालय का दावा है कि 12 प्रतिशत कर के दायरे में आने वाले उपभोक्ता उत्पाद पर जीएसटी दर पांच प्रतिशत करने के बाद उनकी बिक्री में वृद्धि हुई है। जीएसटी का संग्रह सीधे तौर पर वस्तु की बिक्री से जुड़ा है। जितनी अधिक वस्तु की बिक्री होगी, जीएसटी का संग्रह भी उतना ही अधिक होगा। सितंबर में जब सैकड़ों वस्तुओं की जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया गया था, तब जीएसटी संग्रह में गिरावट की आशंका जाहिर की गई थी। उस समय जानकारों ने कहा था कि जीएसटी कम होने से वस्तुओं की बिक्री बढ़ेगी और इस कारण संग्रह पर फर्क नहीं पड़ेगा।

यूपी के टैक्स कलेक्शन में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जून माह में उत्तर प्रदेश के जीएसटी संग्रह में पिछले साल जून के मुकाबले 19 प्रतिशत, पंजाब में 14 प्रतिशत, दिल्ली में आठ प्रतिशत, बिहार में पांच प्रतिशत, हरियाणा में नौ प्रतिशत, तेलंगाना में 11 प्रतिशत तो गुजरात में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

6.32 लाख करोड़ रहा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कुल संग्रह

● आयात से मिलने वाला जीएसटी राजस्व 34% बढ़ा

पश्चिम एशिया में संघर्ष के चलते आर्थिक गतिविधियों में रुकावटों के बावजूद जीएसटी का मासिक संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े के करीब पहुंच रहा है। यह देश की आर्थिक मजबूती को दिखाता है। **-एमएस मणि,** डेलाइट इंडिया के पार्टनर

हिमाचल प्रदेश में कर संग्रह 26 प्रतिशत घटा

जम्मू-कश्मीर के जीएसटी संग्रह में 15 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 26 प्रतिशत, उत्तराखंड में 21 प्रतिशत, राजस्थान में पांच प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच प्रतिशत, झारखंड में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

यात्री वाहनों की बिक्री चार लाख इकाई से अधिक रहने का अनुमान, मारुति ने दो लाख कारें बेचीं

देश में यात्री वाहनों की बिक्री जून में तेज रही है। इस दौरान घरेलू बाजारों में बिक्री लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर चार लाख इकाई रहने का अनुमान है। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स पीवी और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन से बिक्री बढ़ी है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने दो लाख यूनिट की बिक्री की जो पिछले साल जून की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि जीएसटी सुधार, 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर में राहत जैसे कदम घरेलू बाजार में मांग को बढ़ावा दे रहे हैं।

स्टार्टअप के युवा उद्यमी टिकाऊ कारोबार पर कर रहे फोकस

मुंबई, प्रेट्र: हुरुन इंडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 30 साल से कम उम्र के उद्यमियों द्वारा जुटाई गई आधी से ज्यादा रकम प्रोडक्ट डेवलपमेंट और बाजार विस्तार में लगाई जा रही है। यह टिकाऊ कारोबार बनाने पर बढ़ते फोकस को दिखाता है। इन कंपनियों ने प्रोडक्ट डेवलपमेंट पर 27 प्रतिशत और बाजार व भौगोलिक विस्तार में 26 प्रतिशत पूंजी लगाई है। नतीजे बताते हैं कि कंपनियों के युवा संस्थापक गैर-जरूरी खर्चों के बजाय लंबे समय तक चलने वाले प्रोडक्ट बनाने और मार्केट विस्तार को प्राथमिकता दे रहे हैं। वे निवेशकों का काफी ध्यान भी आकर्षित कर रहे हैं।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारतपे ने सबसे ज्यादा 18 राउंड में पूंजी जुटाई है। इसके बाद सिंपल एनर्जी और जेप्टो का नंबर आता है। इन्होंने 15-15 राउंड में पूंजी जुटाई है। जबकि पिक्सल ने 11 राउंड और बाज बाइक्स ने पूंजी जुटाने के अब तक नौ राउंड पूरे किए हैं।

जुटाई गई आधी से ज्यादा रकम प्रोडक्ट डेवलपमेंट में लगा रहे, जेप्टो इस साल का सबसे ज्यादा फंडिंग पाने वाला स्टार्टअप

रिपोर्ट के अनुसार, जेप्टो इस साल की सबसे ज्यादा फंडिंग पाने वाला स्टार्टअप है। उसने अब तक 2.3 अरब डालर जुटाए हैं। इसके बाद फिनटेक भारतपे का नंबर आता है और उसने 65 करोड़ डालर जुटाए हैं जबकि क्लीन मोबिलिटी कंपनी सिंपल एनर्जी 9.9 करोड़ डालर जुटाकर तीसरे स्थान पर है। पूंजी जुटाने में स्पेस टेक्नोलाजी भी पीछे नहीं हैं। 20 साल के एपोलिंक के ओंकार सिंह बत्रा और सुपरमेमोरी के ध्रव्य शाह इस सूची में सबसे कम उम्र के लोग हैं।

चार साल बाद जून में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों की बढ़ोतरी धीमी रही

नई दिल्ली, प्रेट्र: देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियों की वृद्धि जून में धीमी पड़ गई। नए कारोबारी आर्डर और अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने से खरीद, रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआइ) मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर आ गया। यह 2022 के मध्य के बाद से क्षेत्र की स्थिति में दूसरा सबसे कमजोर सुधार दर्शाता है।

पीएमआइ में 50 से ऊपर का स्तर गतिविधियों में विस्तार और 50 से नीचे का स्तर संकुचन को दर्शाता है। सर्वेक्षण के अनुसार, कई कंपनियों ने मांग की स्थिति में सुधार की बात कही, जबकि कुछ कंपनियों ने अपने उत्पादों की मांग कमजोर रहने और बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख किया। भारतीय वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय मांग जून में भी बढ़ी, लेकिन इसकी रफ्तार 39 महीनों में सबसे कमजोर रही। इसकी वजह कुछ यूरोपीय बाजारों में कमजोर बिक्री बताई गई। कीमतों के मोर्चे पर, मांग की वृद्धि कमजोर पड़ने से उत्पादक कीमतें बढ़ाने के प्रति कम उत्सुक दिखे। उत्पादन कीमतों में बढ़ोतरी मध्यम रही और पिछले तीन महीनों में सबसे कम दर्ज की गई। इस बीच, मांग और बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा कमजोर पड़ा। अगले एक वर्ष में उत्पादन बढ़ने का अनुमान लगाने वाली कंपनियों का अनुपात आधा रह गया। बड़ी संख्या में मैन्युफैक्चरर्स ने तटस्थ रुख अपनाया, जिससे समग्र कारोबारी आशावाद पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया।

● नए कारोबारी आर्डर और अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने से खरीद, रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही

● मांग की वृद्धि कमजोर पड़ने से उत्पादक कीमतें बढ़ाने के प्रति कम उत्सुक दिखे

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

यूपीआइ लेनदेन रिकार्ड उच्चस्तर से घटकर 28.9 लाख करोड़ पर आया

नई दिल्ली, प्रेट्र: जून में यूपीआइ के जरिये होने वाला लेनदेन रिकार्ड उच्चस्तर से घटकर 28.90 लाख करोड़ रुपये रह गया। मई, 2026 में यूपीआइ लेनदेन 29.90 लाख करोड़ रुपये के रिकार्ड उच्चस्तर पर रहा था। एक साल पहले इसी महीने में 24.03 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ था और इस तरह सालाना आधार पर ट्रांजेक्शन में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

एनपीसीआइ के मुताबिक, जून में यूपीआइ लेनदेन की संख्या 22.72 अरब दर्ज की गई, जो मई के 23.20 अरब से कम थी। जून, 2025 में यूपीआइ लेनदेन की संख्या 18.3 अरब दर्ज की गई थी। कैश फ्री पेमेंट्स के सह संस्थापक रिजू दत्ता ने कहा, 'हालांकि जून में यूपीआइ से लेनदेन महीने-दर-महीने कम हुआ है, लेकिन इस महीने प्रतिदिन औसतन 75.7 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए जो लांच के बाद से अब तक का सबसे ज्यादा आंकड़ा है। रोजाना के औसत आंकड़े बताते हैं कि कैसे यूपीआइ कम मूल्य वाले ट्रांजेक्शन भुगतान का डिफाल्ट तरीका बन गया है।' स्पाइस मनी के सीईओ दिलीप मोदी के अनुसार, जून के यूपीआइ आंकड़े इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि न केवल ट्रांजेक्शन 22.7 अरब से ज्यादा हुए हैं बल्कि ये उस रफ्तार को दिखाते हैं, जिससे पिछले एक साल में डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम बढ़ा है। यूपीआइ यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मारिशस और कतर सहित आठ से ज्यादा देशों में चालू है, जिससे भारत डिजिटल पेमेंट में ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित हुआ है।

मई, 2026 में यूपीआइ लेनदेन 29.90 लाख करोड़ के रिकार्ड उच्चस्तर पर रहा, पिछले साल यह 24.03 लाख करोड़ था

राष्ट्रीय फलक

सहारनपुर में आवारा कुत्ते ने बालक को नोच-नोच कर मार डाला

जासं, सहारनपुर : आवारा कुत्तों के आतंक पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। परचून की दुकान से खाने का सामान लेने गए बालक पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुछ ही देर में नोच-नोचकर अधमरा कर दिया। अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई। नाराज लोगों ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

जुबैर का पांच वर्षीय पुत्र अकदस बुधवार सुबह आठ बजे घर से 50 मीटर दूर असलम की परचून की दुकान से ब्रेड के लिए माचिस व अपने लिए टोस्ट लेने जा रहा था। रास्ते में अकदस पर आवारा कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने लाठी-डंडों से कुत्ते को भगाया। बच्चे को सीएचसी ले गए। चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अमेरिका ने रूस संबंधी प्रतिबंध सूची से चार भारतीय कंपनियों को हटाया

वाशिंगटन, प्रेट्र : अमेरिका ने रूस से संबंधित अपने प्रतिबंधों की सूची से चार भारतीय कंपनियों के नाम हटा दिए हैं। इन कंपनियों पर रूस के सैन्य-औद्योगिक अड्डे को उन्नत तकनीक और उपकरणों की आपूर्ति करने के आरोप लगाए गए थे।

अमेरिकी वित्त विभाग की विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय की विशेष रूप से नामित नागरिक और प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची से इन कंपनियों के नाम हटाए गए हैं। वित्त विभाग की ओर से मंगलवार को साझा की गई जानकारी के अनुसार, जिन चार कंपनियों से प्रतिबंध हटाया गया है, उनमें हैदराबाद स्थित आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलाजीज प्राइवेट लिमिटेड, लोकेश मशीन लिमिटेड, अहमदाबाद स्थित गैलेक्सी बेयरिंग्स और नई दिल्ली स्थित

- सूची से जिन कंपनियों के नाम हटाए गए उनमें नई दिल्ली की भी एक कंपनी
- रूसी सैन्य-औद्योगिक अड्डे को उपकरण आपूर्ति के लगाए गए थे आरोप

शौर्य एयरोनाटिक्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। अमेरिका ने अक्टूबर 2024 में गैलेक्सी बेयरिंग्स लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाया था।

उस पर रोलर बेयरिंग्स और रोलर असेंबली समेत कई उच्च प्राथमिकता वाले दोहरे उपयोग वाले उपकरणों को रूसी कंपनियों को निर्यात करने का आरोप लगाया गया था। शौर्य एयरोनाटिक्स प्राइवेट लिमिटेड पर रूस को रडार, रेडियो नौवहन सहायता उपकरण, रेडियो रिमोट कंट्रोल उपकरण और इलेक्ट्रिकल उपकरणों की खेप भेजने के आरोप थे।

दिवालिया प्रक्रिया में ईडी कार्रवाई पर रोक की अपेक्षा नहीं कर सकती कंपनी

नई दिल्ली, प्रेट्र : नेशनल कंपनी ला अपीलाट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने कहा है कि दिवालिया घोषित होने की प्रक्रिया से गुजर रही कोई कंपनी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर रोक की अपेक्षा नहीं कर सकती है। कंपनी इसकी आड़ में अपनी संपत्ति को बचाने की कोशिश नहीं कर सकती जो उसने किसी अपराध के जरिये अर्जित की हो। इसी के साथ एनसीएलएटी ने ईडी की प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत सिद्धि विनायक लाजिस्टिक लिमिटेड पर कार्रवाई को सही बताया है और उस पर किसी तरह की रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। अपीलाट ट्रिब्यूनल ने कहा, पीएमएलए के तहत ईडी की किसी भी जब्ती की कार्रवाई की न्यायिक प्रक्रिया के तहत समीक्षा होगी।

मास्टरमाइंडों के खिलाफ लुकआउट नोटिस की तैयारी

जासं, पटना

महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले के आरोपितों की गिरफ्तारी और परीक्षा रद होने के बाद, अब जांच एजेंसियां इस रैकेट की आखिरी कड़ी तक पहुंचने की कोशिया में लगी है। इस सिलसिले में महाराष्ट्र पुलिस की एक विशेष टीम बिहार में डेरा डाले हुए है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले के मास्टरमाइंड बिजेंद्र गुप्ता और कपिल दहिया के देश छोड़ भागने की आशंका है, जिसे देखते हुए पुलिस दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कराने की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है।

महाराष्ट्र सरकार के कड़े रुख को देखते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड्स के खिलाफ मकोका के तहत भी सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। मंगलवार की देर रात मुंबई पुलिस टीम ने वैशाली जिले के हाजीपुर में छापेमारी कर एक युवक को हिरासत में लिया। साथ ही दो अन्य को भी पकड़ा है, जिनसे पूछताछ जारी है। ये तीनों संदिग्ध मुख्य आरोपित बिजेंद्र के बेहद करीबी हैं।

महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक मामला

- महाराष्ट्र पुलिस की एक विशेष टीम कर रही छापेमारी

जांच में यह बात सामने आई है कि जब 27 जून को ठाणे से पुलिस ने पटना निवासी राजीव साह, आकाश और हरियाणा के धीरज को चार सेट प्रश्नपत्रों संग गिरफ्तार किया था, तब बिजेंद्र दिल्ली स्थित फ्लैट पर था। गिरफ्तारी की खबर मिलते ही वह पटना पहुंचा।

एफएसएसएआइ ने पेप्सिको सहित छह एनर्जी ड्रिंक कंपनियों को थमाए नोटिस

नई दिल्ली, प्रेट्र : खाद्य नियामक एफएसएसएआइ ने एनर्जी ड्रिंक बेचने वाली रेड बुल और पेप्सिको इंडिया समेत छह कंपनियों को गलत ब्रांडिंग और भ्रामक दावों के लिए नोटिस जारी किए हैं। एफएसएसएआइ ने कहा कि उसने एनर्जी ड्रिंक के लिए कोई मानक अधिसूचित नहीं किया है।

एफएसएसएआइ ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा- "एफएसएसएआइ ने कई पेय ब्रांडों को नोटिस जारी किए हैं जोकि एनर्जी ड्रिंक होने का दावा करते हैं, उन पर गलत ब्रांडिंग व गुमराह करने का आरोप है। इन छह ब्रांडों में रेड बुल एनर्जी ड्रिंक, पेप्सिको एड्रेनालाइन रश एनर्जी ड्रिंक, रिलायंस प्रोडक्ट्स का कैंपा एनर्जी ड्रिंक- गोल्ड बूस्ट, स्टिंग एनर्जी ड्रिंक, हेल एनर्जी व कोका-कोला का मांस्टर एनर्जी ड्रिंक शामिल हैं।

व्यक्ति दुर्भावना का शिकार तो हो जाता है, लेकिन उसकी दुर्भावना उसके दुश्मन के बजाय उसे ही अधिक दुख देती है।

– चार्ल बक्सटन

मुश्किलों के बीच

पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त होने को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच भारत की अर्थव्यवस्था के फिर से रफ्तार पकड़ने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर में गिरावट और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ अब देश में विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि भी धीमी पड़ गई है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, विनिर्माण में वृद्धि का आंकड़ा इस वर्ष मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर पहुंच गया। यही नहीं, नई कारोबारी मांग और अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर सुस्त रहने से वस्तुओं की खरीद, रोजगार सृजन और उत्पादन की रफ्तार भी कम हो गई है। यानी कुछ उपक्रमों को छोड़ दिया जाए, तो देश के ज्यादातर क्षेत्रों की वृद्धि में गिरावट देखी जा रही है, जिसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। हालांकि, महंगाई से राहत दिलाने के लिए तेल कंपनियों ने बुधवार को वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर पर 183.50 रुपए और विमान ईंधन में पांच रुपए प्रति लीटर की कटौती की है, लेकिन पिछले दिनों बढ़ाए गए दामों के मुकाबले यह राहत बेहद कम है।

इसमें दोराय नहीं कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय था, लेकिन सवाल यह है कि सरकार की ओर से इसके प्रभाव को कम करने के लिए समय रहते वैकल्पिक उपाय तलाशने पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? ऐसा भी नहीं है कि सरकार इस संकट की संभावनाओं से अनभिज्ञ थी। दावे किए जाते रहे कि स्थिति को संभालने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, मगर इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आते हैं। एचएसबीसी की मासिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष जून में भारतीय वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में वृद्धि की रफ्तार 39 महीनों में सबसे कमजोर रही। इससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि भारतीय निर्यात कारोबार पर कितना गहरा असर पड़ा है। सर्वेक्षण में कई कंपनियों ने माना है कि उन्हें हाल के दिनों में नई नियुक्तियां रोकनी पड़ीं या उन्हें कम कर दिया गया। इससे स्पष्ट है कि लोगों को रोजगार के मोर्चे पर भी नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा मांग और बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा भी कमजोर पड़ा है। खासकर विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार को लेकर रुख असमंजस भरा रहा है, जिस कारण विदेशी निवेश की निकासी का सिलसिला जारी है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि आने वाले दिनों में स्थिति सामान्य होने को लेकर भी भरोसा घट रहा है। यही वजह है कि अगले एक वर्ष में उत्पादन बढ़ने का अनुमान लगाने वाली कंपनियों का अनुपात इस वर्ष मई की तुलना में जून में आधा रह गया है। वहीं, तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में संघर्ष से कीमतों में आई तेजी के बाद वाणिज्यिक एलपीजी और विमान ईंधन के दामों में पहली बार कटौती की है। मगर सवाल है कि क्या महंगाई से यह राहत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस के दामों में आई कमी के सामान अनुपात में है? अक्सर यह देखा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने का हवाला देकर देश में ईंधन के दामों में बढ़ोतरी कर दी जाती है, लेकिन जब वैश्विक बाजार में कीमतें कम होती हैं, तो उनका पूरा लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाता है।

भ्रष्टाचार की दीमक

भ्रष्टाचार एक ऐसी दीमक है, जो किसी भी देश की प्रगति, अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को अंदर से खोखला कर देती है। व्यवस्था में यह रोग न केवल आम जनता के विश्वास को तोड़ता है, बल्कि विकास के अवसरों को सीमित कर समाज में असमानता की खाई को और गहरा कर देता है। देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने का भरोसा दिलाते हैं, मगर सत्ता में आने के बाद उनकी नाक के नीचे करोड़ों रुपए के घोटालों की जमीन तैयार हो जाती है। इसका ताजा उदाहरण हरियाणा में करीब पांच सौ करोड़ रुपए का वह घोटाला है, जिसमें संलिप्तता के आरोप में बीते मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक वरिष्ठ आइएएस अधिकारी को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन गिरफ्तार किया है। जाहिर है कि यह वित्तीय हेराफेरी एक-दो दिन या या फिर सप्ताह भर में तो नहीं हुई होगी, ऐसे में सवाल है कि शासन-प्रशासन में उच्च पदों पर बैठे लोगों और सतर्कता एजंसियों को इसकी भनक पहले क्यों नहीं लगी?

देश में वित्तीय गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाए गए हैं, इसके बावजूद अगर भ्रष्टाचार का सिलसिला थम नहीं रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सरकारी विभागों में कई ऐसे मामले होते हैं, जो कभी पकड़ में ही नहीं आते हैं या फिर उन्हें जानबूझकर दबा दिया जाता है। जो मामले सामने आते हैं, उनमें भी ज्यादातर का खुलासा तब होता है, जब करोड़ों रुपए इधर से उधर कर दिए जाते हैं। हरियाणा में आइडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में भी यही हुआ। गिरफ्तार किए गए वरिष्ठ आइएएस अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में रहते हुए करीब 169 करोड़ रुपए का गबन किया है। इस मामले में दो बैंक अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इससे पता चलता है कि वित्तीय हेराफेरी को अंजाम देने के लिए साठगांठ के जरिए किस तरह एक तंत्र खड़ा कर दिया जाता है। जांच में सामने आया है कि संबंधित महकमे के जो करोड़ों रुपए बैंक खाते में भेजे गए, बाद में उन्हें फर्जी तरीके से निकाल लिया गया। इससे स्पष्ट है कि सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही का किस कदर अभाव है।

महंगाई से आर्थिक संकट की आहट

देश में इस वर्ष मई में थोक महंगाई दर बढ़कर 9.68 फीसद हो गई, जबकि अप्रैल में यह करीब 8.3 फीसद थी। यह आंकड़ा अर्थव्यवस्था पर संकट की ओर इशारा करता है।

रंजना मिश्रा

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से हाल में जारी एक रिपोर्ट के आंकड़ों से पता चलता है कि मई 2026 में थोक महंगाई दर में भारी उछाल दर्ज किया गया और यह 9.68 फीसद पर पहुंच गई है। अगर हम इसकी तुलना अप्रैल 2026 से करें, तो तब यह दर लगभग 8.3 फीसद के करीब थी। केवल एक महीने के भीतर महंगाई का इतनी तेजी से ऊपर जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की अर्थव्यवस्था में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है। यह आंकड़ा देश के हर एक नागरिक, हर छोटे-बड़े व्यापारी और हर उद्योग पर पड़ने वाले सीधे असर की ओर इशारा करता है। महंगाई ने न केवल देश के शीर्ष नीति-निर्माताओं और अर्थशास्त्रियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, बल्कि आम जनता के घर के बजट को भी पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

दरअसल, थोक महंगाई मुख्य रूप से वह दर है, जिस पर थोक बाजार में चीजों की बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री होती है। यानी जब कोई बड़ा कारखना या उत्पादक अपना तैयार माल थोक विक्रेताओं या वितरकों को बेचता है, तो वस्तुओं की कीमतों में जो बदलाव आता है, उसे इसी दर से मापा जाता है। हालांकि आम आदमी सीधे तौर पर थोक बाजार से सामान नहीं खरीदता है, लेकिन अर्थशास्त्र का यह नियम है कि जब थोक में सामान महंगा होता है, तो कुछ ही समय बाद खुदरा बाजार में भी उसी अनुपात में दाम बढ़ जाते हैं। थोक महंगाई आज की कड़वी सच्चाई है, जिसकी आंच कल आम आदमी की रसोई और जेब तक तेजी से पहुंचने वाली है।

केंद्र सरकार ने हाल ही में महंगाई को मापने के इस पारंपरिक तरीके में एक बड़ा बदलाव किया है। लगभग 14 वर्षों बाद थोक महंगाई सूचकांक के आधार वर्ष को पूरी तरह बदल दिया गया है। पहले यह आधार वर्ष 2011-12 हुआ करता था, लेकिन अब इसे अद्यतन कर वर्ष 2022-23 कर दिया गया है। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य आज की बदलती अर्थव्यवस्था की असली तस्वीर को सामने लाना है। इतना ही नहीं, पहले के सूचकांक में सिर्फ 697 वस्तुओं की कीमतों पर नजर रखी जाती थी, लेकिन अब नई प्रणाली में 957 अलग-अलग वस्तुओं को शामिल कर लिया गया है। इस नए सूचकांक में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और परमाणु बिजली को पहली बार शामिल किया गया है। इसके साथ ही, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी से हटा कर 'ईंधन और ऊर्जा' के समूह में डाल दिया गया है। सरकार ने इस मूल्य निर्धारण प्रणाली को दुनिया के विकसित देशों के मानकों के अनुरूप बनाने के लिए और अधिक पारदर्शी तरीके से 'प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स' (पीपीआइ) की शुरुआत भी की है।

सवाल है कि थोक महंगाई ने अचानक इतनी तेज छलांग क्यों लगाई? दरअसल, थोक महंगाई की इस आग में सबसे ज्यादा घी डालने का काम ईंधन की कीमतों ने किया है। नई रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि मई 2026 में ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र की महंगाई दर 30.33 फीसद के चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 24.89 फीसद थी। इसका प्रमुख कारण पश्चिम एशिया में चल रहा भू-राजनीतिक तनाव और देशों के बीच का संघर्ष है। जब भी दुनिया के उस संवेदनशील हिस्से में अशांति होती है, जहां से पूरी दुनिया को कच्चा तेल मिलता है, तो ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल विदेश से ही खरीदता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल ने भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर दिया है।

यह सवाल महत्त्वपूर्ण है कि आखिर थोक महंगाई ने इतनी तेज छलांग क्यों लगाई? दरअसल, महंगाई की इस आग में घी डालने का काम ईंधन की कीमतों ने किया है। सरकार की नई रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि मई 2026 में ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र की महंगाई दर 30.33 फीसद के चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 24.89 फीसद थी। इसका प्रमुख कारण पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजा संकट है। जब भी विश्व के इस संवेदनशील हिस्से में अशांति होती है, जहां से पूरी दुनिया को कच्चा तेल मिलता है, तो ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल ने भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर दिया है।

दूसरी ओर, खाद्य महंगाई हमेशा से भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में संवेदनशील मुद्दा रही है, क्योंकि एक आम भारतीय परिवार की आय का बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ खाने-पीने की बुनियादी चीजों पर ही खर्च होता है। रिपोर्ट के अनुसार, मई 2026 में खाने-पीने की चीजों की थोक महंगाई दर भी तेजी से उछल कर 4.49 फीसद पर पहुंच गई है, जो अप्रैल में 3.11 फीसद के स्तर पर थी। अगर हम सिर्फ प्राथमिक खाद्य वस्तुओं के सूचकांक को देखें, तो यह दर 3.60 फीसद तक जा पहुंची है। यानी अनाज, फल और दूध जैसी बुनियादी चीजों के दाम भी थोक मंडियों में तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से तिलहन और मसालों की कीमतों में भारी उछाल देश भर में चिंता का विषय बना हुआ है। इसके पीछे मुख्य रूप से दो बड़े कारण जिम्मेदार हैं। पहला, माल ढुलाई का महंगा होना, क्योंकि किसानों के खेतों से निकल कर मंडियों और फिर दुकानों तक अनाज पहुंचाने में डीजल का भारी मात्रा में इस्तेमाल होता है। दूसरा बड़ा कारण मौसम की अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन है। पिछले कुछ समय में कम बारिश, बेमौसम बरसात और बढ़ते तापमान ने कृषि उत्पादन पर काफी बुरा असर डाला है।

इस महंगाई का एक और बेहद गंभीर पहलू हमारे देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से सीधे तौर पर जुड़ा है। ये छोटे उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं और सबसे अधिक रोजगार इन्हीं क्षेत्रों से पैदा होता है। जब बड़े कारखानों में महंगाई बढ़ती है, तो उनके पास अक्सर इतना पैसा और बाजार की शक्ति होती है कि वे उस झटके को सह सकें या उसे आसानी से ग्राहकों तक पहुंचा सकें, लेकिन छोटे उद्योगों के पास यह सुविधा नहीं होती। जब किसी छोटे कारखाने को कच्चे माल के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है और साथ ही उसे परिवहन और बिजली का भी भारी बिल चुकता करना पड़ता है, तो उसका थोड़ा-बहुत मुनाफा भी खत्म हो जाता है। अगर वह अपनी चीजों की कीमत बहुत बढ़ा देता है, तो आम ग्राहक उसे खरीदना बंद कर देते हैं और बड़ी कंपनियों के उत्पाद खरीदने लगते हैं। इस दोहरी मार से कई छोटे कारखाने बंद होने के कगार पर पहुंच जाते हैं। जब ये बंद होते हैं, तो वहां काम करने वाले श्रमिकों का रोजगार भी छिन जाता है।

किसी व्यक्ति का रोजगार जाने का मतलब है कि उस पूरे परिवार की सामान खरीदने की क्षमता का खत्म हो जाना। जब लोग बाजार से सामान खरीदना कम कर देते हैं, तो मांग तेजी से घट जाती है और जब मांग घटती है, तो अर्थव्यवस्था की रफ्तार स्वाभाविक रूप से धीमी पड़ने लगती है। थोक महंगाई की यह नई रिपोर्ट केवल बढ़ती कीमतों का एक साधारण संकेत नहीं है, बल्कि यह हमारे उद्योग जगत के सामने खड़े एक बहुत बड़े आर्थिक संकट की चेतावनी भी है। जब तक ऊर्जा की अपनी जरूरतों के लिए भारत की निर्भरता दूसरे देशों के कच्चे तेल पर ज्यादा बनी रहेगी, तब तक देश की अर्थव्यवस्था इसी तरह विदेशी झटकों का शिकार होती रहेगी। इस समस्या का एकमात्र स्थायी समाधान यही है कि भारत को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक एवं स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की तरफ अपने कदम मजबूती से बढ़ाने होंगे, ताकि वह ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

विवेक की कसौटी

प्रथमेश मणि तिवारी

हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां किसी व्यक्ति, विचार, संस्था या परंपरा की आलोचना को अक्सर उसके प्रति विरोध या घृणा के रूप में समझ लिया जाता है। सार्वजनिक जीवन में यह प्रवृत्ति इतनी गहरी हो चुकी है कि लोग किसी भी असहमति को तुरंत दो खांचों में बांट देते हैं। या तो आप पूरी तरह समर्थन में हैं, या फिर पूरी तरह विरोध में। बीच की कोई जगह मानो बची ही नहीं है। मगर क्या वास्तव में ऐसा है? क्या किसी चीज की आलोचना करना उसे अस्वीकार करना होता है? क्या सुधार की इच्छा को हमेशा विद्रोह के रूप में ही देखा जाना चाहिए?

आधुनिकता की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है आत्मचिंतन या स्वप्रतिबिंबन। इसका अर्थ अपने आसपास की दुनिया को ही नहीं, बल्कि स्वयं को भी आलोचनात्मक दृष्टि से देखना है। यह प्रक्रिया अस्वीकार की नहीं, बल्कि सुधार की है। इसका उद्देश्य किसी संबंध को तोड़ना नहीं, बल्कि उसे अधिक न्यायपूर्ण और सार्थक बनाना है। इस बात को समझने के लिए परिवार से बेहतर उदाहरण कोई नहीं हो सकता। एक पुत्र अपने पिता से प्रेम करता है, उनका सम्मान करता है, उन्हें अपने जीवन का आधार मानता है। इसका अर्थ यह नहीं कि पिता की हर बात, हर निर्णय और हर व्यवहार को आंख मूंदकर सही मान लिया जाए। कई बार पुत्र अपने पिता की किसी आदत, किसी निर्णय या किसी दृष्टिकोण की आलोचना करता है। यह आलोचना उनके प्रति घृणा से नहीं, बल्कि इस विश्वास से उत्पन्न होती है कि संबंध इतना मजबूत है कि उसमें सुधार की बात कही जा सकती है।

यही बात संस्थाओं और समुदायों पर भी लागू होती है। किसी संस्था का सदस्य होना केवल उसके गुणगान का दायित्व नहीं देता। सदस्यता का अर्थ यह भी है कि व्यक्ति उसके भीतर मौजूद कमियों को पहचाने और उन्हें सामने रखने का साहस करे। अगर कोई विद्यार्थी विश्वविद्यालय की नीतियों पर प्रश्न उठाता है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह विश्वविद्यालय विरोधी है। अगर किसी देश का कोई नागरिक अपने देश की किसी नीति की आलोचना करता है, तो यह आवश्यक नहीं कि वह देशद्रोही हो। किसी धार्मिक समुदाय का कोई सदस्य अपनी परंपराओं के कुछ पक्षों पर पुनर्विचार की मांग करता है, तो यह भी उसके विश्वास के परित्याग का प्रमाण नहीं है।

अफसोस की बात है कि आज आलोचना को निष्ठा के विपरीत खड़ा कर दिया गया है। ऐसा मान लिया गया है कि प्रेम का अर्थ केवल प्रशंसा है और असहमति का अर्थ केवल विरोध। जबकि वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल और मानवीय है। किसी व्यक्ति, संस्था या विचार के प्रति सबसे गहरा लगाव कई बार उसी व्यक्ति को होता है जो उसकी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने की चिंता करता है। समाजशास्त्र में आत्मचिंतन की अवधारणा इसी दिशा में हमें सोचने के लिए प्रेरित करती है। आत्मचिंतन का अर्थ केवल दूसरों का मूल्यांकन करना नहीं, बल्कि स्वयं की सामाजिक स्थिति, अपने विशेषाधिकारों और अपनी सीमाओं को भी समझना है। हम जिस परिवार, जाति, वर्ग, भाषा, धर्म या क्षेत्र में जन्म लेते हैं, वह हमारे अनुभवों को आकार देता है।

अक्सर हम अपनी स्थिति को सामान्य और सार्वभौमिक मान लेते हैं। मगर जब हम आत्मचिंतन करते हैं, तब हमें एहसास होता है कि दुनिया को देखने का हमारा दृष्टिकोण भी सामाजिक परिस्थितियों से निर्मित है। यह एहसास हमें विनम्र बनाता है। हम समझने लगते हैं कि हमारे अनुभव ही अंतिम सत्य नहीं है। किसी दूसरे व्यक्ति की पीड़ा, संघर्ष या आकांक्षा हमारी कल्पना से भिन्न हो सकती है। आज जब समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है, तब आत्मचिंतन की आवश्यकता पहले से अधिक है। हम दूसरों की गलतियों को तुरंत पहचान लेते हैं, लेकिन अपनी धारणाओं और पूर्वाग्रहों की जांच करने से बचते हैं। हम चाहते हैं कि दूसरे बदलें, लेकिन स्वयं के परिवर्तन को टालते रहते हैं। यही कारण है कि संवाद कठिन होता जा रहा है।

संवाद तभी संभव है, जब व्यक्ति अपने विचारों को अंतिम और पूर्ण सत्य मानने के बजाय उन्हें जांचने और परखने के लिए तैयार हो। इसी संदर्भ में महात्मा गांधी ने हृदय परिवर्तन की बात की थी। इसका अर्थ किसी व्यक्ति या समुदाय को शत्रु मानकर उसका विनाश करना नहीं है, बल्कि आत्मपरीक्षण, नैतिक जागृति और अपने आचरण की समीक्षा करना है। उनका यह दृष्टिकोण आधुनिक आत्मचिंतन की अवधारणा से जुड़ा हुआ है। किसी व्यक्ति, संस्था या समाज को बेहतर बनाने के लिए पहले यह स्वीकार करना पड़ता है कि उसमें कमियां हैं। साथ ही यह विश्वास भी जरूरी है कि उन कमियों को दूर किया जा सकता है।

शायद लोकतांत्रिक जीवन की सबसे बड़ी चुनौती भी यही है। हमें आलोचना और अस्वीकार के बीच का अंतर समझना होगा। हमें यह स्वीकार करना होगा कि किसी चीज से प्रेम करना और उसकी आलोचना करना एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। वास्तव में कई बार सच्ची आलोचना प्रेम का ही एक रूप होती है। वह इस विश्वास से जन्म लेती है कि सुधार संभव है और संबंध इतने मूल्यवान हैं कि उन्हें बेहतर बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। आत्मचिंतन हमें यही सिखाता है कि हम अपने समय, अपने समाज और स्वयं को प्रश्नों के घेरे में रखने का साहस विकसित करें। यह साहस विनाश का नहीं, निर्माण का है और अस्वीकार का नहीं, सुधार का है। और शायद इसी में संवेदनशील, अधिक लोकतांत्रिक और ज्यादा मानवीय समाज की संभावना छिपी हुई है।

दुनिया मेरे आगे

अक्सर हम अपनी स्थिति को सामान्य और सार्वभौमिक मान लेते हैं। मगर जब हम आत्मचिंतन करते हैं, तब हमें एहसास होता है कि दुनिया को देखने का हमारा दृष्टिकोण भी सामाजिक परिस्थितियों से निर्मित है। तब हम समझने लगते हैं कि हमारे अनुभव ही अंतिम सत्य नहीं है।

आस्था पर आघात

अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे पर विवाद ने करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को चोट पहुंचाई है। जिस स्थान की सुरक्षा चौबीस घंटे अत्याधुनिक तकनीक और बहुस्तरीय व्यवस्था के बीच होती हो, वहां यदि करोड़ों की दानराशि और बहुमूल्य धातुओं की चोरी की बात सामने आए, तो यह केवल आश्चर्य का विषय नहीं, बल्कि प्रबंधन, प्रशासन और समाज तीनों के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है। यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि दानराशि और व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले कुछ लोग ही इसमें शामिल थे, तो यह श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात होगा। मंदिर को अब तक हजारों करोड़ रुपए का चढ़ावा प्राप्त हुआ है। ऐसे में यदि दान राशि में अनियमितता सामने आती है, तो यह केवल प्रबंधन की चूक नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की जवाबदेही का प्रश्न बन जाता है। यदि जांच के दौरान किसी अधिकारी या कर्मचारी की आर्थिक स्थिति में असामान्य वृद्धि अथवा अन्य संदिग्ध तथ्य सामने आते हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। किसी भी धार्मिक संस्था का संचालन पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए।

– अरविंद रावल, झाबुआ

नागरिकता का सवाल

जिस तरह से विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट को नागरिकता का दस्तावेज मानने से इनकार कर दिया है, इससे लगता है कि कोई ऐसा दस्तावेज अब लोगों के पास बचा नहीं, जिससे वह अपनी नागरिकता साबित कर सके। आए दिन केंद्र सरकार नागरिकता के विषय में कोई कोई न कोई संशोधन करती रहती है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि किस दस्तावेज को भारत के लोग अपनी नागरिकता के लिए उचित और वैध मानें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, और मतदाता पहचानपत्र जैसे दस्तावेजों की शृंखला में अब पासपोर्ट का भी नाम जुड़ गया है। विदेश मंत्रालय के बयान पर कई विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाया है और चिंता जताई है। किसी भी देश के लोगों को मूल अधिकार एक नागरिक के तौर पर मिलते हैं, लेकिन जब नागरिकता साबित करने के लिए कोई साक्ष्य ही नहीं रहेगा, तो क्या ऐसे में उन मौलिक अधिकारों का कोई आधार बचेगा।

– शाहिद हाशमी, नई दिल्ली

तकनीक के जोखिम

सोशल मीडिया ने संचार की दुनिया को बदल दिया है। आज कोई भी व्यक्ति सूचना के साथ अपने विचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति को कुछ ही क्षणों में लाखों लोगों तक पहुंचा सकता है। एक छोटी-सी सूचना भी देखते ही देखते पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन जाती है। आज आम व्यक्ति से लेकर नेता, कलाकार, व्यवसायी और संस्थान तक सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। शिक्षा, व्यापार, जन-जागरूकता, आपदा प्रबंधन और सामाजिक अभियानों में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही इसके कुछ नकारात्मक पक्ष भी हैं। फर्जी सूचनाएं, अफवाहें, साइबर अपराध और भ्रामक सूचनाएं समाज के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं। बड़ी संख्या में लोग आभासी दुनिया में अधिक समय बिताने लगे हैं, जिससे पारिवारिक संवाद और सामाजिक संबंध भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में सोशल मीडिया का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना जरूरी है।

– हिमांशु शेखर, गयाजी

पर्यावरण की फिक्र

पर्यावरण को बचाने के लिए सभी पुराने वृक्षों का संरक्षण जरूरी है। खास तौर से सूख रहे वृक्षों पर हमें ध्यान देना होगा, ताकि उनको बचाया जा सके। भारतीय परंपरा में कुछ वृक्ष तो आस्था के भी प्रतीक हैं। इसके अलावा मनुष्यों के जीवन में उनकी बड़ी भूमिका है। भीषण गर्मी में ये ठंडी छांव तो देते ही हैं, साथ ही ये वायु शोधक भी हैं। ये कार्बन डाइआक्साइड को सोख कर जीवनदायिनी आक्सीजन प्रदान करते हैं। हरे-भरे वृक्ष कुछ जहरीली गैसों को सोख कर हवा को सांस लेने योग्य बनाते हैं। आज के दौर में जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है, उसे देखते हुए पेड़ों को बचाना कितना जरूरी है, यह बात समझनी होगी। पेड़ों से ही धरती पर तापमान नियंत्रण में रहता है। इसलिए पुराने वृक्षों की देखभाल जरूरी है। साथ ही बड़ी संख्या में हमें नए पौधे भी लगाने चाहिए।

– संजय वर्मा 'दृष्टि', मनावर, धार

संपादकीय

बाई गेल्या...!

बाई आल्या, त्यांनी पहिले पाऊल टाकले आणि अवघी रंगभूमी उजळून गेली. स्वातंत्र्याचा सूर्य पाहिलेल्या विजया मेहता रंगभूमीवर आल्या, तो काळच भारावलेला होता. स्वातंत्र्यानंतर नवा देश उभा राहत होता. महाराष्ट्राचे स्वतंत्र व्यक्तिमत्त्व सिद्ध होत होते. नवनव्या प्रवाहांना आवाज मिळू लागला होता. पालावरची माणसे पुस्तकाच्या पानावर येत होती. डुलकी घेत असलेल्या मराठी साहित्याला भालचंद्र नेमाडे यांच्या 'कोसला'ने जागे केले होते. बाबूराव बागुल, नामदेव ढसाळ, नारायण सुर्वे, शंकर पाटील मराठी सारस्वतांना वेगळे विश्व दाखवत होते. विजय तेंडुलकर, जयवंत दळवी नाटकाची परिभाषा बदलून टाकत होते. याच काळात वैश्विक भान असलेल्या विजयाबाईंनी मराठी रंगभूमीचे व्याकरणच बदलून टाकले. मराठी रसिकांना त्यांनी जग दाखवले. स्वातंत्र्योत्तर काळातील भारतीय रंगभूमीला दिशा दिली. विजया मेहता या खरे तर अत्यंत कसदार अभिनय करणाऱ्या देखण्या अभिनेत्री; मात्र दिग्दर्शनाकडे त्यांचा नैसर्गिक कल होता. लंडनला जाऊन नाट्यप्रशिक्षण घेऊन आलेल्या त्या मराठी रंगभूमीवरील पहिल्या रंगकर्मी. 'ॲब्सर्ड' नाटकाची ओळख मराठी रंगभूमीला कोणी करून दिली असेल, तर ती विजया मेहतांनी! मराठी रंगभूमीला त्यांनी काय दिले नाही? व्याकरण दिले. गती दिली. शास्त्र दिले. जगाचे भान दिले. सौंदर्यशास्त्र दिले. नाटके तरी किती सांगावीत! 'बॅरिस्टर', 'हमीदाबाईची कोठी', 'पुरुष', 'यशोदा', 'संध्याछाया', 'वाडा चिरेबंदी'. प्रायोगिक रंगभूमीची मुहूर्तमेढ तर त्यांनी रोवलीच, पण प्रगल्भ व्यावसायिक नाटकेही दिली. मुख्य म्हणजे, बाईंच्या विद्यापीठात अनेक लेखक, कलावंत, दिग्दर्शक घडले. त्यांच्या तालमीत तयार झाले. शेक्सपियरच्या 'ऑथेल्लो' या नाटकाचे मराठी रूपांतर असलेल्या 'झुंजाररव' या नाटकात 'कमळजा' म्हणून त्या दिसल्या! 'नॅशनल स्कूल ऑफ ड्रामा'मध्ये इब्राहिम अल्काझी त्यांना भेटले आणि मग एक अनुभवसंपन्न, विचारसमृद्ध असे रंगपर्व सुरू झाले. संस्थात्मक अधिष्ठानाशिवाय रंगभूमी विस्तारणार नाही, हे लक्षात आल्यानंतर बाईंनी 'रंगायन' ही संस्था सुरू केली. विजय तेंडुलकर, डॉ. श्रीराम लागू, विजया मेहता असे प्रतिभावंत एकत्र आल्यानंतर रंगभूमीवर काय चमत्कार घडतो, तो रसिकांनी तेव्हा अनुभवला. सादरीकरण, अभिनय, दिग्दर्शन यात नवेपणा काय असतो, याचा धडा त्यांनी दिला. अनेक संस्थांसोबत तर त्यांनी काम केलेच; पण स्वतःच त्या एक संस्था झाल्या होत्या. कला ही काही शिकण्याची गोष्ट नाही, असे मानण्याचा तो काळ. कवी, लेखक, कलावंत हे जन्मावेच लागतात, अशी भूमिका सर्वमान्य. जन्मदत्त काही असेलच; मात्र प्रयत्नपूर्वक, परिश्रमपूर्वक, अभ्यास करून, शिस्तबद्ध पद्धतीने अनेक गोष्टी करता येतात, हे रंगभूमीला विजया मेहता यांनी तेव्हा शिकवले. त्यांना पूर्णत्वाचा ध्यास, प्रयोगाची आस होती. अर्थशास्त्र आणि राज्यशास्त्र अशा विषयांमध्ये मुंबई विद्यापीठातून पदवी मिळवल्यानंतर नाटकाच्या ओढीतूनच त्यांनी दिल्ली गाठली. मग त्या जगभर फिरल्या आणि जग त्यांनी इथे आणले. मॅक्झिम गॉर्की, आयनेस्को, ब्रेख्त मराठी माणसापर्यंत पोहोचले. मराठी रंगभूमीवर ब्रेख्तियन शैलीचा आविष्कार घडवला. विजया मेहता यांचे वैशिष्ट्य असे की, त्या स्वतः तर प्रतिभावंत होत्याच; पण सर्वसामान्य माणसांपर्यंत नाटक पोहोचले पाहिजे, अशी त्यांची मनापासून इच्छा होती. त्यासाठी एखाद्या चळवळीप्रमाणे त्या रंगभूमीसाठी काम करत राहिल्या. नव्या मुला-मुलींसाठी कार्यशाळा घेत राहिल्या. 'रावसाहेब', 'पेस्तनजी' अशा चित्रपटांचे दिग्दर्शनही त्यांनी केले. त्यासाठी त्यांना पुरस्कारही मिळाले. मात्र, नाटक हेच त्यांचे पहिले प्रेम होते. भारतीय रंगभूमीसोबतच आंतरराष्ट्रीय रंगभूमीवरही त्यांनी काम केले. जर्मन रंगभूमीवरही विजया मेहता यांनी आपला ठसा उमटवला. गेली काही वर्षे त्या तशा सक्रिय नव्हत्या. मात्र, काही माणसांचे असणेदेखील आश्वासक असते. बाई तशाच होत्या. विजय तेंडुलकर आज आपल्यात नाहीत. डॉ. श्रीराम लागू गेले. विजया मेहता यांच्या जाण्यामुळे एक पर्व काळाच्या पडद्याआड गेले आहे. बाईंनी नाटके उभी केली, तो काळ वेगळा होता. आता जग आमूलाग्र बदलले आहे. नवनव्या माध्यमांनी जग व्यापून टाकले आहे. 'कनेक्टेड' जगातील माणसाचे दुभंगलेले एकटेपण अधिक गडद होऊ लागले आहे. या दुभंगलेपणाचे दर्शन घडवणारा 'बॅरिस्टर' मात्र आज दिसत नाही. उरतो तो 'आठवणींचा गोफ'. आपण काय काय गमावले आहे, याचा अदमास येत राहतो. एकाकी वाटू लागते. आणि अशावेळी बाई आपल्याला सोडून गेल्या आहेत..!

'श्रीमंतांचे ठीक, सर्वसामान्य माणसे कुठे जातील?'

समाजातील सर्वांत शेवटच्या, दुर्लक्षित माणसाविषयीची बाबूजींची तळमळ, आस्था आणि बांधिलकी प्रेरणादायी होती. त्यातून खूप काही शिकता आले

यशवंत भावे
भारत सरकारचे माजी सचिव



ज्येष्ठ स्वातंत्र्यसैनिक, 'लोकमत' समूहाचे संस्थापक संपादक जवाहरलाल दर्डा यांची आज जयंती. त्यानिमित्त विशेष लेख...

ज्येष्ठ स्वातंत्र्यसैनिक, 'लोकमत' समूहाचे संस्थापक संपादक आणि माझे ज्येष्ठ स्नेही जवाहरलालजी दर्डा यांच्या जन्मशताब्दी वर्षाची सांगता झाली आणि आज त्यांच्या जयंतीदिनी महाराष्ट्राचे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यांच्या हस्ते मुंबईच्या शेअर बाजार चौकात जवाहरलालजींच्या पुतळ्याचे अनावरण होत आहे.

स्वर्गीय बाबूजींसोबत मी काम केले आणि आमचा दीर्घकालीन स्नेहही होता. त्यामुळे त्यांच्याविषयी लिहायला घेतल्यावर नेमके काय काय लिहावे, हे उमजेना; कारण त्यांच्या व्यक्तिमत्त्वाला अक्षरशः असंख्य पैलू होते. आमच्या प्रदीर्घ स्नेहकाळात बाबूजींशी निगडित अनेक आठवणी मनात दाटून आल्या आहेत.

मी समक्ष अनुभवलेली त्यांची प्रशासनातील कार्यक्षमता आणि सार्वजनिक सेवाभाव, हा त्यांचा एक ठळक व्यक्तिविशेष होता. विशेषतः एक सक्षम मंत्री म्हणून त्यांनी विविध क्षेत्रांमध्ये जे मूलभूत काम केले, त्याबद्दल लिहायचे ठरवले आहे.

बाबूजींच्या व्यक्तिमत्त्वाच्या या पैलूचा अनुभव मी अगदी जवळून घेतला आहे. अर्थात, राजकारण, समाजकारण, उद्योग-व्यवसाय आणि सार्वजनिक सेवा, अशा अनेक क्षेत्रांत त्यांचा प्रदीर्घ अनुभव होता. या प्रत्येक क्षेत्रात ते तितक्याच सहजतेने वावरत आणि एका क्षेत्रातून दुसऱ्या क्षेत्रात तेवढ्याच सफाईने प्रवेशही करत.

त्यांच्या एका गुणाने मला नेहमीच अत्यंत प्रभावित केले. तो गुण म्हणजे दूरदृष्टी राखून भविष्याचा अचूक अंदाज घेत संस्था उभारण्याची बाबूजींची अजोड क्षमता. विजय आणि राजेंद्र या आपल्या कर्तृत्ववान मुलांच्या (जे नंतर माझे मित्रही झाले) सहकार्याने जवाहरलालजींनी १५ डिसेंबर १९७१ रोजी 'लोकमत' या वृत्तपत्र समूहाची स्थापना केली. अनेक शैक्षणिक आणि सामाजिक संस्थाही उभारल्या. या संस्थांनी समाजाच्या जडणघडणीत अत्यंत मोलाचे योगदान दिले आहे. संस्था उभारण्याची जवाहरलालजींची ही परंपरा विजयबाबू आणि राजेंद्रबाबूंनीही पुढे चालू ठेवली आहे.

यवतमाळ येथे वैद्यकीय महाविद्यालय सुरू करण्यासाठी त्यांनी सातत्याने प्रयत्न केले आणि त्यात यश मिळवले. याशिवायही इतर अनेक संस्थांची उभारणी त्यांनी केली आहे.

यवतमाळचा जिल्हाधिकारी म्हणून कार्यरत असताना बाबूजींच्या कामकाजाचे जवळून निरीक्षण करण्याची संधी मला मिळाली. तळागाळातील प्रश्नांची त्यांना असलेली अचूक जाण आणि त्यावर प्रभावी उपाय शोधण्याचे त्यांचे कौशल्य वादातीत होते, त्याचा प्रत्यक्ष अनुभव मी घेतला आहे. ते उद्योगमंत्री असताना मीही उद्योग मंत्रालयात काम करत होतो, त्यामुळे त्यांच्याशी माझा नियमित संबंध येत असे. त्यांची 'व्हिजन' ही नेहमीच प्रगतिशील आणि दूरगामी असे. महाराष्ट्राच्या नव्या औद्योगिक धोरणाच्या निर्मितीत प्रशासनातील अधिकाऱ्यांना त्यांचे सखोल आणि नेमके मार्गदर्शन लाभले होते. बाबूजींनी विधानसभेत मांडलेल्या महाराष्ट्राच्या नव्या औद्योगिक धोरणावर त्यांच्या दूरदृष्टीची छाप ठळकपणे उमटलेली होती.

समाजातील सर्वांत शेवटच्या, दुर्लक्षित माणसाविषयीची बाबूजींची तळमळ, आस्था आणि बांधिलकी ही माझ्यासाठी प्रेरणादायी होती. त्यातून खूप काही शिकण्यासारखेही होते. मग, ते महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडळ (एमआयडीसी) असो किंवा महाराष्ट्र राज्य वित्त महामंडळ (एमएसएफसी) असो, त्यांनी आम्हा प्रशासकीय अधिकाऱ्यांना दिलेला संदेश अगदी स्पष्ट असे.

विकासाचे लाभ महाराष्ट्राच्या दुर्गम आणि सेवासुविधांपासून वंचित असलेल्या, तुलनेने दुर्लक्षित भागांपर्यंत पोहोचले पाहिजेत, असे ते नेहमी म्हणत. तो ध्यासच त्यांनी घेतलेला होता. एमआयडीसीच्या इंडस्ट्रियल शेड्स उभारण्याचे काम असो किंवा एमएसएफसीकडून लघुउद्योजकांना वित्तीय साहाय्य, कर्जे देण्याची योजना, या साऱ्या सुविधा प्राधान्याने नेहमी सर्वांत शेवटच्या, सर्वसामान्य माणसाला द्या, असे ते आवर्जून सांगत. 'एखादा श्रीमंत माणूस एखाद्या कामासाठी माझ्यापर्यंत पोहोचू शकतो, श्रीमंतांचे ठीक आहे, पण सर्वसामान्य माणसे कुठे जातील? - ते तुमच्याकडेच येणार. त्यांच्या समस्या आपल्या स्वतःच्या आहेत, अशा भावनेने त्यांच्याकडे पाहा. आपण सारे सार्वजनिक सेवक आहोत, हे नेहमी लक्षात ठेवा. पण, अगदी छोटा उद्योजकसुद्धा आपल्या नशिबाचा शिल्पकार असतो. त्याला त्याचे ध्येय गाठण्यासाठी मदत करा..." हे त्यांचे नेहमी सांगणे असे.

बाबूजी, विजयबाबू आणि राजेंद्रबाबू या तिघांनीही मला दिलेला जिव्हाळा आणि पाठबळ मी कधीच विसरू शकणार नाही. विजयबाबू आणि राजेंद्रबाबू यांच्याशी असलेले माझे संबंध आजही अत्यंत दृढ आहेत. बाबूजी आणि त्यांच्या कुटुंबाबरोबरच्या सुखद आठवणी माझ्यासाठी अत्यंत मोलाच्या आहेत, त्या मी आयुष्यभर जपून ठेवीन.

श्रद्धांजली

मराठी रंगभूमीला आधुनिकतेचे व्याकरण शिकवणाऱ्या बाई

विजयाबाईंनी कलाकारांना केवळ अभिनयच शिकवला नाही, नाटकातल्या नावीन्यपूर्ण अवकाशाला आणि प्रयोगाला कवेत घेण्याची दृष्टीही दिली.

सतीश आळेकर
ज्येष्ठ नाटककार

ज्येष्ठ नाट्य दिग्दर्शिका, अभिनेत्री विजयाबाई मेहता यांच्या जाण्याने स्वातंत्र्योत्तर काळातील मराठी आणि भारतीय रंगभूमीचा एक अत्यंत महत्त्वाचा, देदीप्यमान चेहरा काळाच्या पडद्याआड गेला आहे. मराठी रंगभूमीवर आदराने 'बाई' म्हणून ओळखल्या जाणाऱ्या विजयाबाईंनी केवळ नाटके सादर केली नाहीत, तर मराठी रंगभूमीचा एक समृद्ध विचार आणि उत्कृष्ट नाटकाचा वस्तुपाठच आपल्यासमोर निर्माण केला.

मराठी रंगभूमीवर शिस्त आणि या रंगभूमीचे आधुनिक व्याकरण पहिल्यांदा जर कोणी सिद्ध केले असेल, तर ते विजयाबाईंनी. त्यांच्या 'रंगायन' या संस्थेच्या माध्यमातून त्यांनी हे व्याकरण खऱ्या अर्थाने रुजवले. विजयाबाईंनी त्या काळातील सर्वच नव्या आणि बंडखोर नाटककारांच्या कलाकृतींना मुख्य प्रवाहात आणले. विजय तेंडुलकर, वसंत कानेटकर यांच्यापासून ते जयवंत दळवी यांच्यापर्यंतच्या सर्व दिग्गजांच्या नाटकांचे दिग्दर्शन करून त्यांनी मराठी नाटकाचा अवकाश विस्तारला. विजयाबाईंचे मोठे वैशिष्ट्य म्हणजे त्यांनी मराठी रंगभूमीला कधीही प्रादेशिकतेच्या चौकटीत संकुचित राहू दिले नाही. युरोपमध्ये ज्या पद्धतीची रंगभूमी त्या काळात आकाराला येत होती, तिचे दर्शन त्यांनी भारतातल्या, इथे महाराष्ट्रातल्या मराठी प्रेक्षकांना घडवले. 'असंगत नाटक' ही संकल्पना त्यांनी मराठीत आणली. फ्रेंच नाटककार यूजीन आयोनेस्को यांच्या 'द चेअर्स' या नाटकाचा त्यांनी केलेला प्रयोग त्या काळात प्रचंड गाजला. या प्रयोगाच्या माध्यमातून त्यांनी जागतिक नाट्यसंस्कृतीच्या जाणिवा मराठी मातीत अत्यंत ताकदीने पेरल्या.

माझी आणि विजयाबाईंची पहिली ओळख मी कॉलेजमध्ये असताना, साधारणपणे १९६७च्या सुमारास झाली. त्या काळापासून विजयाबाईंची नाटके आम्हाला जवळून पाहता आली. आमच्या पिढीचे हे खूप मोठे भाग्य होते की, आम्हाला विजयाबाई त्यांच्या ऐन उमेदीच्या आणि सर्जनशीलतेच्या शिखरावर असताना अनुभवायला मिळाल्या. महेश एलकुंचवार यांच्यासारख्या नवोदित नाटककाराची पहिली एकांकिका त्यांनीच रंगमंचावर आणली.

विजयाबाईंनी प्रायोगिक रंगभूमीवर जेवढ्या ताकदीने काम केले, तेवढ्याच समर्थपणे व्यावसायिक रंगभूमीदेखील गाजवली. पु. ल. देशपांडे यांच्यानंतर त्यांनी मुंबईच्या नॅशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए)सारख्या बलाढ्य संस्थेच्या संचालकपदाची धुरा अत्यंत यशस्वीपणे सांभाळली आणि मराठी तसेच भारतीय रंगभूमीला फार मोठे योगदान दिले.

त्यांच्या अनेक संस्मरणीय कलाकृतींपैकी कोणते एक नाटक, त्यांनी साकारलेल्यापैकी कोणती एक भूमिका आवडली, अशी निवड करता येणे मलातरी कदापि शक्य नाही. त्यांनी दिग्दर्शित केलेली 'बॅरिस्टर', 'यशोदा' ही नाटके आजही मैलाचा दगड मानली जातात. तेंडुलकरांच्या आणि एलकुंचवारांच्या अनेक एकांकिका बाईंनी ज्या संवेदनशीलतेने दिग्दर्शित केल्या, तो एक स्वतंत्र अभ्यासविषय आहे.

माझी वैयक्तिक आणि अत्यंत जिव्हाळ्याची आठवण म्हणजे, माझे 'महानिर्वाण' हे नाटक पाहायला विजयाबाई स्वतः आल्या होत्या. त्यांना ते नाटक प्रचंड आवडले आणि त्यांनी त्या प्रयोगाला मनापासून दाद दिली होती. नाटक क्षेत्रातील एवढ्या मोठ्या शिखराकडून मिळालेली ती कौतुकाची थाप माझ्यासाठी अत्यंत मोलाची, ऊर्जा देणारी ठरली.

पुण्याशी आणि विशेषतः पुणे विद्यापीठाच्या 'ललित कला केंद्रा'शी विजयाबाईंचे अत्यंत जिव्हाळ्याचे नाते होते. मी जेव्हा ललित कला केंद्राचा कार्यभार पाहत होतो, तेव्हा विजयाबाई तिथे विद्यार्थ्यांना मार्गदर्शन करण्यासाठी आवर्जून यायच्या. त्यांनी आमच्या केंद्रात दोन ते तीन दिवसांची एक विशेष कार्यशाळा घेतली होती. आज कलाविश्वात नाव कमावलेली अभिनेत्री मुक्ता बर्वे आणि 'टिंग्या' चित्रपटाचा दिग्दर्शक मंगेश हाडवळे हे त्या कार्यशाळेत विद्यार्थी म्हणून सहभागी झाले होते. विजयाबाईंच्या शिस्तीत आणि त्यांच्या तालमीच्या मुशीत घडण्याची संधी आमच्या विद्यार्थ्यांना मिळाली, हा ललित कला केंद्रासाठी सुवर्णकाळ होता.

कलाकारांना केवळ अभिनय न शिकवता, त्यांनी नाटकातल्या नावीन्यपूर्ण अवकाशाला आणि प्रयोगाला कवेत घेण्याची दृष्टी दिली. त्यांच्या जाण्याने आज संपूर्ण नाट्यसृष्टी पोरकी झाली आहे. आमच्या संपूर्ण पिढीच्या वतीने आणि ललित कला केंद्राच्या वतीने या थोर रंगकर्मीला भावपूर्ण श्रद्धांजली!

(शब्दांकन : नम्रता फडणीस, लोकमत, पुणे)

जगभर

३ आज्ज्यांमुळे उलगडलं शंभरीपार जगण्याचं रहस्य

ब्राझीलमधील रिओ दि जानेरो येथे राहणाऱ्या झुलिना दि देउस नुनेस यांचे वय १०३ वर्षे आहे. दुसऱ्या आजी जोराइडे दि देउस मोटा यांचे वय १०४ वर्षे आहे, तर तिसऱ्या लेविटा दि देउस नुनेस यांचे वय तब्बल १०९ वर्षे आहे. या तिन्ही आज्ज्यांनी या वयात जागतिक विक्रम केला आहे!

या तिन्ही महिला ब्राझीलच्या असून, खापरपणज्या आहेत. आजही त्या या वयात अत्यंत निरोगी आयुष्य जगत आहेत. त्याहूनही महत्त्वाचे म्हणजे या तिन्ही सख्ख्या बहिणी आहेत! जगातील सर्वाधिक वयाच्या तीन बहिणी म्हणून गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्समध्ये त्यांची नोंद झाली आहे.

त्यांचे वैशिष्ट्य इथेच संपत नाही. या तिन्ही बहिणींचे एकत्रित वय ३१६ वर्षे आहे. त्यांच्या या दीर्घायुष्यामुळे शंभर वर्षे जगण्याचे रहस्य शोधण्याच्या दिशेने शास्त्रज्ञांना महत्त्वाचे धागेदोरे मिळाले आहेत. त्यांच्या आयुष्याचा अभ्यास करून आम्ही लवकरच काही निष्कर्षांपर्यंत पोहोचू, शंभरीपार आयुष्य जगण्याचे गुपित त्यामुळे उलगडू शकते, असा त्यांचा विश्वास आहे. त्यासाठी ब्राझीलच्या शास्त्रज्ञांनी एक महत्त्वाकांक्षी प्रकल्पही हाती घेतला आहे. या प्रकल्पाचे नाव 'डीएनए लॉन्गेवो प्रोजेक्ट' आहे. या प्रकल्पाचे नेतृत्व ब्राझीलमधील साओ पाउलो विद्यापीठातील शास्त्रज्ञ मयाना जॅट्झ करत आहेत. वृद्धत्वामागील जैविक घटक शोधणे हा या प्रकल्पाचा मुख्य उद्देश आहे.

या तीन बहिणींच्या अभ्यासामुळे काही मोजके लोक इतरांपेक्षा अधिक काळ का जगतात आणि वाढत्या वयातही शारीरिक व मानसिकदृष्ट्या तंदुरुस्त कसे राहतात, हे शास्त्रज्ञ समजून घेण्याचा प्रयत्न करत आहेत. वाढत्या वयानुसार शारीरिक व मानसिक क्षमतांमध्ये घट का होते, तसेच आयुष्य

वाढवण्यासाठी जबाबदार असलेले घटक कोणते, याचाही शोध शास्त्रज्ञ घेत आहेत.

दीर्घायुष्य आणि निरोगी आयुष्य जगण्याची इच्छा प्रत्येकालाच असते. त्यामुळे माणसाचे आयुष्य कसे वाढवता येईल, यासाठी जगभर संशोधन सुरू आहे. रशियाचे राष्ट्राध्यक्ष व्लादिमिर पुतिन आणि चीनचे राष्ट्राध्यक्ष शी जिनपिंग हेदेखील स्वतःचे आयुष्य वाढवण्याबाबत सातत्याने प्रयत्न करत असतात. आता कदाचित दीर्घायुष्याचे रहस्य खरोखरच उलगडू शकते.

शास्त्रज्ञांचे मत आहे की, दीर्घायुष्यामागे अनेक आनुवंशिक घटक महत्त्वाची भूमिका बजावतात. त्यांचा प्रभाव पर्यावरणीय घटकांपेक्षा अधिक असतो. 'लॉन्गेविक्वेस्ट' (LongeviQuest) या जागतिक संस्थेनेही ब्राझीलमधील या तिन्ही बहिणींचा अभ्यास केला आहे. ही संस्था दीर्घायुष्याचे विक्रम पडताळून पाहते आणि गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड्ससोबत काम करते. लॉन्गेविक्वेस्टचे मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेन मेयर्स म्हणतात, 'जेव्हा तीन बहिणी एवढ्या प्रदीर्घ आयुष्यापर्यंत पोहोचतात, तेव्हा त्यामागे आनुवंशिक कारणांची महत्त्वाची भूमिका असते. मात्र, जवळ राहत असल्यामुळे त्यांना परस्परांचा आधार मिळतो आणि गरज पडल्यास कुटुंबाचीही मदत मिळते. यात समुदायाचाही महत्त्वाचा वाटा आहे.'

या तिन्ही बहिणी त्यांच्या दीर्घायुष्याचे श्रेय सकस आहार आणि सक्रिय जीवनशैलीला देतात. त्या सांगतात, 'लहानपणी आम्ही नद्यांमध्ये पोहायचो, मासेमारी करायचो, ताजे अन्न खायचो. आयुष्याबद्दल आमची कोणतीही तक्रार नाही..'

जनमन

इलेक्ट्रिक वाहनांसाठी सवलती स्तुत्य

दिल्ली सरकारने ईव्ही कारसाठी अनेक सवलती १ जुलैपासून जाहीर केल्या आहेत. तीस लाख रुपयांपर्यंत इलेक्ट्रिक कार्सना कर व नोंदणी शुल्कात शंभर टक्के सवलत देण्यात येणार आहे. इलेक्ट्रिक दुचाकी खरेदी केल्यास पहिल्या वर्षी तीस हजार, दुसऱ्या वर्षी वीस हजार, तर तिसऱ्या वर्षी दहा हजार रुपये अनुदान मिळणार आहे. तीनचाकी इलेक्ट्रिक वाहन खरेदी केल्यास पहिल्या वर्षी पन्नास हजार तर एन-१ या श्रेणीतील वाहनावर खरेदीत तब्बल एक लाखापर्यंत प्रोत्साहन दिले जाणार आहे.

जुने चारचाकी वाहन स्क्रॅप करून इलेक्ट्रिक वाहन घेतल्यास वाहनमालकांना एक लाख रुपयांचे अनुदान मिळणार आहे. १ जानेवारी २०२७ पासून केवळ इलेक्ट्रिक वाहनांचीच नोंद होईल. तर १ जुलै २०२८ पासून पेट्रोल व डिझेलवरील नवीन वाहनांना परवानगी दिली जाणार नाही. दिल्ली सरकार यासाठी येत्या चार वर्षांत १५,००० कोटी रुपयांची गुंतवणूक करणार आहे. राजधानी प्रदूषणमुक्त करण्यासाठी प्रयत्न केले जाणार आहेत.

दिल्ली शहरात प्रदूषण महाभयंकर असल्याने ही सवलत जाहीर करणे आवश्यक होते. आता दिल्लीत नजीकच्या काळात ईव्ही कार मोठ्या प्रमाणात खरेदी केल्या जातील व त्याचा फायदा पर्यावरणाला होईल. प्रदूषण कमी करणे ही काळाची गरज आहे. दिल्ली सरकारने टाकलेले पाऊल स्तुत्य आहे. महाराष्ट्रातही मुंबई, पुणे, नाशिक.. इत्यादी अनेक शहरांमध्ये मोठे प्रदूषण आहे. या ठिकाणांचे तसेच इतर राज्यांतील प्रदूषण कमी करण्यासाठी अशा प्रकारच्या विविध उपाययोजना करणे गरजेचे आहे.

- शांताराम वाघ, पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **Janman@lokmat.com**

सेतू

'गोशूइन'च्या जेवढ्या आठवणी, तेवढेच जपानी नियमही...

'गोशूइन' म्हणजे तांबडा शिक्का. त्यासाठी ३०० ते ५०० येन लागतात. ते रोख द्यायचे. सुट्टे मागायचे नाहीत. असे अगणित अलिखित, पण कडक नियम

मयुरेश कुलकर्णी
जपानी भाषा, साहित्य, इतिहासाचा अभ्यासक, अनुवादक

जपानमधल्या प्रेक्षणीय स्थळांना भेट देताना आम्ही नेहमीच नवनवीन सुविनियर्सच्या शोधात असायचो. क्योतोमध्ये फिरताना एक अख्खा दिवस संपत आला, तरी मॅग्नेट, घंटा, जपानी पंखे, बाहुल्यांव्यतिरिक्त काही सापडेना. संध्याकाळी एका सुरेख मंदिरात गेलो. प्रवेशद्वारापाशीच त्या मंदिराचं ऑफिस होतं. तिथे एकाच आकाराच्या बऱ्याच वह्या लावल्या होत्या. त्या मंदिराची सुवर्णाकृती त्या वह्यांवर रेखलेली होती. मंदिराच्या दुसऱ्या कोपऱ्यात तशाच वह्या घेऊन माणसं रांगाबिंगा लावून उभी होती. मला नवल वाटलं. हे काय, कसली रांग म्हणून चौकशी केली, तेव्हा आम्ही शोधत होतो ते नवलाईचं सुविनियर असं 'गोशूइन' रूपाने मिळालं.

सश्रद्ध जपानी लोक पूर्वी धार्मिक ग्रंथ हाताने लिहून काढत आणि ते मंदिरात दान करत. त्याची पावती म्हणून त्यांना मंदिरातून एक शिक्का तारीखवार घालून दिला जात असे. त्यावर मंदिराची रेखाकृती, क्वचित बुद्धप्रतिमा असे. मंदिरातील पुजारी रेखीव अक्षरात तारीख लिहून तो शिक्का पूर्ण करत. कालपरत्वे मंदिरातून मिळणाऱ्या या शिक्क्यांचं - 'गोशूइन'चं स्वरूप आधुनिक झालं. आता मंदिरातर्फे मिळणारा शिक्का हवा असेल, तर धर्मग्रंथ लिहून तो दान करण्याची गरज नाही. सर्वसामान्य माणसालाही इच्छा आणि थोडी सबुरी असेल तर तो शिक्का मिळतो.

'गोशूइन' म्हणजे तांबडा शिक्का! सगळे शिक्के एकाच ठिकाणी असावेत, यासाठी आता ठराविक

फुजी पर्वतावरील मंदिरात मिळणारं गोशुईन.

आकाराच्या चौरसाकृती बिनरेघांच्या वह्या मिळतात. मंदिराच्या आवारात दिसलेल्या सुंदर कव्हर्सच्या वह्या या त्याच होत्या. त्या वह्यांना म्हणतात 'गोशूइनचो'. क्योतोचं 'किंकाकूजी', 'कियोमिझूदेरा', नाराचं 'तोदाइजी' अशा प्रसिद्ध मंदिरांत, फुजी पर्वताच्या शिखरावर असलेल्या 'कोनोहानासाकुयाहिमे' या फुजी देवतेच्या देवळात किंवा कुठल्याही छोट्या देवळांमध्ये दर्शन घेतल्यावरही गोशूइन देतात.

अर्थात गोशूइनच्या प्रत्येक शिक्क्यानिशी जेवढ्या आठवणी आहेत, तेवढेच जपानी नियमही... कोणतीही साधी वही पुजाऱ्यांच्या हाती देऊन त्यावर गोशूइन घेता येत नाही. जिथे शिक्का हवा ते कोरं पान उघडूनच, अगदी आदराने दोन्ही हातांनी 'गोशूइनचो' लेखक-पुजाऱ्याच्या हाती द्यायचं. एका शिक्क्यासाठी ३०० ते ५०० येन लागतात. ते पैसे रोख द्यायचे. सुट्टे मागायचे नाहीत. असे अगणित अलिखित, पण कडक नियम! शिक्का मिळायला दीड मिनिट लागत असेल फारफार तर. पण ते तांबडे शिक्के, काळीभोर शाई, दौतीत बुडणारे कुंचले, त्यांचे फर्राटे, हे सारं बघणं म्हणजे अद्भुत खेळ असतो. त्या लेखनिक पुजाऱ्यांना बघून मला नेहमी वाटतं, यांनी अघळपघळ असून चालणारच नाही... तारीख, अक्षरं चुकली तर काय?!

बरीच गोशूइन जमवल्यानंतर एकदा गोशूइन लिहिणाऱ्या बाईंना 'याचा सराव कसा करता?' हे विचारलं. त्या म्हणाल्या, 'सुरुवातीला आम्ही खूप सराव, पूर्ण एकाग्र चित्ताने काम करतो. मग चुका होत नाहीत, पण अतिश्रमही करत नाही. वेळच्या वेळी काम बंद करतो आणि पुरेशी विश्रांती घेतो...' हे सांगताना त्यांनी वही आणि कुंचला खाली ठेवला होता.

m.kulkarni2611@gmail.com

सेतू : जगभरातील मराठी माणसांच्या जगण्यातले रूपरंग शोधणारा हा स्तंभ. तुम्ही स्वत:, तुमचे आप्त परदेशात राहात असाल, तर तुमचे अनुभव जरूर पाठवा. निवडक लेखनाला प्रसिद्धी. **ईमेल करा :** setu@lokmat.com

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

प्रेरणा

बुद्धिमान वह है जो सीखता है। ताकतवर वह है जो इच्छाओं को काबू में रखता है। - बेंजामिन फ्रेंकलिन

संपादकीय

बुजुर्गों की आबादी के अनुपात में सामाजिक सुरक्षा जरूरी

स्वास्थ्य मंत्रालय ने नवजात और शिशुओं के लिए नया समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किया है। नारा होगा पहले तीन साल, सम्पूर्ण देखभाल। पीएम ने 2018 में एनीमिया मुक्त भारत का नारा देकर हर साल 3% की दर से कमी लाने को कहा था। लेकिन एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट में स्थिति विपरीत पाई गई। बहरहाल, जन्म दर में कमी के कारण 15 साल तक के आयु वर्ग के बच्चों का प्रतिशत पिछले 10-15 वर्षों में लगातार घटा है, जबकि बुजुर्गों का प्रतिशत तेजी से बढ़ा है। जहां सरकार को नवजात शिशुओं में देश का भविष्य देखना चाहिए, वहीं यह न भूलें कि ये वृद्ध निजी तौर पर आर्थिक रूप से सुरक्षित नहीं हैं और नव-औद्योगीकरण ने मां-बाप और उनकी अगली पीढ़ी के बीच फासला बढ़ा दिया है। युवा विदेश या बड़े शहरों में रोजगार के लिए जाने को मजबूर हैं। ऐसे में वृद्ध मां-बाप को जीवन चलाने के लिए या बीमारी के दौरान इलाज और देखभाल के लिए कोई सहारा नहीं होता। यूएन पापुलेशन प्रॉस्पेक्ट की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2000 के मुकाबले बुजुर्गों की संख्या चार गुनी बढ़कर 16.8 करोड़ हो चुकी है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं इतनी लचर हैं कि कोई बुजुर्ग तो छोड़िए, सक्षम व्यक्ति भी उस व्यवस्था से सुचारु सेवाएं नहीं ले सकता। यही कारण है कि स्वास्थ्य और इलाज पर आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च बेतहाशा बढ़ता जा रहा है। इसलिए सरकार को नई कल्याणकारी नीतियां लाकर इन बुजुर्गों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त करनी होगी।

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

प्रकृति और मनुष्य के बीच भी भावनात्मक संबंध बढ़ें

पेड़ भी कुछ कहना चाहते हैं। यह प्रकृति के पक्ष में बोली जाने वाली आदर्श पंक्तियां नहीं, इसके पीछे एक सच काम कर रहा है। 20 से 100 किलोहर्ट्ज पर पेड़-पौधे आवाज करते हैं और इसे दूसरे पेड़ और कुछ जानवर सुनते भी हैं। इसके वैज्ञानिक प्रयोग हो चुके हैं। जैसे शांत पलों में पेड़ कुछ गुनगुनाते हैं। उनके फूल तोड़ने पर वो आहत नहीं होते। अब धीरे-धीरे मनुष्य को चाहिए कि वो पौधों की आवाज सुने और ऐसा हो भी सकेगा। जो मनुष्य अपनी आत्मा पर बहुत अधिक टिकेंगे, आत्मा के निकट होंगे, वो पेड़-पौधों की आवाज सुन सकेंगे। प्रकृति और मनुष्य के बीच जो भावनात्मक संबंध है, वो और बढ़ना चाहिए, वरना मनुष्य से मनुष्य के बीच का भावनात्मक संबंध तो बिगड़ेगा ही। जघन्य अपराध पहले पुरुषों के खाते में ही जाते थे। अब कुछ बहन-बेटियां भी सीमाएं लांघ रही हैं। अपराध हुआ, कानून अपना काम करेगा। लेकिन इसका एक बड़ा नुकसान हुआ कि परिवारों में एक-दूसरे के रिश्ते पर संदेह खड़े हो गए। प्रकृति से हम जितने दूर होंगे, उतने ही हिंसात्मक, आक्रामक और निगेटिव होते जाएंगे।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

हिस्सेदारी

वह जो पुल के नीचे सोया है,
उसकी नींद में शहर का शोर क्यों नहीं आता?

शायद वह थक चुका है-
इंसाफ की उन फाइलों की तरह
जिन पर वक्त की धूल अब पत्थर हो गई है।

उधर, चमकती कोठियों की देहरी पर
एक औरत रोज अपना वजूद बुहारती है,
और कूड़े के ढेर में बचपन
अपना खोया हुआ खिलौना ढूंढता है।

हम सब इस तमाशे में शामिल हैं,
कोई चुप्पी ओढ़कर, कोई चीख बेचकर।

पर क्या कभी सोचा है-
जिसकी नींव में इतना अन्याय दबा हो,
वह छत हमें सिर छुपाने की जगह देगी?

या बस
एक भारी बोझ बनकर गिर जाएगी?
-विनेश चौधरी, उत्तर प्रदेश
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

मोबाइल चलाएंगे तो काम कब करेंगे?

सरकारी और निजी संस्थानों में कर्मचारियों द्वारा मोबाइल और सोशल मीडिया का अति-उपयोग उनकी उत्पादकता एवं ग्राहक-सेवाओं पर विपरीत असर डालता है। जिन संस्थाओं में संभव हो, वहां काम के दौरान मोबाइल और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इससे उत्पादकता और ग्राहक-सेवा का स्तर सुधरेगा। -विनय मोघे, पुणे, महाराष्ट्र

पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में सड़क हादसों का शिकार बनने वाले पैदल यात्रियों में से 30% राष्ट्रीय राजमार्गों पर जान गंवाते हैं। इतने चिंताजनक तथ्य को देखते हुए सरकार को पदयात्रियों के लिए सुरक्षित वॉक-वे मुहैया कराना चाहिए। -हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, मध्यप्रदेश

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

क्या आप जानते हैं

'डाइविंग बेल' है पानी की इकलौती मकड़ी

'डाइविंग बेल' दुनिया की एकमात्र मकड़ी है, जो पूरा जीवन पानी में बिताती है। इसकी खासियत है कि यह पानी के भीतर सघन रेशम का घंटीनुमा जाल बनाती है। फिर बार-बार सतह से लाए गए हवा के बुलबुलों को इसमें भरती रहती है। यही गुम्बद उसका ऑक्सीजन टैंक बना रहता है।

24 घंटों तक अपने घंटीनुमा जाल में रह सकती है डाइविंग बेल।

विशेष • कुछ करने के लिए अभी देर नहीं हुई, लेकिन छोटे-मोटे बदलावों का समय निकल चुका है...

हमें बच्चों को डिजिटल-दुनिया से बचाना होगा

नई पीढ़ी

इमानुएल मैक्रों
फ्रांस के राष्ट्रपति

सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग से लेकर जनरेटिव एआई तक- डिजिटल दुनिया हमारे जीवन और स्वास्थ्य की दशा तय करने वाला मजबूत फैक्टर बन चुकी है। इसमें भी यह विशेषकर बच्चों और युवाओं के लिए और ज्यादा सच है। दुनिया भर में, बचपन को डिजिटल टेक्नोलॉजी द्वारा री-प्रोग्राम्ड किया जा रहा है और वही अब यह तय कर रही है कि बच्चे कैसे सीखते हैं, खेलते हैं और आपस में जुड़ते हैं।

हमारा काम किसी भी टेक्नोलॉजी की निंदा करना नहीं है। लेकिन हमें इस सच्चाई का सामना करना होगा कि डिजिटल-वातावरण दूरगामी लाभों का वादा तो करता ही है, बच्चों के स्वास्थ्य और विकास के लिए गंभीर जोखिम भी पैदा करता है। हमारी जिम्मेदारी लाभों को अधिकतम करना और जोखिमों को पूरी तरह से रोकना है।

कुछ करने के लिए तो अभी देर नहीं हुई है, लेकिन केवल छोटे-मोटे बदलाव करने का समय अब निकल चुका है। डिजिटल उपकरण लर्निंग, कम्युनिकेशन और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में अवसरों का विस्तार कर सकते हैं, विशेष रूप से दूरदराज या संकट-ग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए। वे कई युवाओं को ऑनलाइन स्पेस में रचनात्मकता, कम्युनिटी और जुड़ाव की भावना भी देते हैं। यह विशेष रूप से उनके लिए मायने रखता है, जो ऑफलाइन दुनिया में उपेक्षा का सामना करते हैं। लेकिन ये लाभ गारंटीड नहीं हैं; वे इस पर निर्भर करते हैं कि एक्सेस किसे है, तकनीकों को कैसे डिजाइन किया गया है, और वे किसके हितों का पोषण करती हैं।

सरकारें तेजी से यह स्वीकार कर रही हैं कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा अब एक पब्लिक-हेल्थ अनिवार्यता बन चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने दुनिया का पहला ऐसा नियम लागू किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अकाउंट खोलने से रोकते हैं। फ्रांस भी 15 से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया तक पहुंच पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून ला रहा है। इंडोनेशिया ने 16 से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्पेन ने ऐसा करने की योजना की घोषणा की है। आयरलैंड 16 से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित एज-रिस्ट्रिक्शंस और एज-एश्योरेंस सिस्टम्स को विकसित करने के लिए यूरोपीय संघ के भागीदारों के साथ काम कर रहा है।

यूके ने भी हाल ही में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सेवाएं प्रदान करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है, साथ ही लाइव-स्ट्रीमिंग और अजनबियों से सम्पर्क पर प्रतिबंध जैसे अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी किए हैं। कनाडा ने 16 से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए कानून पेश किया है, साथ ही प्लेटफॉर्मों से सेफ्टी-बाय-डिजाइन सुरक्षाओं और जवाबदेही की भी मांग की है।

ये तमाम उपाय इस बात पर बढ़ती वैश्विक सहमति को दर्शाते हैं कि डिजिटल वातावरण को प्रभावी गवर्नेंस, एज-एप्रोप्रिएट डिजाइन और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन आज और कल की टेक्नोलॉजी के प्रभाव की स्पष्ट समझ विकसित करने के लिए जरूरी रिसर्च को बढ़ावा देकर, देशों को तकनीकी सलाह प्रदान करके और सुरक्षित, समान डिजिटल-स्वास्थ्य वातावरण को मजबूत बनाकर इसका समर्थन कर रहा है।

हमें समाधानों की जरूरत है, क्योंकि डिजिटल-दुनिया तटस्थ नहीं है। उसे किस तरह से डिजाइन किया गया है, कैसे संचालित किया जा रहा है और उससे कैसे पैसे कमाए जा रहे हैं, ये तमाम फैक्टर्स हमारे जीवन के कई पहलुओं को आकार देते हैं। उदाहरण के लिए, रूढ़िवादी, सेक्शुअलाइज्ड, हिंसक या भेदभावपूर्ण सामग्री के बार-बार एक्सपोजर से बच्चों की स्वयं और अपने

बच्चों के नजरिये को गहराई से प्रभावित किया जा रहा है

डिजिटल-दुनिया तटस्थ नहीं है। उसे किस तरह से डिजाइन किया गया है, कैसे संचालित किया जा रहा है, उससे कैसे पैसे कमाए जा रहे हैं, ये तमाम फैक्टर्स हमारे जीवन को आकार देते हैं। सेक्शुअलाइज्ड, हिंसक या भेदभावपूर्ण कंटेंट बच्चों के लिए खतरनाक है।

आस-पास की दुनिया की समझ को गढ़ा जा सकता है। एल्गोरिदम सटीक जानकारियों के बजाय ध्यान आकर्षित करने वाले कंटेंट को बढ़ावा देते हैं। प्रोफाइलिंग और टारगेटेड-मार्केटिंग के लिए पर्सनल डेटा का संग्रह और उपयोग चिंताएं बढ़ाने वाला है। साक्ष्य बताते हैं कि अत्यधिक डिजिटल-सम्पर्क से विशेष रूप से किशोरों में एंग्जायटी, अवसाद, खराब नींद, आक्रामकता और यहां तक कि आत्महत्या की प्रवृत्ति भी बढ़ती है।

सोशल मीडिया, गेमिंग और एआई का उपयोग अकेलेपन को गहरा सकता है और ऑफलाइन रिश्तों को विस्थापित कर सकता है। ऑनलाइन यौन-शोषण और दुर्व्यवहार भी वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे हैं। एआई-जनित एब्यूसिव कंटेंट और डीपफेक वाली सेक्शुअल या बुलीइंग वाली सामग्री में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कई प्लेटफॉर्म तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए बनाए गए हैं, जिसमें हानिकारक सामग्री के सम्पर्क से बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सुविधाएं नहीं हैं।

बच्चों की वेल-बीइंग के मामले में जनरेटिव एआई जोखिमों और अवसरों, दोनों को बढ़ाने वाला है। जिम्मेदारी से उपयोग किया जाए तो विशेष रूप से बनाए गए एआई उपकरण शिक्षा और स्वास्थ्य में सहायता कर सकते हैं। लेकिन रिश्तों, एम्पैथी या सेल्फ-कंट्रोल को लेकर उनका दीर्घकालिक प्रभाव फिलहाल तो अस्पष्ट ही है। वैसे में अगर उन्हें लेकर हम एक सतर्कतापूर्ण रवैया अख्तियार करें तो इसे इनोवेशन का विरोधी होना नहीं माना जाना चाहिए।

सबसे बढ़कर, हमें आज के युवाओं की सुननी चाहिए। टेक्नोलॉजी के एक्टिव-यूजर्स के रूप में वे डिजिटल-वातावरण को जिम्मेदारी से विकसित करने में मदद कर सकते हैं। जरूरी सुरक्षा-दिशानिर्देशों को आकार देने के लिए युवाओं को अपने स्वयं के जीवंत अनुभवों का उपयोग करना चाहिए। पैरेंट्स, केयर-गिवर्स, स्कूल और कम्युनिटीज को भी इस बातचीत का हिस्सा बनना चाहिए।

हमारे बच्चे और युवा कोई बाजार की कमोडिटी नहीं हैं, या वो ऐसे प्राणी नहीं हैं जिन पर कोई परीक्षण किए जाएं। हमें मिलकर ही ऐसे डिजिटल-वातावरण का निर्माण करना होगा, जो उनके स्वस्थ-विकास की रक्षा करे और उसमें उनकी मदद करे। हमारे आज के निर्णय आने वाली कई पीढ़ियों को प्रभावित करेंगे।

('प्रोजेक्ट सिंडिकेट' से। इस लेख के सहलेखक डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस गेब्रेयेसुस हैं।)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

सुर्खियों से आगे • राम-धन की चोरी से देश आहत

सुखों के साथ अयोध्या ने कई दारुण दु:ख भी देखे हैं

राम मंदिर

नवनीत गुर्जर
navneet@dbcorp.in

देशभर में हल्ला है। राम मंदिर का। और मंदिर की दानपेटी से चोरी का। कोई कह रहा है- बड़े-बड़ों को छोड़ दिया है। छोटों पर कार्रवाई की जा रही है। सरकार का कहना है जो भी दोषी होगा, सजा से बच नहीं पाएगा।

राम-धन की चोरी कब से चल रही थी और कितनी हो चुकी, कोई नहीं जानता। किसी के घर से सोना-चांदी बरामद हो रहा है! किसी के घर से मंदिर की संदूक ही जब्त हो रही है। जांच में आखिर क्या निकलेगा, पता नहीं! हालांकि इस मामले में कौन, किसको बचा रहा है, कौन किसे फंसा रहा है, इसका प्रामाणिक निष्कर्ष तो सामने नहीं आ सका है लेकिन राज्य सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि एसआईटी पर किसी तरह का राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव न आने पाए। हो सके तो जांच अदालत की निगरानी में कराई जाए। दान राशि का निष्पक्ष और स्वतंत्र ऑडिट नहीं होगा, तब तक चोरी की रकम का अनुमान लगाना दुष्कर होगा।

इस घटना ने अयोध्या के महत्व को भी प्रभावित किया है। अयोध्या का पहला वर्णन अथर्ववेद में मिलता है। इसमें अयोध्या को देवताओं की नगरी बताया गया है : 'अष्टचक्रा नवद्वारा देवानां पुरयोध्या'। देवताओं की नगरी कदाचित् इसलिए कि ब्रह्मा के मानसपुत्र मनु ने इसकी स्थापना की थी। माना जाता है इसका निर्माण भगवान विष्णु की सलाह पर स्वयं देवशिल्पी विश्वकर्मा की देखरेख में हुआ था। स्कंदपुराण के अनुसार, अयोध्या भगवान विष्णु के चक्र पर विराजमान है। यह भी कहा जाता है कि अयोध्या को पहली बार विवस्वत (यानी सूर्य) के पुत्र वैवस्वत मनु ने बसाया था।

अयोध्या के लिए इस तरह की घटनाएं नई नहीं है। देवताओं की इस नगरी ने बल, प्रताप और बलिदान देखे तो दु:खों के पहाड़ भी झेले। ऋषितुल्य राजा मांधाता का साम्राज्य देखा तो राजा हरिश्चंद्र की सत्यवादिता और वचन की खातिर राजपाट त्याग देने, यहां तक कि मर-मिटने तक का बलिदान भी देखा। भागते रथ के टूटे पहिए में अपनी अंगुली लगा देने वाला कैकेयी का त्याग देखा तो राम को वनवास भेजने वाले उन्हीं कैकेयी के हठ की भी साक्षी रही। अयोध्या की तुलना स्वर्ग से की गई तो इसकी पीड़ा का भी पारावार नहीं रहा। पुत्र वियोग में दशरथ का प्राण त्यागना हो या भरत का राजपाट छोड़कर पादुका पूजन हो, सबकुछ आज भी अयोध्या की आंखों में झिलमिलाता रहता है। लक्ष्मण की चौदह साल की सेवा हो या उर्मिला का विरह, ये सब सिहरन पैदा करने वाले पल रहे। त्रेता से कलयुग तक की अनगिन कहानियां इस नगरी की छाती में धंसी हुई हैं। इन्हें एक-एक करके निकालना अपने ही दु:खों की सुइयां पोरों से निकालने की तरह है।

जिस राम मंदिर में आज लोग रामलला के दर्शन कर पा रहे हैं, उस जन्मभूमि के लिए कोई साढ़े चार सौ वर्षों तक संघर्ष चला। कभी संतों और धर्मगुरुओं ने इस आंदोलन की कमान संभाली तो कभी राजनीतिक दल और उनके नेता भी इसमें शरीक हुए। केवल इस आंदोलन के कारण कई सरकारें ताश के पत्तों की तरह गिरी भी और एक अजीब आंधी की तरह आई और बनी

अयोध्या के इस राम मंदिर के लिए सैकड़ों, हजारों लोगों ने वर्षों तक संघर्ष किया है और अपने प्राणों की आहूति तक दे दी है। उनकी आत्मा को इस तरह की चोरी की घटनाओं से कितना आघात पहुंचा होगा, इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता।

भी। आंदोलन को पहली बार उग्रता तब मिली, जब बाबरी के ताले खोल दिए गए। दरअसल, शाहबानो प्रकरण पर उग्र हुई मुस्लिम लॉबी के दबाव में जब केंद्र सरकार ने जल्दबाजी में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया तो मंदिर आंदोलन की उग्रता चरम की तरफ बढ़ने लगी। सरकार ने शाहबानो प्रकरण से मायूस हिंदुओं को खुश करने के लिए बाबरी के बंद पड़े ताले 1 फरवरी 1986 को खोल दिए। किसे पता था बाबरी के बंद तालों के भीतर आंदोलन की आग दबी पड़ी थी। अशोक सिंघल के शिलापूजन अभियान ने आंदोलन को घर-घर तक पहुंचा दिया।

आज अशोक सिंघल जीवित होते तो उन्हें कैसा लगता, जिन्होंने अपना पूरा जीवन ही राम मंदिर के लिए संघर्ष करते गुजार दिया और आखिर में यह कहते हुए प्राण त्याग दिए कि राम मंदिर बनते हुए देखना ही मेरी अंतिम इच्छा है!

विश्लेषण • पार्टी का स्टैंड अहम या नेताओं के हित?

राजनीतिक दलों और नेताओं के रिश्तों में खींचतान का दौर

सियासत

अर्घ्य सेनगुप्ता
स्वप्निल त्रिपाठी
विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी में पदाधिकारी

बीते कुछ समय में शिवसेना के 6, तृणमूल के 20 और आप के 7 लोकसभा-राज्यसभा सांसद दूसरी पार्टियों में शामिल हुए हैं। तीनों ही मामलों में संबंधित दलों ने इन विलयों का विरोध किया था। इसके बावजूद, दल-बदल विरोधी कानून के तहत ये वैध माने जाते हैं। इसके पीछे कौन-सा तकनीकी पेंच है? दल-बदल विरोधी कानून को तो एक वास्तविक समस्या से निपटने के लिए बनाया गया था। सांसद और विधायक बार-बार दल बदलकर दूसरी पार्टियों में शामिल हो जाते थे। हरियाणा के विधायक गया लाल ने तो एक ही दिन में तीन बार दल बदले थे। मंत्रिपद या अन्य लाभों के लालच में विधायकों को दल बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता था, जिससे निर्वाचित सरकारें अस्थिर हो जाती थीं। 1967-68 के दौरान ही विभिन्न विधानसभाओं में दल बदलने वाले 210 विधायकों में से 116 को मंत्री बना दिया गया था।

इस पर रोक लगाने के लिए 1985 में संविधान की दसवीं अनुसूची जोड़ी गई। इसके तहत जनप्रतिनिधि जिस दल के टिकट पर निर्वाचित हुए हों, अगर वो उसे छोड़ते हैं, तो उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। इसका उद्देश्य स्पष्ट था- राजनीतिक स्थिरता बनाए रखना और मतदाताओं के जनादेश की रक्षा करना।

हालांकि, इस कानून ने राजनीतिक दलों और चुने हुए प्रतिनिधियों के सम्बंधों की प्रकृति भी बदल दी। दसवीं अनुसूची से पहले विधायकों और सांसदों के पास अपेक्षाकृत अधिक स्वतंत्रता थी। वे अपने विवेक, जनहित या अपने निर्वाचन क्षेत्र की आवश्यकताओं के आधार पर सदन में मतदान कर सकते थे। लेकिन दल-बदल कानून ने शक्ति-संतुलन राजनीतिक दलों के पक्ष में कर दिया। यदि कोई सांसद या विधायक पार्टी-व्हिप का उल्लंघन करता या पार्टी की सदस्यता छोड़ता, तो उसे डिसक्वालिफिकेशन का सामना करना पड़ सकता था। अर्थात् इस कानून के अंदर व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर दलगत अनुशासन को प्राथमिकता दी गई।

परंतु कानून ने कुछ अपवाद भी स्वीकार किए, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण था राजनीतिक दलों का विलय। इस प्रावधान के अनुसार, यदि किसी राजनीतिक दल का किसी अन्य दल में विलय हो जाए और उसे सदन में उस दल के दो-तिहाई सांसदों या विधायकों का समर्थन प्राप्त हो, तो ऐसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को अयोग्यता से संरक्षण मिलेगा। कानून की परिकल्पना यह थी कि विलय की प्रक्रिया में राजनीतिक दल और उसके निर्वाचित प्रतिनिधि- दोनों की भूमिका होगी।

हालांकि समय के साथ न्यायालयों ने इस प्रावधान की ऐसी व्याख्या बनाई, जो दल-बदल कानून के व्यापक उद्देश्य से अलग दिखाई देती है। न्यायालयों ने दो-तिहाई बहुमत की शर्त को ही पर्याप्त मानना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप यदि किसी दल के पर्याप्त संख्या में सांसद या विधायक एक साथ किसी अन्य दल में जाने का निर्णय लेते हैं, तो दसवीं अनुसूची के उद्देश्य से उसे विलय मान लिया जाता है, भले ही मूल दल अस्तित्व में बना रहे और इसका विरोध करे।

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों को महत्त्वपूर्ण माना गया था। इसीलिए यदि कोई सांसद या विधायक अपने दल के विरुद्ध जाता, तो अपनी सदस्यता खो सकता था। किंतु दल-विलय के प्रश्न में राजनीतिक दल की इच्छा को लगभग अप्रासंगिक बना दिया गया है।

उदाहरण के लिए, आम आदमी पार्टी एक स्वतंत्र दल के रूप में मौजूद है, लेकिन उसके दस में से सात राज्यसभा सांसद अब भाजपा के साथ हैं। इसी प्रकार तृणमूल आज भी सक्रिय है और उसने अपने सांसदों के विलय का विरोध किया है। फिर भी वर्तमान कानूनी व्याख्या के अनुसार, यदि आवश्यक संख्या पूरी हो जाती है, तो दल की आपत्ति निर्णायक नहीं रहेगी। यह एक विचित्र विरोधाभास रचता है।

इस तरह के विलयों के राजनीतिक परिणाम गंभीर होते हैं। वे सदन में बहुमत का संतुलन बदल सकते हैं, महत्वपूर्ण विधेयकों पर मतदान को प्रभावित कर सकते हैं और सरकारों की स्थिरता को भी संकट में डाल सकते हैं। यह समस्या छोटे राज्यों और क्षेत्रीय दलों के लिए अधिक गंभीर है, जहां विधायकों की संख्या सीमित होती है। छोटी विधानसभाओं में दो-तिहाई का आंकड़ा पाना आसान होता है। **(ये लेखकों के अपने विचार हैं)**

डिफ्रेंट एंगल • हम घर का कचरा तो बुहार देते हैं, लेकिन बड़े घर यानी पर्यावरण को दूषित क्यों करते हैं?

ये पृथ्वी हमारा बड़ा घर है, अपने घर की तरह इसे भी साफ-सुथरा रखें

क्लाइमेट

प्रो. चेतन सिंह सोलंकी
आईआईटी बॉम्बे के पूर्व प्रोफेसर
chetanss@gmail.com

हमारे दो घर होते हैं- एक छोटा और एक बड़ा।

एक घर तो वह चारदीवारी है, जिसे हम अपना घर मानते हैं। उसमें हमारा सोफा होता है, डाइनिंग टेबल होती है, बिस्तर होता है। हम इस छोटे घर का विशेष ध्यान रखते हैं। उसे साफ रखते हैं और उसे सहेजते हैं, क्योंकि वह हमें सुरक्षा देता है। वह हमें धूल, गर्मी, ठंड, हवा और बारिश से बचाता है।

इसी तरह हमारा एक बड़ा घर भी है, हमारी धरती का वातावरण। यह भी हमें सुरक्षा देता है। यदि यह बड़ा घर न हो, तो सूर्य की किरणें इतनी तीव्र हों कि हम उन्हें सहन न कर सकें। या धरती का तापमान इतना कम हो जाए कि यहां जीवन सम्भव न रहे।

परंतु इसके बावजूद- क्या कारण है कि हम अपने इस बड़े घर का ध्यान नहीं रखते?

यदि पर्यावरण में बहुत अधिक गर्मी हो जाए, बहुत अधिक ठंड पड़ जाए, या बहुत ज्यादा बारिश हो जाए तो उसका असर हम पर पड़ता है। कुल मिलाकर पर्यावरण में जो कुछ भी होता है, उसका प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है। लेकिन हम जो कुछ करते हैं, उसका प्रभाव भी पर्यावरण पर पड़ता है।

वास्तव में, आधुनिक जीवन में मनुष्य का शायद ही कोई ऐसा कार्य है, जिसका पर्यावरण पर प्रभाव न पड़ता हो। और दुर्भाग्य से, हमारे अधिकांश कार्य पर्यावरण को सकारात्मक नहीं, नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

यह पर्यावरण, हमारा यह बड़ा घर, हमें जीवन देता है। यही हमें हवा देता है, पानी देता है, भोजन देता है और जीवन जीने योग्य परिस्थितियां प्रदान करता है। लेकिन बदले में हम इसे क्या देते हैं? हम इसे गंदा करते हैं। इसमें कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य प्रदूषण डालते हैं। जब-जब हम खाना पकाते हैं, ट्रैवल करते हैं, बिजली का उपयोग करते हैं, कुछ खरीदते हैं, तब-तब हम कार्बन डाइऑक्साइड रूपी अदृश्य कचरा पर्यावरण में छोड़ते हैं, जो धरती के तापमान को बढ़ाने का काम करता है।

हम सोचते हैं कि जलवायु परिवर्तन या प्रदूषण फैक्टरियों से होता है। नहीं, यह हमारे रोजमर्रा के जीवन में फैक्टरियों में बनाए सामान के अनियंत्रित उपभोग के कारण होता है।

हम सब रोज ही, या सच कहें तो हर मिनट ही अदृश्य कचरा फेंककर वातावरण रूपी हमारे बड़े घर को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

एक बार मैंने अपने एक व्याख्यान में श्रोताओं से कहा, मैं आप सभी को थोड़ा-थोड़ा कचरा देता हूं। क्या आप इसे अपने घर ले जाकर अपने ही घर में फेंक देंगे? सबने तुरंत मना कर दिया। किसी ने कहा, पत्नी डांटेगी। किसी ने कहा, मां नाराज हो जाएगी। तब मैंने उनसे पूछा, जब हम अपने छोटे-से घर में भी कचरा नहीं फेंक सकते, तो अपने उस बड़े घर में कचरा कैसे फेंक देते हैं, जो हमें जीवन देता है?

आज देश-दुनिया में बेमौसम बारिश हो रही है, ठंडे यूरोप में जानलेवा हीटवेव चल रही है, जंगलों में आग लग रही है। मौसम का जो यह असंतुलन हम देख रहे हैं, वह प्रकृति की प्रतिक्रिया है। यह प्रकृति का हमें यह बताने का तरीका है कि कुछ तो गड़बड़ हो रहा है।

कभी-कभी मैं सोचता हूं कि यदि आप प्रकृति होते, तो शायद आप भी सभी को ऐसी ही सजा देते। आखिर हम उसके घर में कचरा जो फैला रहे हैं, उसके संतुलन को बिगाड़ रहे हैं और फिर भी उम्मीद कर रहे हैं कि सब कुछ सामान्य बना रहे।

जो कचरा हम धरती पर फेंक रहे हैं, उसकी सजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतनी पड़ेगी। यह कटु सत्य हमें होश में लाने के लिए है। हो सकता है इसी से हमारा पर्यावरण सुधार का सही काम चालू हो जाए। और हम सीमित धरती- जिसके संसाधन भी सीमित हैं- पर अपनी जरूरतों को भी सीमित करने की शुरुआत कर दें।

जलवायु सुधार टेक्नोलॉजी या नियम-कानून से शुरू नहीं होता। यह जागरूकता से शुरू होता है। संयम से शुरू होता है। यह हममें से हर एक द्वारा अपने बड़े घर के साथ उसी सम्मान से पेश आने से शुरू होता है, जैसा हम अपने बेडरूम के साथ करते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

बिज़नेस भास्कर

Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ

नई दिल्ली, गुरुवार 2 जुलाई, 2026

बिजनेस ब्रीफ

फास्टैग: सालाना पास कुल टोल ट्रैफिक का अब 19%

नई दिल्ली| फास्टैग का सालाना पास (₹3,075 में 200 ट्रिप्स) जून में कुल टोल ट्रैफिक के 19% तक पहुंच गया। दिसंबर, 2025 में यह 13% था। बीते जून में 44.4 करोड़ में से सालाना 8.4 करोड़ ट्रिप्स पास से हुए। इससे एनएचएआई को ₹700 करोड़ की मासिक आय हुई। नियमित हाईवे यूजर्स को भी फायदा हो रहा है।

मैन्युफैक्चरिंग 3 माह में सबसे धीमी, निर्यात कम

नई दिल्ली| जून में देश का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई के 55 से घटकर 54.2 पर आ गया। एचएसबीसी सर्वे के मुताबिक, कम निर्यात मांग इसकी सबसे बड़ी वजह रही। इससे आउटपुट, नए ऑर्डर और हायरिंग धीमी पड़ गई। इस बीच अंतरराष्ट्रीय मांग सबसे कमजोर रही।

शॉपिंग मॉल्स के दम पर रिटेल लीजिंग 18% बढ़ी

मुंबई| अप्रैल-जून में रिटेल लीजिंग 17.6% बढ़कर 24 लाख वर्ग फुट हो गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें अकेले शॉपिंग मॉल्स की हिस्सेदारी 51.3% रही। 64% रिटेल लीजिंग दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद में हुई। ग्रेड-ए मॉल्स में वैकेंसी 5% रह गई। 82% लीजिंग में घरेलू ब्रांड्स सक्रिय रहे।

माइक्रोसॉफ्ट एक बार फिर 2.5% छंटनी करेगी

न्यूयॉर्क| माइक्रोसॉफ्ट अगले हफ्ते हजारों कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी कर रही है। कंपनी कुल 2.28 लाख कर्मचारियों में से 2.5% को बाहर का रास्ता दिखाएगी। सबसे ज्यादा सेल्स, कंसल्टिंग और एक्सबॉक्स डिवीजन के कर्मचारी प्रभावित होंगे। यह 2025 की बड़ी छंटनी के बाद नई कटौती है।

सेबी ने 221 संस्थाओं पर 7 साल की पाबंदी लगाई

मुंबई| बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को 2017-20 के बीच 5 शेयरों में बड़े पैमाने पर 'पंप-एंड-डंप' करने के लिए 221 संस्थाओं (हनीफ शेख समेत) पर 7 साल तक प्रतिबंध लगा दिया। शेख पर ₹10 करोड़ का जुर्माना लगाया। आरोप है कि शेख ने 143.79 करोड़ की अवैध कमाई की है।

आंत्रप्रेन्योरशिप • अब 20 साल के भारतीय फाउंडर्स बना रहे सैकड़ों करोड़ की कंपनियां, हर 4 में से 1 डीपटेक या हार्डटेक सेक्टर में झंडे गाड़ रहे

देश में 30 से कम उम्र के 102 उद्यमियों ने खड़े किए 2.9 लाख करोड़ के स्टार्टअप्स

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम बदल रहा है। युवा उद्यमी अब सिर्फ एप और इंटरनेट बिजनेस तक सीमित नहीं रहे। ये डीपटेक, हार्डवेयर, एआई और ईवी जैसे हाई-टेक सेक्टर्स में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। 'एवेंडस वेल्थ-हुरून इंडिया अंडर-30 लिस्ट 2026' में 102 युवा उद्यमी शामिल हुए,पिछले साल के 80 के मुकाबले 28% ज्यादा। इनकी कंपनियों की कुल वैल्यू ₹2.9 लाख करोड़ हो गई है। फाउंडर्स की औसत उम्र 28 साल है, जबकि सबसे युवा उद्यमी सिर्फ 20 साल के हैं। लिस्ट में हर चार में से एक उद्यमी डीपटेक या हार्डटेक सेक्टर से जुड़ा है। एआई, स्पेसटेक, साइबर सिक्योरिटी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे सेक्टरों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है।

टॉप-10 ने जुटाए ₹33,000 करोड़, दी 75,000 नौकरियां

30 से कम उम्र के संस्थापकों के टॉप-10 भारतीय स्टार्टअप्स अब तक ₹33,000 करोड़ से ज्यादा पूंजी जुटा चुके हैं। इन कंपनियों में 75,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। सीड-स्टेज कंपनियां पिछले साल की 5 से बढ़कर 13 हो गई हैं।

डीपटेक/स्पेसटेक स्टार्टअप्स की फंडिंग

कंपनी	कुल फंडिंग
पिक्सल	₹914 करोड़
क्लैरिटी	₹857 करोड़
विस्पर एआई	₹771 करोड़
डिजांतरा	₹638 करोड़
स्विश	₹514 करोड़
ट्रायोमिक्स	₹485 करोड़

सबसे ज्यादा फंडिंग इन्हें

जेप्टो ₹21,897

भारतपे ₹6,188

आंकड़े करोड़ में

टॉप-10 संस्थापकों में से 2 सिर्फ 20 के

ओंकार सिंह बत्रा (20) अपोलिंक

ध्रुव शाह (20) सुपरमेमोरी

नमन पुष्प (21) एयरबाउंड

आदित पालीचा (23)

कैवल्य वोहरा (23)

जेप्टो

भास्कर किस्सा

ओंकार सिंह बत्रा

14 की उम्र में सैटेलाइट प्रोजेक्ट, अब ₹400 करोड़ की कंपनी

कोविड के दौरान 14 वर्ष के ओंकार सिंह बत्रा ने ओपन-सोर्स नैनो सैटेलाइट का स्कूल प्रोजेक्ट शुरू कर दिया था। ₹23 लाख के इस प्रोजेक्ट पर काम करते हुए पता चला कि सैटेलाइट को लगातार जोड़े रखने वाली तकनीक की कीमत 3.8 करोड़ है। समझ आया कि छोटे सैटेलाइट्स की बड़ी चुनौती कनेक्टिविटी है। यही चुनौती दूर करने के लिए उन्होंने 427 करोड़ का स्पेस-टेक स्टार्टअप अपोलिंक खड़ा किया।

डीपटेक का दबदबा, हर नई कंपनी ईवी से जुड़ी

हर चार में से एक उद्यमी डीपटेक या हार्डटेक सेक्टर से है। लिस्ट में एआई-मशीन लर्निंग की 6 कंपनियों के 8 फाउंडर्स शामिल हैं। स्पेसटेक, ईवी, एयरोस्पेस-डिफेंस और साइबर सिक्योरिटी भी उभरते सेक्टर हैं। ऑटोमोबाइल-ऑटो कंपोनेंट्स सेगमेंट एक साल में दोगुना से ज्यादा हो गया, और हर नई कंपनी ईवी से जुड़ी है।

23-29 साल की 6 महिला उद्यमी: लिस्ट में 23-29 साल की 6 महिला उद्यमी हैं। प्रॉन्टो की अंजलि सरदाना, कावा एथलीजर की श्रेया व रिया मित्तल, ऑप्ट्रास्कैन की देविका घोलप, स्किलमैटिक्स की देवांशी केजरीवाल और आरएएस लग्जरी स्किनकेयर की सुरम्या जैन। इनमें 4 पहली बार शामिल हुई हैं।

40 संस्थापक गैर-मेट्रो शहरों से: बेंगलुरु ने लिस्ट में टॉप पोजिशन वापस पाई (21 उद्यमी, 14 नए), मुंबई अब दूसरे और गुरुग्राम तीसरे नंबर पर है। लिस्ट के 40 फाउंडर्स गैर-मेट्रो शहरों से हैं।

भास्कर एनालिसिस 10 बड़ी आईटी कंपनियों का मार्केट कैप ₹19 लाख करोड़ घट चुका

जेन एआई आईटी कंपनियों का काम छिन रहा, टॉप-4 शेयर पीक से 57% तक टूटे

भास्कर न्यूज | मुंबई

घरेलू आईटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। ये ट्रेंड अब सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था में उठापटक का नतीजा नहीं रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, यह नई टेक्नोलॉजी जेनरेटिव एआई से पैदा हुए ढांचागत खतरे की कहानी बन चुकी है। इसने दशकों पुराने बिजनेस मॉडल पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भारत के चार सबसे बड़े आईटी शेयर-टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो और एलटीआईमाइंडट्री ऑल-टाइम हाई से 57% तक टूट चुके हैं। 10 प्रमुख आईटी कंपनियों का मार्केट कैप पीक से 19.3 लाख करोड़ रुपए घट चुका है। इस गिरावट की दो बड़ी वजहें हैं- अमेरिका में सख्त होती मौद्रिक नीति और जेनरेटिव एआई से कोडिंग व बैक-ऑफिस काम का ऑटोमेशन। यह आईटी कंपनियों के पारंपरिक बिजनेस मॉडल को सीधी चुनौती दे रहा है। एक्सपर्ट्स अब सिर्फ कमाई में गिरावट नहीं, बल्कि सेक्टर के स्थायी डी-रेटिंग की आशंका जता रहे हैं। यानी हालात नहीं सुधरे तो आईटी शेयर और गिर सकते हैं।

बड़ी आईटी कंपनियां अभी आधे से भी कम वैल्युएशन पर

शेयर	पीक से टूटा	मौजूदा भाव	ऑल-टाइम हाई
टीसीएस	57%	₹1,982	₹4,592
विप्रो	54%	₹170	₹370
एलटीआईमाइंडट्री	53%	₹3,546	₹7,589
इन्फोसिस	51%	₹985	₹2,006

स्रोतः बीएसई

टीसीएसः सबसे बड़ी भारतीय आईटी कंपनी का मार्केट कैप ₹16,47,587 करोड़ के पीक से ₹7,17,177 करोड़ रह गया है, यानी ₹9.3 लाख करोड़ घट गया।

इंफोसिसः इस दिग्गज आईटी कंपनी का मार्केट कैप ₹8,30,325 करोड़ के मुकाबले अब आधे से भी कम सिर्फ ₹3,99,854 करोड़ रह गया।

रिस्क बढ़ाः अब पूंजी क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर, साइबर सिक्योरिटी में शिफ्ट होगी

डीबीएस बैंकः एआई से जुड़ा ढांचागत खतरा बढ़ रहा

- एआई के बढ़ते इस्तेमाल का सबसे गहरा असर भारत के आईटी सोर्सिंग सर्विसेज सेक्टर पर दिख रहा है, जो निर्यात, रोजगार और रिटर्न का मजबूत आधार रहा है।
- जेनरेटिव एआई तेजी से कोडिंग, कस्टमर सपोर्ट और बैक-ऑफिस प्रक्रियाओं को ऑटोमेट कर रहा है। इससे आईटी सर्विसेज कंपनियों का काम छिन रहा है।
- आने वाले समय में पूंजी क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर और साइबर सिक्योरिटी की ओर शिफ्ट होगी। दूसरी तरफ पारंपरिक आउटसोर्सिंग मॉडल दबाव में रहेगा।

आईसीआईसीआई प्रू एएमसीः IT सेक्टर वापसी कर सकता है

- डिजिटल कंटेंट बढ़ने के बावजूद पारंपरिक न्यूज पेपर कंपनियां मुनाफे में रही हैं। ये दिखाता है कि हर बिजनेस हालात के हिसाब से खुद को बदलता है।
- आईटी सेक्टर भी न्यूज पेपर इंडस्ट्री की तरह वापसी कर सकता है। इसमें मौजूदा गिरावट निवेशकों को धारा के विपरीत छोटे दांव लगाने का मौका दे रही है।

कोटक इंस्टी. इक्विटीजः इन्फोसिस की स्थिति बेहतर

- एक्सेंचर के कमजोर नतीजे, वित्त वर्ष 2026-27 में आय वृद्धि घटकर 3-4% रह जाने की आशंका और गिरती बुकिंग्स ने आईटी सेक्टर की मुश्किलें बढ़ाई हैं।
- पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते कंपनियों ने खर्च में कटौती की है। लेकिन इंफोसिस अपने टियर-1 क्लाइंट्स के चलते बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है।

सेंसेक्स 444 अंक चढ़ा, पर आईटी इंडेक्स फिर 2 फीसदी टूटा

सेंसेक्स बुधवार को 444 अंक चढ़कर 76,923 पर और निफ्टी 140 अंको की तेजी के साथ 24,006 पर बंद हुआ। एफएमसीजी, रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में जोरदार खरीदारी देखी गई। निफ्टी में इटर्नल, अदाणी एंटरप्राइजेज और नेस्ले इंडिया टॉप गेनर रहे। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स क्रमशः 0.34% और 0.36% चढ़े। आईटी इंडेक्स करीब 2% टूट गया। हालांकि रियल्टी, एफएमसीजी और ऑटो इंडेक्स बढ़त पर बंद हुए।

चुनौती • रिटेल लोन में गैर-हाउसिंग कर्ज 58% से ज्यादा

देश में परिवारों का कर्ज जीडीपी के 45.5% पर पहुंचा, ये रिकॉर्ड

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश में आम परिवारों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। इस साल मार्च तक भारत का घरेलू कर्ज बढ़कर जीडीपी के 45.5% पर पहुंच गया। परिवारों पर यह कर्ज सितंबर 2023 से ही जीडीपी के 42.9% के 5 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है।

रिजर्व बैंक की ताजा फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक कर्ज बढ़ने की मुख्य वजह नॉन-हाउसिंग रिटेल लोन में आई भारी तेजी है। कुल घरेलू कर्ज में इसकी हिस्सेदारी 58.4% तक पहुंच चुकी है। इस श्रेणी के कर्ज होम, कृषि और बिजनेस लोन के मुकाबले काफी तेजी से बढ़े हैं।

हालांकि, केंद्रीय बैंक ने राहत की बात यह बताई है कि कर्ज लेने वालों की प्रोफाइल पहले से मजबूत हुई है। अब बेहतर क्रेडिट रेटिंग वाले ग्राहकों की संख्या और उनकी बकाया कर्ज राशि में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

...ये राहतः एशियाई देशों में हम पर कर्ज का बोझ चीन, मलेशिया, थाईलैंड से कम

देश	घरेलू कर्ज (जीडीपी का %)
थाईलैंड	87.3%
मलेशिया	69.9%
चीन	59.0%
भारत	45.5%

इस्तेमालः आधा कर्ज सिर्फ खपत के लिए

देश में कुल घरेलू कर्ज का करीब आधा हिस्सा अब भी केवल खपत (कंजम्पशन) से जुड़े उद्देश्यों के लिए लिया जा रहा है। यह घरेलू कर्ज का सबसे बड़ा घटक बना हुआ है। इसके बाद दूसरे नंबर पर उत्पादक (प्रोडक्टिव) कार्यों के लिए लिए गए कर्ज आते हैं। इसके विपरीत, संपत्ति निर्माण (एसेट क्रिएशन) के लिए ली जाने वाली उधारी की रफ्तार तुलनात्मक रूप से काफी धीमी रही है।

ट्रेंडः अब बड़े घरों के लिए लोन का क्रेज

पहले छोटे लोन की डिमांड अधिक थी: मार्च 2014 के दौरान बैंकों के कुल होम लोन में 25 लाख से कम के कर्जों की हिस्सेदारी 60.6% थी।

अब बड़े लोन की हिस्सेदारी बढ़ी: मार्च 2026 तक बैंकों के कुल होम लोन में 50 लाख+ लोन की हिस्सेदारी बढ़कर 44.7% तक पहुंच गई।

होम लोनः वसूल न हो पा रहे कर्ज 7 साल में आधे से ज्यादा घट गए

देश में कर्ज जरूर बढ़ा है, लेकिन लोग समय पर अपना होम लोन चुका रहे हैं। इससे बैंकों का फंसा हुआ पैसा (एनपीए) लगातार कम हो रहा है। मार्च 2019 में बैंकों का हाउसिं लोन का एनपीए (फंसा कर्ज) 1.2% के स्तर पर था। मार्च 2026 तक यह आंकड़ा तेजी से घटकर महज 0.5% पर आ गया, जो बैंकों के लिए राहत की बात है।

उछाल • कारों की रिकॉर्ड बिक्री से ऑटो बाजार चमका

जून में बिकीं रिकॉर्ड चार लाख कारें, 25% उछाल

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

कारों की बिक्री जून में 25% बढ़कर करीब 4 लाख हो गई। पिछले साल जून में यह आंकड़ा 3.22 लाख था।

ऑटो इंडस्ट्री में आई इस तेजी के पीछे तीन बड़े कारण रहे- जीएसटी 2.0, बारह लाख रुपए तक की आय पर टैक्स राहत और आरबीआई द्वारा रेपो रेट में की गई कटौती। से लगातार सपोर्ट मिल रहा है। मारुति सुजुकी इंडिया के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पार्थो बनर्जी के मुताबिक, जून में कुल 4 लाख कारें बिकने का अनुमान है। इसमें 2-3 हजार यूनिट की कमी या बढ़ोतरी संभव है।

बेंचमार्कः मारुति सुजुकी की मासिक बिक्री 1.5 लाख के करीब पहुंची

मारुति सुजुकी ने बीते महीने 1.47 लाख कारें बेचीं। कंपनी ने जून 2025 में 1.19 लाख कारें बेची थीं। सालाना आधार पर बिक्री 24% बढ़ी है। यह कंपनी के इतिहास में किसी भी जून महीने का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

सप्लायर की फैक्ट्री में आग से ह्युंडई पिछड़ी: ह्युंडई मोटर इंडिया की घरेलू बिक्री पिछले महीने घटकर 39,635 यूनिट रह गई। एक सप्लायर के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में आग लगने से उत्पादन अस्थाई रूप से प्रभावित हुआ था। इस हादसे से 13,900 कार प्रोडक्शन का नुकसान हुआ।

उछालः टाटा मोटर्स की बिक्री सबसे ज्यादा 67% बढ़ी

कंपनी	गाड़ियां बिकीं	ग्रोथ
मारुति सुजुकी	1,47,187	24%
महिंद्रा एंड महिंद्रा	60,393	28%
टाटा मोटर्स (पीवी)	62,076	67%
ह्युंडई मोटर इंडिया	39,635	-
टोयोटा किर्लोस्कर मोटर	28,441	8%
जेएसडब्ल्यू एमजी	7,568	30%
किआ इंडिया	24,552	19%
निसान मोटर इंडिया	3006	129%

उलटफेरः जून में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की घरेलू बिक्री में 67% का बड़ा उछाल आया। कंपनी ने कुल 62,076 गाड़ियां बेचीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा की घरेलू बिक्री भी 28% बढ़कर 60,393 यूनिट पर पहुंच गई।

स्मार्ट इंफ्रा • सबसे बड़ा 3-टावर केबल ब्रिज लगभग तैयार

बीजिंग | पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के निंगबो में 1,730 मीटर लंबे योंगजियांग ग्रैंड ब्रिज का निर्माण पूरा होने के करीब है। आखिरी स्टील-कंक्रीट गर्डर जोड़ा जा चुका है। यह तीन-टावर वाला केबल-स्टे पुल अपनी श्रेणी में दुनिया का सबसे बड़ा ब्रिज है। इसके 540 और 570 मीटर लंबे दो मुख्य स्पैन इसे इंजीनियरिंग की नई मिसाल बनाते हैं।

न्यू एसेट • मानसून में देरी से मौसम पर दांव, पहले ही माह 20,000 लॉट की ट्रेडिंग

'वेदर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट' रोजाना 20 करोड़ का

भास्कर न्यूज | मुंबई

मुंबई में इस साल मानसून देर से आया। लेकिन इसी देरी ने देश के पहले 'वेदर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट' यानी मौसम पर दांव लगाने की ट्रेडिंग को रोजाना ₹20 करोड़ तक पहुंचा दी। अब इसमें आम निवेशकों की दिलचस्पी भी बढ़ने लगी है।

नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) पर मई के आखिर में लॉन्च 'रेनमुंबई' कॉन्ट्रैक्ट में पहले ही महीने करीब 20,000 लॉट्स की ट्रेडिंग हुई। जून में शहर में सामान्य से कम बारिश रहने से इस कॉन्ट्रैक्ट में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। यह कॉन्ट्रैक्ट कुल बारिश नहीं, बल्कि मुंबई में वास्तविक बारिश और लंबी अवधि के औसत के बीच के अंतर पर आधारित है। पहले महीने औसतन 1,000 लॉट्स रोजाना ट्रेड हुए, जबकि 15 जून को सबसे ज्यादा 2,039 लॉट्स का कारोबार हुआ। एनसीडीईएक्स का दावा है कि फ्यूचर्स की कीमतों ने बदलते बारिश के पैटर्न का पहले से संकेत दिया और भागीदारी भी हर हफ्ते बढ़ी। एक्सचेंज का मानना है कि मानसून आगे बढ़ने के साथ इस कॉन्ट्रैक्ट में ट्रेडिंग और बढ़ सकती है।

सुविधा • केंद्र ने बदले 1952 के नियम

ईपीएफ से बीमारी-शादी के लिए अब पूरी निकासी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

अब नौकरीपेशा लोग बीमारी, शिक्षा, शादी और घर जैसी जरूरतों के लिए अपने खाते से पात्र राशि (75%) का 100% तक पैसा निकाल सकेंगे। केंद्र सरकार ने पुरानी 1952 की व्यवस्था को बदलकर अब सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत 29 जून से देश में नई ईपीएफ योजना लागू की है।

पहले की जटिलताएं खत्म कर केवल तीन बड़ी श्रेणियां बनाई गई हैं। हालांकि, निकासी के बाद खाते में कुल जमा योगदान का 25% न्यूनतम बैलेंस बचना जरूरी है। यानी कुल फंड के 75% हिस्से को ही पात्रता माना गया है, जिसे जरूरत पर पूरा निकाला जा सकता है। अनिवार्य पीएफ योगदान की दर बिना किसी बदलाव के 12% ही रहेगी, जबकि अधिसूचित श्रेणियों के लिए यह 10% होगी। महामारी या राष्ट्रीय आपदा के समय सरकार इस योगदान को तीन महीने तक टाल या कम कर सकती है। लेनदेन के लिए सदस्यों का आधार, पैन और लिंक बैंक खाता अनिवार्य है। तय वेतन सीमा से अधिक वाले कर्मचारी अनिवार्य ईपीएफ कवरेज से बाहर रहेंगे। दोनों की सहमति पर योगदान सीमा तक सीमित रहेगा या वे स्वेच्छा से अधिक भुगतान कर सकेंगे। नियोक्ताओं के लिए ठेकेदार अनुपालन, ओनरशिप का खुलासा और इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग अनिवार्य है। प्राइवेट पीएफ ट्रस्टों की रिपोर्टिंग की सख्त निगरानी होगी। कंपनियों को 15 दिनों में रिटर्न भरना होगा। छूटे कर्मचारियों के लिए ईईसी 2026, पुराने मुकदमों के लिए विश्वास 2026 और एमनेस्टी 2026 शुरू हुई है।

राजस्व • जून में आए 1.95 लाख करोड़

कुल GST संग्रह 14%, पर आयात से 34% बढ़ा

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश का ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन जून में 13.9% बढ़कर ₹1.95 लाख करोड़ हो गया। विदेशी समान के ज्यादा आयात से मिले टैक्स के कारण कुल कलेक्शन में यह तेजी आई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, रिफंड लौटाने के बाद जून में नेट जीएसटी कलेक्शन 11.2% बढ़कर ₹1.62 लाख करोड़ रहा। हालांकि, देश के भीतर घरेलू टैक्स कलेक्शन की रफ्तार सुस्त रही। यहां से मिलने वाला ग्रॉस जीएसटी सालाना आधार पर केवल 6.5% बढ़कर 1.35 लाख करोड़ रुपए रहा। इसके विपरीत, विदेश से आने वाले सामान (आयात) पर ग्रॉस टैक्स 34.6% उछलकर 60,038 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कुल टैक्स बढ़ोतरी में इसका सबसे बड़ा योगदान रहा। यह आंकड़े देश में मजबूत विदेशी व्यापार को दर्शाते हैं।

सुस्ती • घरेलू नेट जीएसटी सिर्फ 2.6% बढ़ा: रिफंड लौटाने के बाद देश के भीतर मिलने वाला नेट जीएसटी केवल 2.6% बढ़कर ₹1.17 लाख करोड़ रहा। यह दिखाता है कि घरेलू बाजार में व्यापारिक लेनदेन अभी सुस्त है। इसके उलट, विदेशी सामान के आयात पर नेट जीएसटी 42.2% बढ़कर ₹45,370 करोड़ हो गया।

रिफंड • टैक्स रिफंड में 29% की भारी बढ़ोतरी: जून में कुल जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 29.1% बढ़कर 32,436 करोड़ रुपए हो गया। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में घरेलू रिफंड 42.9% बढ़कर 17,767 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। आयात पर चुकाए गए जीएसटी के रिफंड में भी 15.6% की वृद्धि हुई, जो 14,669 करोड़ रुपए रहा।

विदेशी टेक से उभरा चीन अब दरवाजे बंद कर रहा

एजेंसी | बीजिंग

दशकों तक चीन ने पश्चिमी देशों की टेक्नोलॉजी सीखी और बाजार का फायदा उठाकर अपनी क्षमता बढ़ाई। विदेशी कंपनियां पूंजी, टेक्नोलॉजी और विशेषज्ञता लेकर आईं, जिससे चीनी कंपनियां मजबूत हुईं। अब स्थिति उलट है। जुलाई से लागू नए विदेशी निवेश नियमों के तहत चीन अपनी एआई, चिप, इलेक्ट्रिक व्हीकल और ग्रीन टेक को रणनीतिक संपत्ति मानकर सुरक्षित कर रहा है। आउटबाउंड निवेश, टेक ट्रांसफर और क्रॉस-बॉर्डर सहयोग पर सख्त निगरानी लगाई गई है। विदेशी संचालन से चीनी ज्ञान के रिसाव को रोकने पर जोर है। अमेरिका-चीन टेक वॉर के बीच बीजिंग अब 'टेक गेटकीपर' बन गया है।

बिजनेस एंकर 'द इकोनॉमिक्स ऑफ क्लीन एयर' यानी साफ हवा में निवेश अब खर्च नहीं, आर्थिक समृद्धि की राह

देश में वायु प्रदूषण 20% घटे तो ₹20 लाख करोड़, 14 लाख रोजगार

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश में हवा जितनी जहरीली, उतनी ही महंगी भी साबित हो रही है। लेकिन इसे साफ करने में बड़ा मुनाफा छिपा है। 'आईवीसीए क्लीन एयर फोरम 2026' में पेश एक विश्लेषण के मुताबिक, भारत का पीएम2.5 प्रदूषण स्तर करीब 20% घटाकर 2030 तक 220 अरब डॉलर (करीब ₹20 लाख करोड़) का आर्थिक मौका हासिल किया जा सकता है। डालबर्ग एडवाइजर्स के पार्टनर और इंडिया हेड जगजीत सरीन ने यह अनुमान 'द इकोनॉमिक्स ऑफ क्लीन एयर' रिपोर्ट के हवाले से पेश किया है। उनके मुताबिक, यह रकम भारत के जीडीपी के करीब 5.5% के बराबर होगी। यह उत्पादकता बढ़ने, कम स्वास्थ्य खर्च, बिजनेस के नए मौकों, पर्यावरण से जुड़े फायदों से हासिल होगी।

सरीन ने कहा कि अब तक साफ हवा को सिर्फ सार्वजनिक स्वास्थ्य और नियमों के पालन के नजरिए से देखा जाता रहा है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि यह उतना ही बड़ा आर्थिक मौका भी है। उनके मुताबिक, पीएम2.5 में 20% की कमी से उत्पादकता बढ़ेगी और नई वैल्यू चेन बनेंगी। साथ ही इससे 14 लाख नौकरियां भी पैदा हो सकती हैं और सालाना 11.5 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन घटाया जा सकता है। उन्होंने कहा- अब निवेश की बारी है, क्योंकि आंकड़े खुद निवेश के पक्ष में दलीलें गढ़ चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, साफ हवा से मिलने वाले फायदे सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है। बेहतर कार्यक्षमता, कम छुट्टियां और बेहतर सेहत सीधे कामकाजी उत्पादकता बढ़ाएंगे। इसके अलावा असमय मौतों से जुड़ा आर्थिक नुकसान भी कम होगा। इससे क्लीन-एयर टेक्नोलॉजी और सर्विसेज के मामले में नए बाजार खुलेंगे। विश्लेषण में परिवहन और ठोस कचरा प्रबंधन क्षेत्र को सबसे ज्यादा मूल्य सृजन क्षमता वाला बताया गया है। लेकिन इस मौके को भुनाने के लिए भारी निवेश की जरूरत होगी। परिवहन, कृषि, घरेलू ईंधन, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण, निर्माण व सड़क धूल प्रबंधन, बिजली उत्पादन, कचरा प्रबंधन और वायु गुणवत्ता के निगरानी ढांचे जैसे कई क्षेत्रों में एक साथ पूंजी लगानी होगी। प्रजेंटेशन में यह भी कहा गया कि साफ हवा में निवेश को अब सिर्फ खर्च नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और जलवायु, तीनों तरह के फायदे देने वाली ग्रोथ पूंजी के तौर पर देखा जाना चाहिए। निजी पूंजी की ज्यादा भागीदारी, मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, विशेष कौशल विकास और समुदायों की गहरी भागीदारी- इन पांच बातों को इस बदलाव में तेजी लाने वाले अहम फैक्टर बताए गए हैं। आईवीसीए क्लीन एयर फोरम 2026 का मकसद प्रदूषण को सिर्फ पर्यावरणीय चुनौती से हटाकर एक निवेश योग्य आर्थिक मौके के तौर पर पेश करना है।

एयर-टेक सेक्टर सबसे कम निवेश वाला सेगमेंट

भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 16 लाख से ज्यादा मौतें होती हैं। फिर भी एयर-टेक सेक्टर जलवायु से जुड़े निवेश के सबसे कम फंडेड सेगमेंट में शुमार है। फोरम में संस्थागत निवेशकों, डीप-टेक स्टार्टअप्स, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के दिग्गजों ने मिलकर इस बात पर मंथन किया कि कैसे पूंजी की मदद से भारत में स्केलेबल और व्यावसायिक रूप से टिकाऊ वायु गुणवत्ता समाधान की राह निकाली जा सकती है।

40% महिलाएं ब्रांड देखकर चुनती हैं फंड, पर ऐसे पुरुष सिर्फ 28%

भास्कर न्यूज | मुंबई

देश में महिला म्यूचुअल फंड निवेशक अपनी समझ से ज्यादा एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के ब्रांड पर भरोसा करती हैं। मुंबई की फर्म एमिनेंस स्ट्रैट्जी कंसल्टिंग के सर्वे में यह बात सामने आई। 1,100 से ज्यादा निवेशकों पर की गई स्टडी के मुताबिक, 40% महिलाएं 'ब्रांड-लीड' कैटेगरी में रहीं, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा सिर्फ 28% था। सिर्फ 46% महिलाओं ने खुद को प्रोडक्ट की अच्छी समझ वाला बताया, जबकि पुरुषों में यह अनुपात 59% रहा।

स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि फंड मैनेजर की विश्वसनीयता दोनों जेंडर के लिए सबसे अहम है। लेकिन

पुरुषों को रहती है भरोसेमंद फंड मैनेजर की तलाश

पुरुषों में भरोसे की बड़ी वजह फंड मैनेजर की विश्वसनीयता (50%) रही। महिलाओं में फंड मैनेजर की विश्वसनीयता 47% रही, जबकि ब्रांड पहचान और साफ बातचीत दोनों 40-40% पर बराबर रहीं।

महिलाएं साफ बातचीत और ब्रांड पहचान को लगभग बराबर तवज्जो देती हैं। सोशल मीडिया और आस-पास के लोगों की राय का असर भी महिलाओं पर ज्यादा दिखा। बुरी खबर आने पर फंड हाउस बदलने की सोच, दोनों जेंडर में लगभग बराबर है।